आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज * कजरी रतजगा

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 227 | उज्जैन, रविवार 30 अगस्त, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अमेरिका ने वेनेजुएला का 65 अरब बैरल तेल कब्जाया

**वॉशिंगटन डीसी/काराकस।** अमेरिका ने वेनेजुएला के 65 अरब बैरल से ज्यादा तेल भंडार पर कंट्रोल हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। यह आंकड़ा इसलिए भी बड़ा है, क्योंकि अमेरिका के पास खुद करीब 46 अरब बैरल तेल है। भारत से तुलना करें तो देश हर साल करीब 1.6 से 1.7 अरब बैरल कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। इस हिसाब से 65 अरब बैरल तेल भारत के 40 साल के ऑयल इम्पोर्ट के बराबर है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, यह काम वेनेजुएला में काम करने वाली एक निजी कंपनी के साथ मिलकर किया जाएगा। इस साझेदारी से निकलने वाले तेल में अमेरिका को 55% हिस्सा मिलेगा। हालांकि, इस निजी कंपनी का नाम अभी नहीं बताया गया है।

### पीएम मोदी 4 साल बाद सेंट्रल एशिया के दौरे पर रवाना

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी शनिवार सुबह दो देशों के लिए दिल्ली से रवाना हुए। उनका यह चार दिन का दौरा होगा। पहले वे उज्बेकिस्तान जाएंगे फिर किर्गिस्तान का दौरा करेंगे। पीएम चार साल बाद सेंट्रल एशिया के दौरे पर जा रहे हैं। वे किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की 26वीं समिट में भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत कई नेताओं के साथ मुलाकात कर सकते हैं। मोदी 29-30 अगस्त को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में रहेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनका चौथा उज्बेकिस्तान दौरा होगा।

### खोदे गए गड्ढे में गिरा स्वामीनारायण मंदिर का तीन मंजिला हिस्सा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। जॉर्ज टाउन थाना क्षेत्र स्थित स्वामीनारायण मंदिर का तीन मंजिला हिस्सा अचानक भरभराकर निर्माण कार्य के लिए खोदे गए बड़े गड्ढे में जा गिरा। हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि जिस हिस्से में हादसा हुआ, उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था। इससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, स्वामीनारायण मंदिर के पीछे पिछले तीन-चार महीनों से निर्माण कार्य चल रहा था। इसके लिए मंदिर के पीछे काफी गहरा और बड़ा गड्ढा खोदा गया था। लगातार हो रही बारिश के कारण गड्ढे में पानी भर रहा था।

### इमरान हाशमी को हुआ स्वाइन फ्लू




**एच1एन1 टेस्ट आया पॉजिटिव, बेंगलुरु शो कैंसिल, डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी**

**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी स्वाइन फ्लू की चपेट में आ गए हैं। उनकी पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। हाल ही में एन1एच1 का टेस्ट करवाने के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इमरान हाशमी पिछले कुछ दिनों से लगातार ट्रेवल कर रहे थे। वह रांची भी गए थे। उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी। तबीयत ठीक नहीं होने पर उन्होंने एन1एच1 का टेस्ट कराया, जिसकी रिपोर्ट कल पॉजिटिव आई। डॉक्टरों ने इमरान हाशमी को आराम करने और जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। आवारापन 2 की सक्सेस के बीच इमरान हाशमी बेंगलुरु के एक शो का हिस्सा बनने वाले थे, हालांकि स्वाइन फ्लू होने के बाद अब उन्होंने ये शो कैंसिल कर दिया है। इमरान हाशमी ने आधिकारिक सोशल मीडिया से इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, हैलो बेंगलुरु, मैं सच में बहुत बीमार हूं और दुर्भाग्य से बेंगलुरु के शो में नहीं आ पाऊंगा। लेकिन पिक्चर खत्म नहीं हुई है, बस पोस्टपोन हुई है। मैं आप सभी से 12 सितंबर, शनिवार को सनबर्न यूनियन में मिलूंगा।

### नैनो न्यूज

- **नामीबिया** : साउथ अफ्रीका को फिर हराया, ट्राई सीरीज में 18 रन से जीता, ट्रम्पेलमैन-स्मिट को 3-3 विकेट, ब्रेविस के 75 रन काम नहीं आए।
- **मुंबई** : चांदी इस हफ्ते 2,738 रु. सस्ती, 2.44 लाख पर आई, सोना 1,042 रुपये घटकर 1.60 पर आया।
- **मुंबई** : सितंबर में 14 दिन बैंकों में काम नहीं होगा, 4 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 8 दिन बैंक बंद रहेंगे।
- **नई दिल्ली** : एथेनॉल ब्लेंडिंग पर सुप्रीम कोर्ट में 31 अगस्त को सुनवाई, याचिका में मांग- पंपों पर बताया जाए पेट्रोल में कितना एथेनॉल मिला रहे।
- **नई दिल्ली** : सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट में नाम शामिल किए जाने का मामले में 21 सितंबर को होगी अगली सुनवाई।
- **मुंबई** : दूध 100 रु. के पार, थोक भाव 9 रु. बढ़ा, नई कीमत एक सितंबर से लागू, दही-पनीर के दाम भी बढ़ सकते हैं।

गलत ब्रांडिंग और खराब क्वालिटी, 3 मसालों में गड़बड़ी, पैक्ड फूड पर रेड लेबल का प्रस्ताव

# एवेरेस्ट हींग की बिक्री पर एफएसएसएआई की रोक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने एवेरेस्ट हींग की बिक्री पर अस्थायी रोक लगा दी है। प्रोडक्ट के मिसब्रांडेड और सबस्टैंडर्ड यानी घटिया गुणवत्ता पाए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक कंपनी तय फूड सेफ्टी मानकों का पालन नहीं करती।

इसके अलावा, लालजी गोढू हींग की बिक्री पर भी फिलहाल रोक लगा दी गई है और कंपनी को चेतावनी जारी की गई है। एफएसएसएआई की जांच में एवेरेस्ट के तीन अन्य प्रमुख उत्पादों- एग करी मसाला, चिकन मसाला और गरम मसाला भी नियमों का पालन नहीं करते पाए गए। हालांकि, इन तीनों मसालों की बिक्री पर बैन नहीं लगाया गया है।



### ज्यादा शक्कर-तेल वाली खाने-पीने की चीजों पर लगेगी चेतावनी, पैकेट पर लाल रंग का षटकोण बनाया जाएगा

खाने-पीने के किसी पैक सामान में अगर नमक-शकर या सैचुरेटेड फैट की मात्रा लिमिट से ज्यादा हुई तो पैकेट पर षटकोण का लाल निशान होगा। चेतावनी भी लिखी होगी। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यह प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है। इसका मकसद ऐसे फूड आइटम को लेकर लोगों को सावधान करना है। एफएसएसएआई के प्रस्ताव के मुताबिक, यह वार्निंग लेबल लाल रंग



के षटकोण आकार का होगा। इसे पैकेट के सामने लगाया जाएगा। दरअसल, 3एस एंड अवर हेल्थ सोसाइटी नाम के एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर डिब्बा बंद या पैकेट वाले खाने पर अनिवार्य वार्निंग लेबल लगाने की मांग की थी। इस मामले की पिछली सुनवाई (13 अगस्त) के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने एफएसएसएआई को नियमों में देरी के लिए फटकार लगाई थी और पूछा था कि क्या सरकार नहीं चाहती कि उसके लोग स्वस्थ रहें? इसके बाद एफएसएसएआई ने यह हलफनामा पेश किया है।

#### सुप्रीम कोर्ट में एफएसएसएआई का नया प्रस्ताव

**लाल रंग का हेक्सागोनल सिंबल:** एफएसएसएआई ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने पैक्ड फूड्स के लिए पैकेट के फ्रंट में एक नया 'वार्निंग लेबल' लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह चमकीला लाल रंग का हेक्सागोनल सिंबल होगा।

**इन सामानों की होगी पहचान:** यह लाल सिंबल उन प्रोडक्ट्स की पहचान करेगा जिनमें चीनी, नमक या सैचुरेटेड फैट की मात्रा तय सीमा से ज्यादा होगी।

**सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद कदम:** यह प्रस्ताव जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने एफएसएसएआई और सरकार को फ्रंट-ऑफ-पैक वार्निंग लेबल लागू करने में हो रही देरी पर फटकार लगाने के कुछ ही दिनों बाद जमा किया है।

#### क्या होता है 'मिसब्रांडेड' और 'सबस्टैंडर्ड' फूड

- **मिसब्रांडेड:** जब किसी प्रोडक्ट के लेबल पर दी गई जानकारी गलत, भ्रामक होती है या वह एफएसएसएआई के तय मानकों के अनुसार पैकेजिंग पर डिटेल (जैसे न्यूट्रिशन मान, कंटेंट) सही से नहीं छापता।
- **सबस्टैंडर्ड:** जब कोई फूड प्रोडक्ट एफएसएसएआई के तय की गई मिनिमम क्वालिटी स्टैंडर्ड्स को पूरा करने में विफल रहता है, हालांकि वह सेहत के लिए सीधा जहरीला या असुरक्षित न भी हो, लेकिन उसकी क्वालिटी घटिया होती है।
- **इंडस्ट्री में विरोध:** प्रस्तावित नियमों के कुछ पहलुओं पर फूड इंडस्ट्री ने चिंता जताई है। कोका-कोला के अलावा नेस्ले और पेप्सीको का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों ने इन कड़े उपायों का विरोध किया है। दूसरी तरफ, महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन के कमिश्नर तुकाराम मुंडे ने खाद्य कारोबारियों से केवल सरकारी नियमों के पालन तक सीमित न रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कंपनियों को उपभोक्ताओं के प्रति ज्यादा जिम्मेदार और सतर्क बनने की सलाह दी है।

नेपाल में भीषण बाढ़ के दौरान भोटेकोशी इलाके से

## बैंक का लॉकर बहकर कई किमी दूर पहुंचा लोगों ने तोड़कर उसमें रखी नकदी निकाली

### पुलिस ने 29 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में भीषण बाढ़ के दौरान भोटेकोशी इलाके से एक बैंक का लॉकर बहकर कई किलोमीटर दूर पहुंच गया। बाद में धादिंग में मिले इस लॉकर को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने के आरोप में पुलिस ने 29 लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के मुताबिक लॉकर बाढ़ में बहने के बाद बेलखुखोला के पास मिला था। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्थानीय लोगों ने लॉकर तोड़कर उसके अंदर रखा कैश निकाल लिया है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। शुरूआती तलाशी में पुलिस ने हिरासत में लिए गए लोगों के पास से 92.68 लाख नेपाली रुपए यानी करीब 57 लाख रुपए बरामद किए।



पुलिस के मुताबिक, हिरासत में लिए गए ज्यादातर लोग गलछी-4 के मस्तार के रहने वाले हैं। कुछ गलछी-6 के आदमघाट और सिद्धलेक-7 के आदमतार के रहने वाले हैं। वहीं कुछ लोग मूल रूप से चितवन और परसा के हैं और फिलहाल धादिंग में रह रहे हैं। सभी की उम्र 19 से 49 साल के बीच है। पुलिस अब बरामद रकम के स्रोत की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि मामले में और लोग शामिल हैं या नहीं।

#### महिला के शव से बालियां चुराने वाले 2 गिरफ्तार

इसी दौरान नेपाल में बाढ़ से जुड़ी एक और चोरी का मामला सामने आया। नारायणी नदी में बाढ़ के पानी के साथ बहकर आए एक महिला के शव से सोने की बालियां निकालने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की। वीडियो में दो लोग बाढ़ में बहकर आए महिला के शव से कथित तौर पर सोने की बालियां निकालते दिखाई दे रहे हैं।

#### अब तक 626 मौतें 2426 लापता

नेपाल में 26 अगस्त को आई बाढ़ में 626 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2,426 लोग लापता हैं। शुक्रवार रात तक 1,924 लोगों के लापता होने की जानकारी थी। वहीं, 517 विदेशी नागरिक अब भी लापता हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में खोज और बचाव अभियान जारी है।

## छह साल की मासूम का अपहरण कर हत्या

एजेंसी ▶▶ नोएडा

ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के एक गांव नाबालिग का अपहरण कर हत्या करने करने का मामला सामने आया है। आरोपी छह साल की मासूम बच्ची को रक्षाबंधन के दिन उसके घर से बहला फुसला कर के गया। उसके बाद हत्या कर लाश को बोरी में भर कर बाहर ठिकाने लगाया। बच्ची को बोरी में भरकर आरोपी के ले जाने का वीडियो भी सामने आया है। परिजन ने मामले में बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप लगाए हैं। वहीं पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## रिलायंस ने सुभाष चंद्रा के आरोपों को गलत बताया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा की ओर से मीडिया प्लेटफॉर्म्स के गलत इस्तेमाल करने के आरोपों को रिलायंस ने बयान जारी कर गलत बताया है। सुभाष चंद्रा ने आरोप लगाया था कि रिलायंस की ओर से उन पर गलत आरोप लगाते हुए फेक खबरें प्लांट की जा रहीं हैं। इसके जवाब में रिलायंस प्रवक्ता ने कहा कि वह आरोपों से निराश हैं। उनके मीडिया बिजनेस का इस्तेमाल किसी पर हमला करने के लिए नहीं हुआ और न आगे होगा। वह सुभाष चंद्रा का सम्मान करती है। दिवालिया केस को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि कर्ज देने वाले बैंकों को 22,000 करोड़ से अधिक के दावों पर 99.97% का नुकसान (हेयरकट) झेलना पड़ रहा है।

राहुल गांधी ने प्रोजेक्टर पर खड़गे का भाषण दिखाया

## हल्द्वानी में सभा के बाद मंच का शुद्धीकरण हुआ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रोजेक्टर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भाषण दिखाया।

राहुल ने कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में उनके भाषण के बाद मंच का शुद्धीकरण किया गया। प्रधानमंत्री दोषियों पर एक्शन लें। दलितों पर सदियों से अत्याचार हो रहा है। देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई है।



हजारों साल से इस देश में दलितों पर अत्याचार, हिंसा की गई है। संविधान में यह गैरकानूनी है। लेकिन आज भी स्कूल में दलित बच्चों से टॉयलेट साफ कराया जाता है। झाड़ू-पोछा लगवाया जाता है। यह हिंदुस्तान की रियलिटी है। कई गांवों में उन्हें सार्वजनिक कुएं से पानी नहीं लेने दिया जाता, इसलिए अलग कुआं खोदना पड़ता है। चाय की दुकानों पर अलग-अलग कप रखे जाते हैं- दलितों के लिए अलग, बाकी लोगों के लिए अलग।

शादी जैसे खुशी के मौके पर भी दलित दूल्हों को घोड़ी पर बैठने से रोका जाता है। कई बार पत्थरबाजी और मारपीट तक होती है। कुछ लोग सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनकर बारात निकालते हैं। यह सिर्फ गांवों की नहीं, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के कई हिस्सों की हकीकत है।

## एच5एन1 को लेकर बढ़ी चिंता विशेषज्ञों की निगरानी तेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

एवियन इन्फ्लुएंजा एच5एन1 को लेकर दुनिया भर में सतर्कता बढ़ी हुई है। भारत में भी समय-समय पर पक्षियों में संक्रमण के मामले सामने आते रहे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों ने वायरस की निगरानी और संक्रमित पक्षियों के संपर्क से बचाव पर जोर दिया है। एच5एन1 को आमतौर पर बर्ड फ्लू के नाम से जाना जाता है। संक्रमित पक्षियों या उनके दूषित वातावरण के सीधे संपर्क में आने पर इंसानों में संक्रमण का खतरा हो सकता है। हालांकि, मौजूदा स्थिति को देखते हुए इसे लेकर तत्काल मानव महामारी आने की बात कहना सही नहीं होगा। मानव-से-मानव संक्रमण का लगातार और आसानी से फैलना अभी सामान्य स्थिति नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार बीमार या मृत पक्षियों को छूने से बचना, उनके संपर्क में आने पर हाथों की अच्छी तरह सफाई करना तथा मांस और अंडे को अच्छी तरह पकाकर खाना जरूरी है।

ट्रक-पिकअप की टक्कर के बाद दोनों में लगी आग

## ड्राइवर की जिंदा जलने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ झाबुआ

झाबुआ जिले के थांदला के पास दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर ट्रक और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। पिकअप चालक बाहर नहीं निकल सका। जलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, एक ट्रक एक्सप्रेस-वे की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के कुछ ही देर बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।



आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पिकअप चालक बाहर नहीं निकल सका। हादसे में मियाटी निवासी तेरु खिमा भाबर की जलने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली।

दिल्ली से केरल जा रही मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस में मची अचानक हड़कंप

## ट्रेन की पेंट्री का खाना खाने से 20 छात्र बीमार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खंडवा

दिल्ली से केरल जा रही मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस में शुक्रवार रात उस समय अचानक हड़कंप मच गया, जब ट्रेन में सफर कर रहे 15 से 20 स्कूली बच्चों की तबीयत एक के बाद एक बिगड़ने लगी। बच्चों को उल्टी, जी मिचलाने और बेचैनी जैसी शिकायतें होने लगीं। बताया गया कि बच्चों ने कुछ समय पहले ट्रेन की पेंट्री कार से खाना लिया था। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने से फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बच्चे स्कूल के शैक्षणिक टूर से दिल्ली से वापस केरल लौट रहे थे। यात्रा के दौरान इटारसी स्टेशन के बाद कुछ बच्चों ने ट्रेन की पेंट्री कार से खाना लिया था। खाना खाने के कुछ समय बाद बच्चों ने अस्वस्थ महसूस करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे कई बच्चों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत होने लगी। ट्रेन में मौजूद स्कूल स्टाफ और अन्य यात्रियों ने बच्चों की हालत बिगड़ती देख रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद तय किया गया कि ट्रेन के खंडवा पहुंचते ही बच्चों को तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



#### खंडवा में 40 मिनट तक रुकी रही ट्रेन

स्टेशन मास्टर जीएल मीणा के अनुसार, मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस शुक्रवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट पर खंडवा रेलवे स्टेशन पहुंची। बच्चों के बीमार होने की जानकारी पहले ही रेलवे और जिला प्रशासन को मिल चुकी थी, इसलिए स्टेशन पर डॉक्टरों और अधिकारियों की टीम पहले से मौजूद थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही मेडिकल टीम ने प्रभावित बच्चों की जांच शुरू कर दी। डॉक्टरों ने बच्चों की हालत देखते हुए उन्हें जरूरी दवाइयां और प्राथमिक उपचार दिया। इस दौरान ट्रेन करीब 40 मिनट तक खंडवा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### मिलावट का बढ़ता जहर

यूं तो हमारे यहां प्रति दिन ही कोई न कोई पर्व, व्रत, त्यौहार होता है। वैसे भी हम उत्सवधर्मी हैं। पर्व और त्यौहारों के साथ धार्मिक आयोजन श्रृंखलाबद्ध रूप से अगस्त माह से शुरू हो जाते हैं। इन्ही दिनों में हमारे यहां अधिकांश तीज त्यौहार मनाए जाते हैं। इस दौरान खान-पान का दौर जमकर चलता है। यह स्थिति दीपावली तक निरंतरता लिए होती है। इन्हीं दिनों का इंतजार कुछ ऐसे लोगों को भी होता है जो हैं तो सभी के बीच के और धीरे-धीरे हमारे ही शरीरों में जहर घोलने का काम कर रहे हैं और खास यह है कि हमारी ही जेब ढीली भी कर रहे हैं। शहर में मिलावट का जहर जमकर ही घोला जा रहा है। हाल ही के दिनों में खाद्य सुरक्षा के लोगों ने जो कार्रवाई की है उनमें ज्यादातर ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जिन पर आंखें बंद कर हमारे धर्म अनुयायी विश्वास करते हैं और सबसे पहले उनके यहां से ही खरीददारी का प्रयास करते हैं। शहर में मावा, पनीर, दूध, घी, मिठाइयों के बराबर सेंपल लिए जा रहे हैं। इसमें जो कुछ सामने आ रहा है उसे जानकर धर्म अनुयायी कदापि ऐसी खाद्य वस्तुओं का उपयोग नहीं करेंगे। शरीर में धीमी गति से जहर घोलने वाले पदार्थों का उपयोग इनमें किया जा रहा है। स्थानीय को प्राथमिकता देने के बाद भी अगर यह स्थिति आमजन के साथ हो रही है तो इसे सीधे तौर पर धोखा ही कहा जाएगा। विभागीय नियमों के तहत जुर्माना किया जा रहा है और पिछले तीन माह में कुछ प्रकरण न्यायालय में भी लगाए गए हैं। सवाल यह उठ रहा है कि मात्र जुर्माना क्या किसी की सेहत का हर्जाना हो सकता है। क्या किसी मानव के खराब अंगों और उसके जीवन की पूर्ति मिलावट खोर कर पाए हैं। खास तो यह है कि त्यौहार के दौर में इसलिए ऐसा किया जाता है कि ईमानदारी का पर्दा भी चढ़ा रहे हैं और बेईमानी का काम अंजाम भी दिया जा सके। खुसूर-फुसूर है कि समय के बदलाव के साथ मिलावट के जहर की जांच के लिए भी आधुनिक यंत्रों को विकसित किया जाना चाहिए जिससे की मानव शरीर विरोधी खाद्य पदार्थों को तत्काल ही पहचाना जा सके और इसके विक्रेताओं के लिए और कड़े दंडात्मक प्रावधान किए जाने चाहिए। जारी प्रावधानों के बावजूद कतिपय व्यवसायी को कोई डर और भय न तो कार्रवाई का है और न ही जुर्माने का ही है।

## नैनो न्यूज

- **कन्या महाविद्यालय में** मना राष्ट्रीय खेल दिवस, रस्सी कूद में सोनी तो दौड़ में सुमन रहीं प्रथम, छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह, विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित
- **विक्रमादित्य नागरिक सहकारी बैंक चुनाव** : आज होगा मतदान, 12 पदों के लिए 20 प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर
- **मेजर ध्यानचंद** के पुत्र ने माधव विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिया ऑनलाइन प्रेरक संदेश, राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ आयोजन
- **सड़कों पर उतरी** 'महंगाई डायन', कांग्रेस ने गोपाल मंदिर क्षेत्र में बांटी एक चुटकी शक्कर, त्यौहारों पर शक्कर और तेल की बढ़ती कीमतों के विरोध में महाराजवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन
- **माधव विज्ञान महाविद्यालय में** मना राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस, पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. रंगनाथन को 134वीं जयंती पर किया नमन, विद्यार्थियों को किया प्रेरित
- **उज्जैन में गूंजी** मालवा की लोक ध्वनि, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से हुआ 'माचझ का भव्य मंचन
- **पूर्व भव में की गई** अपूर्व साधना से संभव है शाश्वत सुख प्राप्ति का मार्ग, धर्मसभा में वह्निदशा सूत्र आगम पर किया भावपूर्ण प्रवचन

## ट्रेंडिंग




कंठाल चौराहा और सती गेट को मिलेगा हेरिटेज लुक

# राजसी सवारी से पहले तैयार होगा कंठाल से छत्रीचौक मार्ग, 90 फीसदी काम पूरा

- 450 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया
- नगर निगम ने एक बार फिर चुनौती को स्वीकार किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की 7 अगस्त को निकलने वाली राजसी सवारी से पहले कंठाल चौराहा से छत्रीचौक तक का मार्ग पूरी तरह तैयार हो जाएगा। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर नगर निगम ने इस सबसे व्यस्त 450 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण कर 15 मीटर चौड़ा कर दिया है। सड़क का काम 100 फीसदी पूरा हो चुका है और ओवरऑल 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

नगर निगम ने एक बार फिर से चुनौती को स्वीकार किया है। इस बार कंठाल चौराहा से छत्रीचौक तक मार्ग चौडीकरण एवं निर्माण का काम है। इससे पूर्व भगवान श्री महाकाल की सामान्य सवारी मार्ग को लेकर भी चूनौती के रूप में लेकर काम किया गया था और पहली सवारी के पूर्व ही समय सीमा में ही सभी काम पूर्ण किए थे। इस बार राजसी सवारी मार्ग की चुनौती को अंजाम दिया जा रहा है। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। टीम दिन-रात काम में जुटी है। कंठाल चौराहा और सती गेट के सौंदर्यीकरण का बचा काम भी राजसी सवारी से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। कार्य अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अधीक्षण यंत्री आर.के. जैन, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, सब इंजीनियर राजेंद्र रावत की देखरेख में चल रहा है।



### अंडरग्राउंड लाइटिंग कोबल स्टोन से सजेगा मार्ग

कंठाल चौराहा शहर का प्राचीन चौराहा है। यहां पेपर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं और पहली बार अंडरग्राउंड लाइटिंग सिस्टम लगाया गया है। इससे तारों के जाल से मुक्ति मिलेगी। वहीं सती गेट को हेरिटेज स्वरूप दिया जा रहा है। 50 मीटर में कोबल स्टोन लगेगा। गेट पर पुराना पेंट हटाकर एरण पत्थर को मूल स्वरूप में लाया जाएगा और वाटर रिपेलेंट ट्रांसपेरेंट कोटिंग की जाएगी।

### सड़क ही नहीं, नाली-पानी-बिजली भी सुधरी

मार्ग के साथ ही नई बड़ी नाली, पोल शिफ्टिंग और नई पेयजल लाइन डाली गई है। इससे बारिश में जलभराव नहीं होगा और घरों में पानी का प्रेशर भी बढ़ेगा।

**व्यापारियों के सहयोग से संभव हुआ कठिन काम-** यह क्षेत्र शहर का सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र है। बिना व्यापार रोके काम करना बड़ी चुनौती थी। व्यापारियों और नागरिकों के सहयोग से चरणबद्ध काम किया गया। मार्ग चौड़ा होने से यातायात सुगम होगा और व्यापार को भी दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। व्यापारियों ने लंबे समय से इसकी मांग की थी।

महाकाल के दर पर पिछले वर्ष का रिकॉर्ड टूटा, अन्नक्षेत्र में 3.47 लाख ने पाई प्रसादी

# श्रावण में 1.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

### शीघ्र दर्शन से 14.47 करोड़ और लड्डू से 10.49 करोड़ की आय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण माह में बाबा महाकाल की भक्ति का नया आयाम बना। श्री महाकालेश्वर मंदिर में इस बार 1 करोड़ 57 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार भगवान श्री महाकालेश्वर के 1.13 करोड़ और सवारी व नागचंद्रेश्वर दर्शन में 43.75 लाख श्रद्धालु शामिल हुए।

श्रावण मास में बराबर श्रद्धालुओं का इजाफा हुआ है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 65 लाख अधिक श्रद्धालु इस वर्ष पहुंचे हैं। कावड़ यात्रियों का भी सैलाब उमड़ा। 5 लाख से अधिक कावड़िए जल चढ़ाने पहुंचे। 5 सेवा शिविरों में 2.80 लाख कावड़ियों को भोजन प्रसादी दी गई। वहीं अन्नक्षेत्र में 3.47 लाख श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।



- **आय में भी इजाफा-** श्रावण में 5.76 लाख शीघ्र दर्शन टिकट जारी हुए, जिससे 14.47 करोड़ की आय हुई। 2215 क्विंटल लड्डू प्रसादी बिकी, जिससे 10.49 करोड़ रुपए मिले। 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को निःशुल्क चरण पादुका बांटी गईं।
- **52 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं-** शिव अर्धांग थीम पर श्रावण महोत्सव में 17 और संध्या में 35, कुल 52 प्रस्तुतियां हुईं। 350 कलाकारों ने प्रस्तुति दी।
- **10 हजार निःशुल्क चरण पादुका दी-** श्रावण माह में श्रद्धालु सेवा के अंतर्गत 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को निःशुल्क चरण पादुका वितरित की गईं। यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के प्रति मंदिर प्रबंधन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।
- **1.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन-** श्रावण माह में श्री महाकालेश्वर मंदिर में 1,13,25,210 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं, विभिन्न सवारियों एवं श्री नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन लगभग 43,75,000 श्रद्धालुओं ने किए। इस प्रकार श्रावण माह में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 1,57,00,210 रही।

## वार्ड 45, 46 का आयुक्त ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वार्ड क्र. 45 एवं 46 का निरीक्षण कर समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं पेयजल, प्रकाश आदि सेवा का लाभ सभी स्थानीय नागरिकों को प्राप्त हो इसी आधार पर निगम आयुक्त द्वारा संबंधित स्वास्थ अधिकारी, पीएचई अधिकारी, प्रकाश विभाग उद्यान आदि अधिकारियों के साथ देवास रोड के अंतर्गत कॉलोनियों का निरीक्षण किया गया।

## अन्नपूर्णा मुहिम से अनिता दासी को मिला पक्का आशियाना

### महापौर मुकेश टटवाल ने सौंपी मकान की चाबी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/उन्हेल

जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में संचालित कबीर परमेश्वर की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद परिवारों को रोटी, कपड़ा, शिक्षा, चिकित्सा एवं मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का सेवा कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्हेल निवासी अनिता दासी को पक्का मकान बनाकर प्रदान किया गया।

29 अगस्त को मकान निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उज्जैन नगर पालिका निगम के महापौर मुकेश टटवाल ने अनिता दासी को मकान की चाबी सौंपी। इस अवसर पर महापौर ने संत रामपाल जी महाराज द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी एवं सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संत रामपाल जी महाराज गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के साथ-साथ सरकार के प्रयासों में भी सहयोग कर रहे हैं। नशामुक्त समाज, दहेजमुक्त समाज तथा अन्य जनकल्याणकारी अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महापौर ने इन सेवाभावी कार्यों के लिए संत रामपाल जी महाराज का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उन्हेल नगर पालिका अध्यक्ष शांतिलाल हलकारा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदराम दाखड़, जिला सदस्य उज्जैन बालू बंजारा, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष जगदीश दाखड़ एवं मदनलाल राठोड़ सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवादार भक्त बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। पक्का आशियाना मिलने से अनिता दासी के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उक्त जानकारी मीडिया सेवादार भक्त मुकेश दास देवल द्वारा प्रदान की गई।

## विश्व का अनूठा भाई-बहन मंदिर

### जहां संतोषी माता विराजमान हैं लाभ-शुभ के साथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में आस्था और परंपरा से जुड़ा एक अनूठा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिप्रा तट स्थित ग्राम जीवनखेड़ी में डॉ. कैलाश नागवंशी के खेत पर बने इस मंदिर में संतोषी माता अपने भाई लाभ और शुभ के साथ विराजमान हैं।

मंदिर की विशेषता यह है कि यहां संतोषी माता को उनके भाई लाभ और शुभ के साथ पूजा जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह धार्मिक स्थल अपनी अनूठी मान्यता और भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक के रूप में विशेष पहचान रखता है। प्रथम चित्र में संतोषी माता तथा दूसरे चित्र में लाभ और शुभ के दर्शन होते हैं। शिप्रा तट के प्राकृतिक और धार्मिक वातावरण के बीच स्थित यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का एक अलग अनुभव प्रदान करता है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और सुख-समृद्धि की कामना से जुड़ी इस मान्यता के कारण मंदिर की पहचान क्षेत्र में विशेष रूप से बनी हुई है। रक्षाबंधन जैसे पर्व के अवसर पर ऐसे धार्मिक स्थलों का महत्व और भी बढ़ जाता है।



## आयुक्त का निरीक्षण, एक का तबादला, 1 निलंबित, 1 बर्खास्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को वार्ड 45-46 और जोन 4 का औचक निरीक्षण किया। देवास रोड की कॉलोनियों में सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था देखी। स्वास्थ्य, पीएचई, प्रकाश और उद्यान अधिकारियों को मूलभूत सुविधाएं हर घर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन 4 में हाजिरी रजिस्टर चेक किया गया। नामांतरण कार्य में लापरवाही और अनुपस्थित रहने पर सहायक राजस्व अधिकारी कमलजीत संतौरे को निलंबित कर दिया गया। वहीं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आशा बड़ोदिया को अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्त कर दी गई। संपत्तिकर विभाग की रेखा चौहान को स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ किया गया है।


सुख और धन के कारक ग्रह शुक्र सितंबर माह के शुरूआती दिनों में

# 2 सितंबर को शुक्र का तुला राशि में गोचर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सुख और धन के कारक ग्रह शुक्र सितंबर माह के शुरूआती दिनों में अपनी स्वराशि तुला में गोचर करेंगे जिससे मालव्य राजयोग का निर्माण करेंगे जिससे कुछ राशि वालों की आर्थिक स्थिति अच्छी हो सकती है।

ज्योतिष में शुक्र को सुख, वैभव, भोग विलास, विवाह, प्रेम और सौंदर्य आदि के कारक ग्रह माने जाते हैं। शुक्र जब भी राशि परिवर्तन करते हैं तो इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि शुक्र अभी कन्या राशि में मौजूद हैं, जो 2 सितंबर को अपनी स्वराशि तुला में गोचर कर जाएंगे। शुक्र के अपनी स्वराशि तुला में गोचर करने से पंच महापुरुष राजयोग यानी मालव्य राजयोग का निर्माण होगा। जिससे इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने के मिल सकता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र 2 सितंबर 2026 को तुला राशि में प्रवेश करेंगे जो 3 अक्तूबर को वक्री होंगे, इस तरह से शुक्र का गोचर 6 नवंबर तक बना रहेगा। इस दौरान 26 सितंबर को बुध के साछ युति करते हुए लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण करेंगे। आइए जानते हैं शुक्र के तुला राशि में गोचर करने से किन राशि वालों को सबसे ज्यादा लाभ मिलने के योग हैं।



**मेष राशि-** 2 सितंबर को शुक्र के तुला राशि में गोचर करना बहुत ही शुभ और अनुकूल साबित हो सकता है। आपकी राशि में शुक्र का गोचर सप्तम भाव में होगा, जिससे आने वाले कुछ दिनों में आपका जीवनसाथी और बिजनेस पार्टनर संग संबंध बेहतर रहेगा। बिजनेस में लाभ प्राप्ति के अच्छे योग बनेंगे जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। वहीं रिश्तों में नया और एक खूबसूरत मोड़ आ सकता है। व्यापार में कुछ आईडिया आपको ऊंचे मुकाम तक ले जा सकता है। भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला राशि -** तुला राशि वालों के लिए शुक्र का गोचर अच्छा, शुभ और शानदार रहेगा। यहां शुक्र का गोचर आपकी राशि से लग्न भाव में होगा जिससे आपके आत्मविश्वास और नेतृत्व करने की क्षमता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए आने वाला समय बहुत ही अच्छा और शुभ साबित होगा। आय में तेजी से बढ़ोतरी होगी। कार्यस्थल पर आपका कर्मचारियों संग मेल-मिलाप होगा। धन के लेन-देन के मामले में आपको कोई अच्छा फायदा मिल सकता है।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए शुक्र का गोचर अच्छा और लाभकारी हो सकता है। यहां पर शुक्र का गोचर आपकी राशि से दशम भाव में होगा, जो करियर और कार्यक्षेत्र पर रहेगा। काम से सिलसिले में आपको विदेश की यात्रा करने का मौका मिल सकता है। अगर शुक्र के गोचर करने से मकर राशि वालों की आर्थिक स्थिति की बात करें तो आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। पैतृक संपत्ति संबंधी कोआ मामला आपके पक्ष में आ सकता है। सेहत संबंधी योजना का लाभ आपको आने वाले दिनों में मिलेगा।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार 30 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने दोहराया प्रदेश की हर बहन की खुशहाली का संकल्प

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने स्नेह और विश्वास से भरी राखियाँ बांधी। इन राखियों के पवित्र धागों ने जहां भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को सुदृढ़ किया। वहीं प्रदेश की हर बहन के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प को और मजबूत किया। रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप लाडली बहना योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि देने के लिए ग्वालियर की लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्वालियर विमानतल पर तैनात सीआईएसएफ की दो महिला सुरक्षा कर्मियों ने राखियां बांधी।

### 7 दिवसीय श्रीरासलीला समारोह सहित प्रदेशभर में होंगे आयोजन

**इंदौर।** बलराम जयंती 2 सितम्बर 2026 के अवसर पर बलराम कृषि महोत्सव के तहत कृषि संबंधी पारंपरिक कलारुपों की विशेष प्रस्तुतियों के साथ आधुनिक कृषि उपकरण एवं बीज और प्राकृतिक खेती केन्द्रित प्रदर्शनी, सह-संवाद जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितम्बर 2026 को प्रदेशभर में भव्य स्तर पर मनायी जायेगी। जन्माष्टमी बाललीला का पर्व है, इसीलिए बच्चों को विशेष रूप से आयोजनों से जोड़ने के लिए स्कूलों में मटकी प्रतियोगिता, बांसुरी प्रतियोगिता, छोटे बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप में तैयार कर विशेष प्रस्तुति स्कूलों में आयोजित होगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रत्येक जिले में कृष्ण मंदिरों,मठों, देवालयों का विशेष श्रृंगार एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान, मटकी सज्जा प्रतियोगिता, मटकी फोड़ प्रतियोगिता,भजन गायन, झांकी ('कृष्ण जन्म', 'वृंदावन', 'गोवर्धन पूजा' जैसी जीवंत झांकियाँ, दीप-प्रज्ज्वलन एवं सामुहिक आरती जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी।

### संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 10 सितम्बर को

**इंदौर।** उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सुगम संगीत संभागीय प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का आयोजन 06 से 15 सितम्बर, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के अंतर्गत युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता है। इस वर्ष प्रतियोगिता के संभागीय आयोजन अंतर्गत इंदौर संभाग में 10 सितम्बर, 2026 को प्रातः 10 बजे से शासकीय लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय, इंदौर में आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी, जो दो आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर 8 से 15 वर्ष एवं सीनियर 16 से 25 वर्ष के दो आयु वर्ग हैं। आयु निर्धारण की तिथि 01 जनवरी 2026 होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय एवं अकादमी कार्यालय से शासकीय कार्य दिवसों में प्राप्त किये जा सकेंगे।

### नेपाल त्रासदी के मृतकों की शांति के लिए हुआ विशेष हवन



**इंदौर।** तपोनिष्ठ संत श्री श्री 1008 पीठाधीश्वर श्री राजगुरु जी महाराज के सानिध्य में शिवनगर तिल्लौर खुर्द मार्ग स्थित हनुमंत खेड़ापति आश्रम, पिपलिया लोहार में 29 जुलाई से चल रहे सावन महोत्सव एवं अखंड रामायण पाठ का समापन रक्षाबंधन पर्व पर 28 अगस्त को धार्मिक आयोजन के साथ हुआ। समापन अवसर पर दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा, गुरुदीक्षा कार्यक्रम, हवन-पूजन, महाभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव के दौरान आश्रम में प्रतिदिन भगवान महादेव का अभिषेक, विशेष पूजन एवं महाआरती की गई। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था रही, वहीं सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का भी आयोजन किया गया। आश्रम परिसर में अखंड रामायण पाठ लगातार जारी है। धार्मिक आयोजनों के साथ श्रद्धालुओं को नशामुक्ति का संदेश भी दिया गया। समापन अवसर पर नेपाल में हुई त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए विशेष हवन-पूजन किया गया। गुरुवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री राजगुरु जी महाराज ने कहा कि नेपाल में हुई त्रासदी से भारत सहित कई देशों के लोगों को क्षति पहुंची है। ऐसे समय में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करना और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना मानवता का दायित्व है। इसी भावना के साथ आश्रम परिसर में विशेष पूजन एवं हवन किया गया था।

## नैनो न्यूज

- **बालाघाट को 225 करोड़ की सौगात –** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बालाघाट में 100 गांवों के विकास के लिए 225 करोड़ रुपये के कार्यों की घोषणा की।
- **एमपी में भारी बारिश का अलर्ट –** मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।
- **चीनी स्टॉक पर सरकार की सख्ती –** मध्य प्रदेश में 1 सितंबर से थोक विक्रेताओं और बड़े उपभोक्ताओं के चीनी भंडारण पर सीमा लागू होगी।
- **रीवा अस्पताल में मां-बच्चे की मौत –** सी-सेक्शन के बाद महिला और नवजात की मौत के मामले में दो डॉक्टर निलंबित, जांच के आदेश दिए गए।
- **नेपाल में फंसे यात्रियों की चिंता –** विदिशा की महिला समेत मध्य प्रदेश के कुछ यात्रियों से संपर्क टूटने की खबर सामने आई है; परिवार परेशान हैं।
- **अनूपपुर की दो बहनों की सुरक्षित खबर –** नेपाल बाढ़ में फंसी दोनों बहनों ने परिवार को फोन कर सुरक्षित होने और लौटने की जानकारी दी।
- **एमपी में सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन –** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष से सभी विभागों में नियमित रूप से विभागीय पदोन्नति समितियों की बैठक होगी।

इंदौरी दुकान में सोने की चमक के तौल में लफड़ा ,नापतौल विभाग ने किया प्रकरण दर्ज

# तौल में लफड़ा उज्जैन में संभव नहीं ? फिर भी नापतौल विभाग सुस्त!

## उज्जैन के बाजार में भी संभव है इंदौर में हुई धांधली तो फिर विभाग एक्शन मोड पर कब आएगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर के एक बडे ज्वेलर्स शाप में सोने की चमक में तौल का टंटा किया गया है। नापतौल विभाग ने इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। जिस प्रकार से तौल में टंटा किया गया है वैसा लफडा उज्जैन में भी संभव है लेकिन यहां नापतौल विभाग पूरी तरह से सुस्त है। संभवतः उसे विश्वास है कि उज्जैन में ऐसा नहीं हो सकता है।

महाकाल लोक बन जाने के बाद उज्जैन का व्यवसाय भी चल पडा है और यहां भी लोगों की परचेसिंग पावर बढती जा रही है। इसी के चलते उच्चतम दर होने पर भी लोगों ने सोना झचांदी की खरीद अच्छी खासी की है। इंदौर में नामचीन ज्वेलर्स पर ग्राहक की शिकायत पर नापतौल विभाग ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए कांटा जब्त कर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। इसके तहत मामला न्यायालय में प्रकरण पेश करने की तैयारी है। इधर अब तक इस पूरे मामले को लेकर प्रतिष्ठान की और से कोई जवाब सामने नहीं आया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या उज्जैन में ऐसा मामला संभव नहीं है या फिर नापतौल विभाग को पूरा विश्वास है कि उसके रहते उज्जैन में किसी की ऐसा करने की हिम्मत नहीं है।

### ऐसे लगाया जा रहा था ग्राहकों को चूना

मामले की शुरूआत तब हुई जब एक जागरूक ग्राहक जेवरात की खरीदारी के दौरान शोरूम में आभूषणों का वजन करा रहा था। उस दौरान ग्राहक को कांटे के अंकों, ठहराव और तौल की प्रक्रिया पर गंभीर संदेह हुआ। जब ग्राहक ने अपने स्तर पर सवाल खड़े किए और कड़ा ऐतराज जताया, तो शोरूम का स्टाफ संतोषजनक जवाब देने के बजाय टालमटोल और लीपापोती करने लगा। इसके तुरंत बाद ग्राहक ने विधिक मापविज्ञान विभाग को लिखित शिकायत दर्ज करा दी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए नापतौल विभाग के निरीक्षक दल ने तत्काल शोरूम पर छापा मारा और अपने अधिकृत मानक बाट-माप (स्टैंडर्ड रेफरेंस वेट्स) से वजन प्रणाली की गहन पड़ताल की। जांच में वजन कांटे में भारी तकनीकी अनियमितताएं और तय मानकों का गंभीर उल्लंघन उजागर हुआ। विभाग ने मौके पर स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में वैधानिक कार्रवाई करते हुए जप्ती-मेमो तैयार किया।



### 1 मिली ग्राम पर हजारों का फटका

खास तो यह है कि जब सोने के दाम अपने उच्चतम स्तर पर रेकार्ड कायम कर रहे हैं ऐसे में एक मिलीग्राम भी ग्राहक को हजारों का फटका लगा रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि इसकी क्या ग्यारंटी है कि और कहीं और अन्य स्थानों पर ऐसा नहीं हो रहा होगा। उज्जैन में आई परचेसिंग पावर के तहत इस मामले में अच्छी खासी खरीदी होने लगी है। इस घटनाक्रम के होने के बाद भी शहर में अब तक नापतौल विभाग की सक्रियता सामने नहीं आई है। विभाग की टीम ने मौके से 'संसुई' मेक की इलेक्ट्रॉनिक बैलेंस मशीन को जब्त कर लिया। इसके अलावा शोरूम परिसर में नियमानुसार अनिवार्य नापतौल सत्यापन प्रमाण-पत्र भी प्रदर्शित नहीं पाया गया। विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 की धारा 30(1) के तहत तौल में छल-कपट और मध्य प्रदेश विधिक मापविज्ञान नियम 2011 के नियम 13(6) के उल्लंघन पर शोरूम की मैनेजर और प्रतिष्ठान के खिलाफ अपराध क्रमांक 24/2026-27 के तहत दंडनीय प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में परिवाद पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शराबबंदी सिर्फ कागजों पर ? शहर की दुकानें बंद...

# शहर के पहुंच मार्गों पर खुल गए शराब के डिपो

## उज्जैन में शराबबंदी के फैसले पर उठ रहे सवाल, शहर की सीमा खत्म होते ही नजर आती हैं बड़ी-बड़ी दुकानें

### समस्या खत्म होने के बजाय शहर की सीमा से बाहर खिसकती दिख रही शराब की बिक्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन में शराबबंदी का निर्णय निश्चित रूप से धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से बड़ा फैसला माना गया था। नगर निगम सीमा में शराब की दुकानों पर ताले लग गए और शहर के भीतर वर्षों से संचालित दुकानों का अस्तित्व समाप्त हो गया। सरकारी स्तर पर इसे शराबबंदी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। लेकिन अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या शराबबंदी वास्तव में हुई है या शराब की दुकानें सिर्फ शहर की सीमा से बाहर खिसक गई हैं?

जमीनी तस्वीर पर नजर डालें तो स्थिति कुछ अलग दिखाई देती है। उज्जैन शहर का वास्तविक विस्तार कागजों पर निर्धारित नगर निगम सीमा से कहीं आगे तक फैल चुका है। शहर में आने-जाने वाले प्रमुख मार्गों पर आबादी, कॉलोनियां, होटल, ढाबे और व्यावसायिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में शहर की सीमा समाप्त होते ही यदि बड़े आकार की शराब दुकानें संचालित होती हैं, तो आम नागरिक के लिए यह अंतर केवल सरकारी नक्शे तक सीमित रह जाता है।

### शहर के भीतर छोटी दुकानें बंद, बाहर बड़े डिपो जैसे ठिकाने

शहर में पहले जहां छोटी-छोटी शराब दुकानें अलग-अलग इलाकों में दिखाई देती थीं, अब उनके बंद होने के बाद शराब की उपलब्धता पूरी तरह खत्म नहीं हुई। बल्कि आलोचकों का कहना है कि कई प्रमुख पहुंच मार्गों और शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों में बड़े प्रतिष्ठानों के रूप में शराब की बिक्री का केंद्र विकसित हो गया है। अप्रैल 2025 में उज्जैन नगर निगम सीमा में शराब बिक्री पर रोक लागू होने के बाद शहर की 17 शराब दुकानों को बंद किया गया था। उस समय प्रशासन की ओर से बताया गया था कि बंद दुकानों को शहर से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है। यही व्यवस्था अब सबसे बड़ा सवाल खड़ा कर रही है—यदि दुकान शहर से बाहर कर दी गई, लेकिन वह शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्ग पर ही मौजूद है, तो शराबबंदी का सामाजिक उद्देश्य कितना पूरा हुआ?

### पहले ही सामने आ चुकी है सीमा से बाहर की दुकानों की समस्या

शराबबंदी लागू होने के कुछ ही समय बाद उज्जैन की नगर सीमा से बाहर स्थित दुकानों पर भीड़ और खुले में शराब पीने को लेकर विवाद सामने आया था। अप्रैल 2025 में आगर रोड सहित कुछ क्षेत्रों में दुकानों के बाहर बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की खबरें सामने आई थीं। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। यह घटनाक्रम बताता है कि केवल नगर सीमा के भीतर दुकान बंद कर देना पर्याप्त नहीं है। यदि सीमा से लगे क्षेत्रों में शराब की बिक्री और उसके आसपास भीड़ की समस्या पैदा होती है, तो उसका असर शहर की यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक वातावरण और कानून-व्यवस्था पर भी पड़ सकता है।

**सवाल यह नहीं कि दुकान शहर में है या बाहर, सवाल यह है कि शहर पर असर क्या पड़ रहा है?-** प्रशासन के लिए सबसे बड़ा सवाल यही होना चाहिए कि शराब की दुकान भले ही राजस्व या प्रशासनिक रिकॉर्ड में नगर निगम सीमा से बाहर हो, लेकिन क्या उसका संचालन व्यवहारिक रूप से उज्जैन शहर के सामाजिक और सार्वजनिक जीवन को प्रभावित कर रहा है? यदि दुकान शहर के प्रवेश मार्ग पर है, वहां बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचते हैं, सड़क किनारे वाहन खड़े होते हैं, भीड़ जमा होती है और आसपास के लोगों को परेशानी होती है, तो सिर्फ यह कह देना कि ह्यदुकान नगर निगम सीमा से बाहर है समस्या का समाधान नहीं माना जा सकता।

### कागज पर सीमा बाहर, व्यवहार में उज्जैन के दरवाजे पर

उज्जैन को इंदौर, भोपाल, रतलाम, धार, राजस्थान और अन्य क्षेत्रों से जोड़ने वाले कई प्रमुख सड़क मार्ग हैं। जिला प्रशासन की वेबसाइट भी उज्जैन की सड़क कनेक्टिविटी और प्रमुख राजमार्गों का उल्लेख करती है। इन मार्गों पर शहर की सीमा से कुछ दूरी पर शराब की दुकान होने का अर्थ यह है कि शहर में रहने वाला व्यक्ति शराब खरीदने के लिए शहर के दूसरे हिस्से में जाने के बजाय सीधे शहर की सीमा से लगे इलाके तक पहुंच सकता है। यानी शराब की उपलब्धता खत्म नहीं हुई, केवल उसका पता बदल गया।

### शराबबंदी का उद्देश्य था सामाजिक बदलाव, सिर्फ दुकान हटाना नहीं

शराबबंदी का मूल उद्देश्य केवल नगर निगम की सीमा के भीतर शराब की दुकानें बंद करना नहीं माना जा सकता। इसका उद्देश्य शराब की सहज उपलब्धता कम करना, धार्मिक नगरी की गरिमा बनाए रखना और सामाजिक वातावरण को बेहतर करना है। यदि शहर के अंदर दुकान बंद होने के बाद उसी शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों पर बड़े शराब बिक्री केंद्र विकसित हो जाएं, तो स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठेगा कि नीति का वास्तविक लाभ किसे मिला? एक तरफ शहर में शराब की छोटी दुकानों पर ताले हैं, दूसरी तरफ शहर में आने-जाने वाले प्रमुख रास्तों पर बड़े बिक्री केंद्र लोगों को आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। ऐसे में आम नागरिक के मन में यह धारणा बनना स्वाभाविक है कि शराबबंदी हुई नहीं, सिर्फ शराब की दुकान का स्थान बदला है।

**शराबबंदी की सफलता का पैमाना क्या होगा?-** उज्जैन जैसे धार्मिक शहर में शराबबंदी का फैसला केवल सरकारी आदेश की सफलता या असफलता से नहीं मापा जाना चाहिए। इसका असली पैमाना यह होना चाहिए कि क्या शराब की सहज उपलब्धता कम हुई? क्या सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी कम हुई? क्या महिलाओं और आम नागरिकों को राहत मिली? क्या धार्मिक नगरी का वातावरण बदला?

### सरकार और प्रशासन से उठने चाहिए ये सवाल

- क्या शहर की सीमा से लगी शराब दुकानों का व्यापक सर्वे कराया गया है? ■प्रमुख पहुंच मार्गों पर शराब दुकानों की स्थिति और उनके आसपास की भीड़ का आकलन हुआ है? ■क्या इन दुकानों के कारण यातायात या कानून-व्यवस्था संबंधी शिकायतें बढ़ी हैं? ■क्या शहर की वास्तविक आबादी और विकसित क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए शराब दुकानों की लोकेशन की समीक्षा की जाएगी? ■क्या शराबबंदी के सामाजिक उद्देश्य की समीक्षा केवल सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर होगी या जमीनी स्थिति के आधार पर भी? ■क्या शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों में शराब बिक्री के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के लिए कोई अलग व्यवस्था बनाई गई है?

**फिर नीति की समीक्षा जरूरी है-** शहर के भीतर दुकानें बंद कर देना आसान है, लेकिन शहर के चारों ओर बन रहे शराब बिक्री के नए केंद्रों के प्रभाव को रोकना असली चुनौती है। उज्जैन में अब बहस इसी बात पर होनी चाहिए कि शराबबंदी सिर्फ कागज की सीमा तक सीमित रहेगी या उसकी भावना शहर की वास्तविक सीमा तक भी पहुंचेगी? क्योंकि आम नागरिक के लिए उज्जैन वहीं खत्म नहीं होता, जहां सरकारी नक्शे में नगर निगम की सीमा समाप्त होती है। जहां से उज्जैन की आबादी, यातायात और रोजमर्रा का जीवन शुरू होता है, वहीं से शराबबंदी के असर का वास्तविक हिसाब भी होना चाहिए।

# इंदौर में चालान संबंधी शंका का भी किया समाधान

## चालान फर्जी है या वास्तविक? हेल्पलाइन ने दी नागरिक को सही जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात हेतु आमजन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देशन में, यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों की यातायात संबंधी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के त्वरित निराकरण के लिए संचालित इन्दौर ट्रैफिक साथी एप व यातायात हेल्पलाइन लगातार प्रभावी भूमिका निभा रही है। प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी टीमों तक पहुंचाकर तत्काल कार्यवाही कराई जा रही है। यातायात व्हाट्सएप हेल्पलाइन नागरिकों के लिए केवल यातायात जाम या सड़क पर बाधा संबंधी शिकायतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यातायात चालान से जुड़ी शंकाओं के समाधान में भी मददगार साबित हो रही है। दिनाँक 27 अगस्त को एक नागरिक द्वारा वाहन क्रमांक MP09NB9634 के संबंध में शिकायत की गई कि उसके वाहन पर NO DL (बिना लाइसेंस) का गलत चालान किया गया है इस संबंध में सही जानकारी चाही गई।



हेल्पलाइन द्वारा शिकायत को ट्रैफिक टीएमसी शाखा तक पहुंचाया गया। शाखा द्वारा प्रकरण का निराकरण करते हुए नागरिक को स्पष्ट जानकारी दी गई कि उक्त चालान ठड उ्छ का नहीं, बल्कि संकेत उल्लंघन का है। इस प्रकार हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिक को उसके चालान की वास्तविक स्थिति की सही जानकारी प्राप्त हुई और उसकी शंका का समाधान किया गया। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में कई मामलों में मौके पर त्वरित कार्यवाही के सामने खड़ी कार को वाहन मालिक से संपर्क कर हटवाया गया। आई.टी. पार्क से तीन ईमली मार्ग पर टूटे डिवाइडर की सूचना नगर निगम को देकर उसे ठीक कराने की कार्रवाई कराई गई। इसी प्रकार नो-पार्किंग एवं अवैध पार्किंग की शिकायतों पर भी संबंधित टीमों द्वारा कार्रवाई कर वाहन हटवाए गए।

# दूध के दाम पर किसानों का आर-पार का एलान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एक सितंबर से दूध के भाव बढ़ाने की मांग को लेकर दुग्ध उत्पादक किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को सांवेर तहसील के धरमपुरी स्थित विश्वनाथ धाम में दुग्ध उत्पादक संघ की बड़ी बैठक आयोजित हुई। जिसमें किसानों ने दूध के नए बिक्री भाव तय किए और यदि तय मांग के अनुसार भाव नहीं बढ़ाए गए तो आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने तय किया कि तय मांग अनुसार दूध नहीं खरीदा गया तो दूध और सब्जी की सप्लाई रोक दी जाएगी।

दरअसल धरमपुरी में आयोजित बैठक में सांवेर, देपालपुर, महू, कनाड़िया और खुडैल तहसील के करीब पांच सौ किसान शामिल हुए। बैठक में किसानों ने तय किया कि अब भैंस का दूध 70 रुपए प्रति लीटर, गाय का दूध 60 रुपए प्रति लीटर और फैट के आधार पर दूध देने पर 12 रुपए प्रति फैट की दर से भुगतान लिया जाएगा।

किसान दिलीप सिंह और अरविंद सिंह राठौड़ का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल निर्णय नहीं हुआ तो 1 सितंबर को इंदौर कलेक्टर कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### 53 रुपये मिल रहे, लागत हुई 65 रुपये

किसान दिलीप सिंह का कहना है कि वर्तमान में उन्हें करीब 53 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से दूध का भुगतान मिल रहा है, जबकि उत्पादन लागत 65 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुकी है। दूध के केन का परिवहन भाड़ा भी किसानों की जेब से लिया जा रहा है। वर्तमान में भैंस की कीमत डेढ़ लाख रुपये से ऊपर पहुंच गई है। खली 50 रुपये किलो, भूसा एक हजार रुपये क्विंटल और चूरी-चापड़ 30 रुपये किलो तक बिक रहा है। पशुओं के इलाज का खर्च अलग से लगातार बढ़ रहा है।

# सीरिया की महिला डॉक्टर से हुई दोस्ती, 6 लाख गंवाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर। फेसबुक पर अनजान महिला से दोस्ती 70 वर्षीय रिटायर प्राचार्य को भारी पड़ गई। साइबर ठगों ने महिला डॉक्टर बनकर पहले बुजुर्ग से दोस्ती की और फिर महीनों तक बातचीत कर उन्हें भरोसे में लिया। इसके बाद महिला के सीरिया से भारत आने का झांसा दिया गया।

एयरपोर्ट पर कस्टम में सामान फंसने की कहानी सुनाकर ठगों ने कस्टम और आरबीआइ अधिकारी बनकर अलग-अलग शुल्क के नाम पर करीब छह लाख रुपये ऐंठ लिए। शाहीन नगर (मूसाखेड़ी) निवासी 70 वर्षीय डॉ. अयाज कुरैशी (सेवानिवृत्त प्राचार्य) ने ठगी का अहसास होने के बाद आजाद नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ठगों ने फेसबुक पर डॉ. आयशा खान के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाई थी। इसमें खुद को सीरिया की डाक्टर बताया गया। बुजुर्ग से ठगों ने डॉ. आयशा के नाम से लगातार बातचीत की और उनका विश्वास जीत लिया। दोनों ने मोबाइल नंबर साझा कर लिए और वाट्सएप पर भी चैटिंग करने लगे। कुछ समय बाद महिला ने भारत आने की बात कही।

इसके बाद बुजुर्ग को बताया गया कि सीरिया में युद्ध के कारण हालात खराब है और वह दिल्ली (भारत) आना चाहती है। उसने मेडिकल उपकरण और क्लिनिक का सामान भी फ्लाइट से लाने की बात की थी। कुछ समय बाद उसने डॉक्टर से दिल्ली रवाना होने की बात कही। अचानक डॉक्टर अयाज के पास अज्ञात नंबर से कॉल आया और कहा कि वह दिल्ली एयरपोर्ट से कस्टम विभाग से बात कर रहा है। विदेशी सामान जब्त करने की धमकी दी और रुपयों की मांग की।

# एमआर-10 फ्लाईओवर पर मार्किंग-लाइटिंग बाकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर-देवास बायपास पर एमआर-10 फ्लाईओवर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। फिलहाल मांगलिया से बिचौली की ओर एक हिस्से से वाहनों की आवाजाही शुरू है। अगले कुछ दिनों में दूसरा हिस्सा भी खोला जाएगा। एनएचएआइ फ्लाईओवर पर रोड मार्किंग, दिशा-सूचक संकेत और लाइटिंग का काम कर रहा है।

एक तरफ की एप्रोच रोड भी बनाई जा रही है। निर्माण एजेंसी को सितंबर के पहले सप्ताह तक काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव के अनुसार ट्रायल के बाद ट्रैफिक समीक्षा कर दोनों ओर आवाजाही शुरू की जाएगी।

करीब 50 करोड़ की लागत वाले इस फ्लाईओवर का काम अगस्त 2023 में शुरू हुआ था। ट्रैफिक डायवर्शन और तकनीकी दिक्कतों से यह करीब एक साल लेट है। मुख्य निर्माण अक्टूबर 2025 में पूरा हो गया था। 180 मीटर लंबे फ्लाईओवर में छह स्पान पर गर्डर और स्लैब बिछाने का काम भी पूरा है।

### अंडरपास के लिए बंद होगी सर्विस रोड

फ्लाईओवर के पूरी तरह शुरू होने के बाद आठ लेन अंडरपास का काम तेज होगा। सर्विस रोड पर खोदाई और नर्मदा लाइन का कनेक्शन जोड़ा जाना है। इससे विजय नगर, तुलसी नगर और निपानिया में पानी पहुंचेगा। अधिकारियों के मुताबिक फ्लाईओवर पर ट्रैफिक शुरू होने के बाद सर्विस रोड बंद कर मरम्मत होगी, फिर नर्मदा प्राधिकरण पाइपलाइन कनेक्शन करेगा। कनेक्शन में देरी से प्रोजेक्ट पहले ही सात-आठ महीने पिछड़ चुका है।

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
KHANDWA • KHARGOAN • BHURHANPUR • BADWANI


## न्यूज कालम



## 12 पंचायतों को जोड़कर लगाया जन-विश्वास शिविर, 101 आवेदन मिले

**टांडा।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शनिवार को अजित भवन टांडा में शिविर लगाया गया। शिविर में आम्बासोटी, बड़कच्छ, बाकी बाग, बांकी टांडा, बड़दा, चामझर, डोबनी, गेटा, घोर, मगदी और नाहवेल सहित 12 पंचायतों के ग्रामीण समस्या के आवेदन लेकर आए। हालांकि, अपेक्षा के अनुरूप ग्रामीणों की भीड़ कम पहुँची। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, आयुष और राजस्व सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। जनपद सीइओ ने बताया कि विभिन्न विभागों को मिलाकर कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से अधिकतर समस्या का तत्काल निराकरण किया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुक्षी पाटिल आशीष अशोक, जनपद पंचायत बाग के सीईओ विष्णु कुमार गुप्ता, बाग टप्पा तहसील के नायब तहसीलदार कैलाश डामोर, बीआरसी धर्मेंद्र ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता पारस जैन, अवदेश सचान, जड़ाव मंडलोई, भुरू जाली,इंगेश मेहता सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## अधिकारियों ने किया वीरांगना रानी दुर्गावती सीनियर छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण



**टांडा (धार)।** वीरांगना रानी दुर्गावती सीनियर छात्रावास टांडा का शनिवार को अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण दल में एसडीएम कुक्षी आशीष अशोक पाटिल, नायब तहसीलदार बाग कैलाश डामोर, जनपद पंचायत बाग के सीईओ विष्णु गुप्ता, बीईओ बाग डीएस बघेल एवं बीआरसीसी बाग धर्मेन्द्र ठाकुर शामिल रहे।अधिकारियों ने छात्रावास परिसर का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान छात्रावास की बाउंड्रीवॉल के ऊपर तार फेंसिंग करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रावास की अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती संगीता मंडलोई उपस्थित रहीं।

## कलाई पर राखी, बाजार में रौनक, सनावद में दिखा भाई-बहन के प्यार का रंग

**सनावद।** भाई की कलाई पर सजी राखी और बहन के चेहरे पर



मुस्कानज रक्षाबंधन पर शुक्रवार को सनावद में प्यार और अपनापन का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। घरों में जहां बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा और विश्वास की डोर बांधी, वहीं बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की चहल-पहल बनी रही। सुबह से ही राखी और मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बहनें अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां चुनती दिखाई दीं। मोटक्का चौराहा स्थित बालाजी स्वीट्स पर भी रक्षाबंधन की विशेष रौनक रही। मिठाई खरीदने के लिए दिनभर परिवारों की आवाजाही बनी रही और दुकान पर त्योहार की चहल-पहल दिखाई दी। पर्व की खुशियों के बीच त्रिशा शर्मा ने अपने भाई नक्षत्र शर्मा की कलाई पर राखी बांधी। तिलक लगाकर बहन ने भाई की खुशहाली और उज्ज्वल जीवन की कामना की, वहीं नक्षत्र ने उपहार देकर बहन के प्यार का सम्मान किया। रक्षाबंधन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि राखी केवल धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्यार, भरोसे और जीवनभर साथ निभाने का मजबूत बंधन है।

## मनावर में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने विरोध स्वरुप रैली निकाली



**मनावर।**आज मनावर नगर में कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के आव्हान पर देश मे बढ़ती महंगाई व मोदी जी की कूट नीति के कारण आज की स्तिथि बहुत गंभीर है जिसमे आज खाने की सामग्री से ले कर आज देश मे बढ़ती महंगाई में त्राहि त्राहि हो रही है जिससे आम जीवन मे जनता को अपना जीवन व रोज मरा की चीजों पर भारी सामना करना पड़ रहा है। पिछले 12 सालों में भाजपा की ऐसी परिस्तिथि जो देश की जनता को एक चुनोती साबित कर दिया है जिससे देश मे आहाकार मचा हुआ है। गरीब की थाली से निवाला छीन लिया है भाजपा ने जिसके कारण आज मनावर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश जी पाटीदार व नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित जी खटोड़ के नेतृत्व में महंगाई का पूर जोर विरोध किया गया रैली निकाली गई जिसमें संदीप जी अग्रवाल,नारायण जोहरी,हरीश खंडेलवाल,दिलीप पटेल,संग्राम सोलंकी,अदनान सेफी,अरुण गर्ग,जिमि सवनेर,सुनील स्टार,करण सिंह दरबार,रूपेश जोहरी,अनिल मकवाना,दिलीप सिंगार,राकेश जाट,ऋषभ कीमती,अमर सेन,अरशद कुरेशी,लाला मोदी,बुदेला जी,जयदीप शर्मा,विपुल पाटीदार,जितेंद्र मुकाती,मुकेश शिवदे आदि समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्तिथ हुए।।

# हर पात्र व्यक्ति को मिले शासन की योजनाओं का लाभ, शिविर में प्राप्त समस्याओं का होगा निराकरण-कैबिनेट मंत्री श्री चौहान

### मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का चौथा शिविर आयोजित



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के तहत चंद्रशेखर आजाद नगर के कृषि मंडी परिसर में अभियान के चौथे शिविर का आयोजन कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। यदि किसी कारणवश किसी व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है तो वह संबंधित विभाग के अधिकारी से संपर्क कर अपनी समस्या का निराकरण करा सकता है। उन्होंने कहा कि शिविर में किसी समस्या का निराकरण नहीं हो पाता है तो उसे जिला स्तर पर बैठकर हल किया जाएगा। जिला स्तर पर भी समाधान नहीं होने पर संभाग स्तर तथा आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भोपाल स्तर पर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति किसी कारणवश इस शिविर में आवेदन नहीं कर पाया है, वह जिले में आयोजित होने वाले किसी भी मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। मंत्री श्री चौहान ने आजाद नगर क्षेत्र के नागरिकों से कहा कि वार्डों में पेयजल से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपने क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने तथा कमियां पाए जाने पर संबंधित प्राचार्य को अवगत कराने की अपील की। सुधार नहीं होने पर इसकी जानकारी मुख्यालय तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील भी की।

श्री चौहान ने बताया कि जिले में लगभग 9 हजार हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टों का वितरण किया गया है।

उन्होंने किसानों से कहा कि सोसायटियों में खाद्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए वे नियमित रूप से हर माह राशन प्राप्त करें। खाद के लिए फार्मर आईडी बनवाएं, ताकि समय पर खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने जमीन के दस्तावेजों में नाम सुधार एवं संशोधन कराने तथा किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ लेकर कृषि कार्यों में सुधार करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला, पुरुष, बच्चों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने नागरिकों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने कहा कि खनिज संबंधी कार्यों के लिए किसी भी व्यक्ति की जमीन ग्राम पंचायत अथवा संबंधित लोगों की सहमति के बिना अधिग्रहित नहीं की जाएगी।



## गुरु विरजानन्द वैदिक गुरुकुल में मनाया गया संस्कृत दिवस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ इन्दौर

गुरु विरजानन्द वैदिक गुरुकुल, इन्दौर (मध्यप्रदेश) में संस्कृत दिवस श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। डॉ. आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार के सान्निध्य एवं आचार्य प्रणवीर शास्त्री के ब्रह्मत्व में गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने वैदिक यज्ञ किया तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण किए। यज्ञ के मुख्य यजमान श्री दिनेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव थे। संस्कृत दिवस के अवसर पर श्री हरीश शास्त्री (मुम्बई) ने अपने उद्बोधन में कहा, च्संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, अपितु हमारी जीवनशैली है। संस्कृत वाणी देववाणी है और संस्कृत हमारे जीवन का प्राण है। अतः हमें संस्कृत भाषा को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर अनन्या एवं लावण्या ने सभी को राखी बाँधकर रक्षाबन्धन पर्व भी मनाया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों एवं ब्रह्मचारियों ने भोजन-प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में अशोक शास्त्री, राकेश शास्त्री, सावित्री चौहान, शान्ति मनीषा विद्यालंकार, गायत्री सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील कार्यालय एवं बहुद्देशीय सहकारी कृषि साख संस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, प्रसूति वार्ड, लैबोरेटरी सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनकी माताओं से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने परिवार नियोजन के संबंध में समझाइश देते हुए कहा कि परिवार में बच्चों की संख्या सीमित होने से बच्चों की बेहतर परवरिश के साथ उन्हें अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

कलेक्टर ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि महिलाओं एवं बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने एवं दवाओं के वितरण का नियमित रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर दवाएं उपलब्ध हो सकें।

## रक्षाबंधन पर मिलावटखोरों पर शिकंजा, लेकिन देपालपुर अंचल क्यों अछूता?

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर जहां इंदौर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाई, दूध एवं दुग्ध उत्पादों सहित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है, वहीं देपालपुर अनुभाग के देपालपुर, गौतमपुरा, बेटमा और हातोद क्षेत्र इस अभियान से लगभग अछूते नजर आ रहे हैं। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ जाती है।

ऐसे समय में मिलावटी मावा, मिठाई, घी, दूध एवं अन्य खाद्य सामग्री के कारोबार पर प्रभावी निगरानी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद देपालपुर अनुभाग में कार्रवाई का अभाव अब चर्चा का विषय बनता जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिले के अन्य क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच और सैंपलिंग की जा रही है, तो देपालपुर, गौतमपुरा, बेटमा और हातोद के मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कब और किस स्तर पर की जा रही है? क्या इन क्षेत्रों के खाद्य प्रतिष्ठानों में मिलावट की आशंका नहीं है? या फिर विभागीय निगरानी का दायरा यहां अपेक्षाकृत सीमित है? त्योहारी बाजार में बड़ी मात्रा में मिठाई और दुग्ध उत्पादों की बिक्री होती है। ऐसे में विभाग की जिम्मेदारी केवल कार्रवाई करने तक सीमित नहीं, बल्कि प्रिवेंटिव फूड सेफ्टी, सैंपलिंग, निरीक्षण और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

जिले के मुखिया द्वारा खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए जाने के बाद अब निगाहें स्थानीय अमले की कार्यप्रणाली पर हैं। यदि जिले में विशेष अभियान चल रहा है, तो उसका प्रभाव देपालपुर अनुभाग में भी समान रूप से दिखाई देना चाहिए। स्थानीय नागरिकों और उपभोक्ताओं का सवाल है कि क्या देपालपुर अनुभाग के लिए भी कोई विशेष सैंपलिंग प्लान तैयार किया गया है? कितने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण हुआ?

## पूर्व शक्कर डीलर स्व. हीरालाल पटेल को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनावर

जिला धार। ८० गांव पाटीदार समाज के वयोवृद्ध एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी, पूर्व शक्कर डीलर स्व. हीरालाल पटेल की स्मृति में गुरुवार को उनके निज ग्राम पाटीदार समाज धर्मशाला वायल में अन्नदान एवं पगड़ी कार्यक्रम आयोजित किया गया। 16 अगस्त को 96 वर्ष की आयु में उनके निधन के बाद आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक. सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग तथा ग्रामवासी शामिल हुए। सभी ने स्व. पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं समाजसेवा को याद किया। कार्यक्रम में परिवार की ओर से स्व. हीरालालजी पटेल की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं सहित मंदिरों घाट निर्माण और गौशालाओं को दान राशि प्रदान की गई। वहीं ग्राम वायल में वंचित समाज के मांगलिक भवन के निर्माण के लिए दो हजार वर्गफीट भूमि दान करने की घोषणा/पहल भी की गई। परिवार की इस पहल की समाजजनों ने सराहना की।

## रक्षाबंधन पर महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में खण्डवा पुलिस की निर्भया टीम हुई सक्रिय

**खंडवा।** आज रक्षाबंधन के अवसर पर शहर के सभी मुख्य बाजारों एवं अन्य स्थानो पर काफी अधिक संख्या में महिलाओं की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए महिला थाना प्रभारी श्रीमति सुनीता भलराय अपनी महिला थाना की पुलिस टीम एवं अन्य महिला कर्मचारियों के साथ लगातार सक्रिय होकर मुख्य बाजार एवं अन्य क्षेत्रों में भ्रमण कर रही है। इस दौरान टीम द्वारा महिलाओं से बातचीत कर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बाजार में मौजूद पुलिस कर्मियों को सूचित करने हेतु समझाईश दी गई।

## दो बाइक की टक्कर- दंपती सहित दो बच्चे घायल

**मुंदी/खंडवा।** रक्षाबंधन पर्व मनाने अपने घर जा रहे एक परिवार की बाइक को सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार परिवार के दंपती सहित दो बच्चे घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार युवक को भी सिर में चोट आई है। घटना मुंदी थाना क्षेत्र के ग्राम जलवा बुजुर्ग के पास की बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष पिता भगवान उम्र 40 वर्ष, निवासी हतोला, जिला बड़वानी, अपने परिवार के साथ बाइक से बड़वानी से सहेजला रक्षाबंधन पर्व मनाने जा रहे थे। इसी दौरान जलवा बुजुर्ग के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में संतोष, उनकी पत्नी तथा बच्चे रुद्र उम्र 10 वर्ष और जयश्री उम्र 12 वर्ष घायल हो गए।



## निराश्रित मनोरोगियों संग कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**बड़वानी।**आशा ग्राम ट्रस्ट बड़वानी द्वारा संचालित आशा आश्रय गृह में निराश्रित मनोरोगियों के लिए रक्षाबंधनश कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण,बड़वानी कलेक्टर एवं ट्रस्ट अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों ने शिरकत कर मनोरोगियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में महिला जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों ने सहभागिता दर्ज कर संवेदनशीलता का परिचय दिया। बड़वानी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, राजपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शिखा विजय अग्रवाल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती एडवोकेट अंजना पटेल, समाजसेवी श्रीमती नमी चक्रेश जैन तथा श्रीमती अनीता चोयल ने मनोरोगियों को रक्षासूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की। आश्रय गृह के मनोरोगियों द्वारा स्व-हस्तनिर्मित राखियों का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित अतिथियों ने राखी काउंटर से मनोरोगियों द्वारा बनाई राखियां खरीदीं और प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियां व संसाधन भेंट किए।

## बहनों का विश्वास मेरे लिए रक्षा कवच के समान : राष्ट्रीय महामंत्री श्री गजेंद्रसिंह पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री गजेंद्रसिंह पटेल राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त होने के उपरांत शनिवार को बड़वानी स्थित सांसद सेवा केंद्र पहुंचे। यहां स्व-सहायता समूह की बहनों ने आत्मीयता के साथ उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के प्रेम, विश्वास, समर्पण और सामाजिक दायित्व का पवित्र प्रतीक है। भारत एक सनातनी राष्ट्र है और हमारी संस्कृति में बहनों की सुरक्षा एवं सम्मान का संकल्प सदैव सर्वोपरि रहा है।

उन्होंने कहा, आज मेरी बहनों ने जो रक्षा सूत्र मुझे बांधा है, वह केवल एक धागा नहीं, बल्कि उनके विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद का सुरक्षा कवच है। यह रक्षा सूत्र मुझे सदैव बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। श्री पटेल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। लखपति दीदी योजना, स्व-सहायता समूहों के विस्तार तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों ने ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों की बहनों को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है।

उन्होंने कहा कि आज हमारी बहनें केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की मजबूत धुरी बन रही हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यार्थियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**बड़वानी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकेण्डरी स्कूल में विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करने एवं उनमें खेल प्रतिभा विकसित करने के उद्देश्य से विशेष खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय पंजा-कुश्ती खिलाड़ी मनोज पटेल द्वारा विद्यार्थियों को पंजा-कुश्ती का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को पंजा-कुश्ती की विभिन्न तकनीकों, सही अभ्यास पद्धति, शारीरिक फिटनेस, अनुशासन एवं खेल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया तथा मनोज पटेल से पंजा-कुश्ती की बारीकियां सीखीं। मनोज पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में सफलता के लिए नियमित अभ्यास, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने तथा अपने विद्यालय, जिले और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य माधव खंडेलवाल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी खेल प्रतिभाओं को पहचानना व उन्हें उचित मंच प्रदान करना है।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
वाणिज्य शाखा – ई-नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे द्वारा मंडल के दाहोद स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्टॉल (Multi-Purpose Stalls) के आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्नानुसार है: • **कैटलॉग संख्या:** MPS-DHD-26 • **कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के दाहोद स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्टॉल (MPS यूनिट) का आवंटन। • **लॉट संख्या:** MPS-RTM-DHD-MPS-4-25-3 • **अनुबंध अवधि:** 5 वर्ष • **ई-नीलामी की तिथि एवं समय:** 11/09/2026 को प्रातः 11:30 बजे से • **प्रारंभिक कूलिंग-ऑफ अवधि:** 30 मिनट • **अनुक्रमिक लॉट के समापन का अंतराल:** 10 मिनट • **लॉट साइज समापन समय:** IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर उपलब्ध है। CRY/229
Like us on: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
वाणिज्य शाखा – ई-नीलामी सूचना
ई-नीलामी का उद्देश्य: वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर केटरिंग यूनिटों के आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है।कैटलॉग: • **कैटलॉग** IREPS वेबसाइट के **ई-ऑक्शन** मॉड्यूल पर प्रकाशित किया गया है। • **कैटलॉग संख्या:** C45-CTG-RTM-26 • **अनुबंध का प्रकार:** केटरिंग यूनिटलॉट संख्या: 1) Catg-RTM-THDR-GMU-9-23-1 2) Catg-RTM-PPD-GMU-12-23-1 3) Catg-RTM-RAU-GMU-8-23-1 4) Catg-RTM-BMI-GMU-250-25-1 5) Catg-RTM-RJQ-GMU-7-23-1 6) Catg-RTM-FTD-GMU-25-23-1 7) Catg-RTM-MGN-SMU-246-25-1 8) Catg-RTM-THDR-SMU-253-26-1 9) Catg-RTM-RTM-SMU-248-25-1 • **अनुबंध की अवधि:** 5 वर्ष • **ई-नीलामी की तिथि एवं समय:** सभी लॉट के लिए ई-नीलामी 10/09/2026 को प्रातः 11:30 बजे प्रारंभ होगी। • **प्रारंभिक कूलिंग-ऑफ अवधि:** 30 मिनट। • **अनुक्रमिक लॉट के समापन का अंतराल:** 10 मिनट। • **लॉट साइज समापन समय:** IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर देखा जा सकता है। CRY/229A
Like us on: facebook.com/WesternRly

जनसूचना
**मंगोद चौराहा-अमझेरा मार्ग धार पर रोड ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु।**
धार। पश्चिम रेलवे के दाहोद इंदौर नई बड़ी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत मंगोद चौराहा से अमझेरा को जोड़ने वाले राज्य मार्ग क्रमांक-38 (SH-38) पर रेलवे लाइन के क्रॉसिंग के कारण उत्पन्न यातायात बाधा को दूर करने के उद्देश्य से रोड ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण प्रस्तावित है। ROB के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात बाधा समाप्त होगी तथा क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी।
अतः निर्माण क्षेत्र में स्थित सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं, एजेंसियों एवं अन्य हितधारकों से अनुरोध है कि उनके द्वारा स्थापित / स्थित किसी भी प्रकार की परिसंपत्ति (Asset) / Utility, जैसे विद्युत पोल एवं लाइन, पाइपलाइन, केबल, संचार लाइन, संरचनाएं अथवा अन्य उपयोगिताएं, यदि निर्माण क्षेत्र में आती हैं, तो उन्हें तत्काल हटाने/स्थानांतरित करने की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
साथ ही, सभी संबंधितों से अपेक्षा है कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु आवश्यक भूमि एवं कार्यक्षेत्र को अतिक्रमण एवं अन्य अवरोधों से मुक्त कर तत्काल उपलब्ध कराया जाए, ताकि परियोजना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में बिना किसी बाधा के प्रारंभ किया जा सके।
यह ROB दाहोद इंदौर नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजना का महत्वपूर्ण घटक है तथा इसके निर्माण से क्षेत्र में बेहतर सड़क संपर्क, सुरक्षित यातायात एवं सुगम आवागमन को बढ़ावा मिलेगा। सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं एवं हितधारकों का समयबद्ध सहयोग परियोजना के कार्य को शीघ्र प्रारंभ एवं निर्धारित समय में पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध है कि आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें।
उप मुख्य इंजिनियर (नि) इंदौर
प.रे. इंदौर
पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
0530
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करे twitter.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### मकान में मृत मिली वृद्धा परिजनों की तलाश

**उज्जैन।** पिपलीनाका क्षेत्र राजपुरोहित धर्मशाला के पास डेढ़ साल से किराये के मकान में रहने वाली 65 साल की सरसकुंवर पति मानसिंह की शनिवार दोपहर लाश मिलना सामने आया है। आसपास के लोगों की सूचना पर जीवाजीगंज थाना पुलिस पहुंची तो सामने आया कि वृद्धा अकेली रहती थी, मकान मालिक और आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया। पडोसियों ने बताया कि काकी नाम से पुकारते थे, सुबह से दिखाई नहीं दी तो जाकर देखा दरवाजा अटका हुआ था, आवाज लगाने पर काकी नहीं आई तो अंदर देखा, वह मृत पडी थी। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों का पता लगाया जा रहा है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आयेगी, लेकिन प्रतीत हो रहा है कि वृद्धावस्था के चलते सरसकुंवर बाई की सांसे थमी है।

### शराब के साथ हिरासत में आया हिस्ट्रीशिटर बदमाश

**उज्जैन।** महिदपुर स्थित मेला रोड पर अवैध कच्चे शराब के साथ दिखाई दिये बदमाश की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने टीम को धरपकड के लिये रवाना किया। टीम ने घेराबंदी कर जोशी ढाबे के पास से उक्त बदमाश को हिरासत में लिया। जिसके पास से केन में भरी शराब जप्त की गई। बदमाश थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशिटर बदमाश आशिक उर्फ आसीम उर्फ जुनैद उर्फ आसीम स्टील पिता वाहिद 33 साल निवासी बैरजाली महिदपुर होना सामने आया। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश के खिलाफ चोरी, अवैध हथियार, शासकीय कार्य में बाधा, बलवा जैसे 15 मामले महिदपुर, इन्दौर, रतलाम, और राजस्थान में दर्ज है। शराब के साथ गिरफ्त में आने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उपजेल महिदपुर भेजा गया है।

### सीने में दर्द उठने पर बाइक से गिरे वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** बेगमबाग कालोनी में रहने वाले 50 वर्षीय मोहम्मद अशफाक पिता इसाक साइकिल रिपेरिंग का काम करते थे। शुक्रवार-शनिवार रात उनकी बहन की बेटी के यहां चरक अस्पताल में डिलेवरी हुई थी। पुत्र होने पर मोहम्मद अशफाक मिठाई लेकर अस्पताल आ रहे थे। आगररोड पर दरगाह मंडी के पास अचानक चलती बाइक से गिर गये। कार चालक ने घटनाक्रम देखा तो तत्काल चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद दिल का दौरा पड़ने की पुष्टि करने के साथ निधन होना बताया। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। मोबाइल मिलने पर मृतक वृद्ध की पहचान हुई, परिवार के लोग चरक अस्पताल में मौजूद थे, तत्काल पहुंच गये। बताया जा रहा था कि उनका उपचार भी चल रहा था। परिजन पोस्टमार्टम के लिये तैयार नहीं थे, लेकिन चलती बाइक से गिरने पर पुलिस ने परिजनों को समझाईश दी। शनिवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया।

### राजस्थान के बदमाश ने कबूली चोरी की 2 वारदात

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में रहने वाले सौम्यव्रत गुप्ता की जेब से अज्ञात बदमाश मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने यात्री की शिकायत पर मामला जांच में लिया और आरपीएफ टीम के साथ मिलकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, जिसकी तलाश करने पर उक्त संदेही को रेलवे स्टेशन उज्जैन के नागदा साइड आउटर क्षेत्र में घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ करने पर उसका नाम सांवरलाल पिता जगदीश राठौर 35 साल निवासी भीलवाडा राजस्थान सामने आया। उसकी तलाशी लेने पर चोरी किया रियलमी कंपनी का मोबाइल बरामद हो गया। आरोपी की जेब से नगद 5 हजार 500 रूपये भी मिले। जिसके संबंध में पूछताछ की गई तो उसने साबरमती ट्रेन में यात्री की जेब से चुराना स्वीकार कर लिया। 2 ट्रेन यात्रियों के साथ हुई वारदात का खुलासा होने पर आरोपी के खिलाफ चोरी के प्रकरण दर्ज किये गये और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### नरवर के युवक ने ब्यावरा में खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** नरवर के ग्राम बांसखेडी में रहने वाला कुलदीप पिता हेमंतराव 24 साल फर्नीचर बनाने का काम करता था। शुक्रवार को वह मक्सीरोड के ग्राम ब्यावरा गया था, जहां उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर उसने कुछ लोगों को कहा कि घर वालों को खबर कर दो। जानकारी मिलने पर परिजन ब्यावरा पहुंचे और कुलदीप को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां रात में उसकी मौत हो गई। पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जांच और बयान के बाद घटना स्पष्ट हो पायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 168-5 | 145-0 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 470-1 | 788-3 |
| मिलन नाइट | 240-6 | 290-1 |
| मधुर डे | 560-1 | 335-1 |
| मधुर नाइट | 250-7 | 369-8 |
| शुभांक | 3 6 | 1 |

# सवारी में वारदात करने महाराष्ट्र से आता था बदमाश

## 55.60 ग्राम की 4 चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद, सोमवार को हुई थी 9 वारदात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की चौथी सवारी में महिला श्रद्धालुओं के गले से चेन और मंगलसूत्र चोरी करने वाला महाराष्ट्र का बदमाश शनिवार को पुलिस की हिरासत में आ गया। क्राइम टीम और महाकाल थाना पुलिस की टीम ने बदमाश के पास से 55.60 ग्राम वजन की 4 चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद किये गये है।

सवान माह की शुरूआत होने के बाद प्रति सोमवार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले रहे है। बाबा की सवारी में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे रहे है। आस्था की भीड में बदमाश भी सक्रिय थे, चौथी सवारी 24 अगस्त को निकाली गई, इस दौरान महाकाल थाना क्षेत्र के सवारी मार्ग पर 9 महिला श्रद्धालुओं के साथ चेन और मंगलसूत्र चोरी होने के मामले सामने आये थे। महाकाल थाना पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिये क्राइम टीम के साथ पडताल शुरू की थी। क्राइम टीम से प्रधान आरक्षक इंद्र विक्रमसिंह (बंटी), महाकाल थाना प्रधान आरक्षक शैलेष योगी और गोपाल सुरावत ने कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किया और 4 दिनों की मशक्कत के बाद नृसिंह घाट क्षेत्र से बेग लेकर घूम रहे संदिग्ध को हिरासत में लिया। जो महाराष्ट्र के जामखेर का रहने वाला विशाल पिता राजू गायकवा? 24 साल था। उससे सख्ती के साथ पूछताछ शुरू की गई और बेग की तलाशी गई तो उसमें से 4 सोने की चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद हो गये। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने सवारी के दौरान महिला श्रद्धालुओं के गले से चोरी की थी। पुलिस ने उसके साथियों का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन सामने आया कि वह अकेला वारदात को अंजाम देता था और सोमवार को निकलने वाली सवारी से 2 दिन पहले उज्जैन आता था, वारदात के बाद वापस महाराष्ट्र भाग निकलता था। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सवारी में चेन चोरी करने वाले बदमाश से बरामद 4 चेन और 2 मंगलसूत्र 55.60 ग्राम है जिसकी कीमत 10 लाख से अधिक पाई गई है।

आरोपी से सवारी में हुई चोरियों का खुलासा होने पर प्रकरण दर्ज कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



### पहली सवारी में धराई थी मनासा की महिला

सावन माह की पहली सवारी 3 अगस्त को निकाली गई थी। इस दौरान महाकाल थाना क्षेत्र के हरसिद्धी मंदिर क्षेत्र से चार महिलाओं के गले से चेन चोरी होना सामने आया था। उस वक्त मनासा के ग्राम हाडी पिपलिया में रहने वाली महिला अमरी पति सुरेश बाछडा को पकडा गया था। जिसके पास से चोरी का पेंडल बरामद हुआ था। वारदात के बाद उसने चेन अपनी महिला साथी को दे दी थी। जिसका पता नहीं चल पाया था। अब भी पहली सवारी से लेकर चौथी सवारी में हुई वारदातों में कुछ का सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के लिये सबसे बडी चुनौती बाहर से आने वाली गैंग है, जो आस्था की भीड के साथ आती है और वारदात करने के बाद वापस लौट जाती है।

# धनुष द्वार के पास मंदिर सफाईकर्मी को मारे चाकू

## गोगादेव छडी जुलूस में शामिल थे चार से पांच हमलावर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात 10.30 बजे के लगभग महाकाल लोक धनुष द्वार के पास मंदिर सफाईकर्मी पर चार से पांच युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। महाकाल लोक सुरक्षाकर्मी मंदिर समिति की एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। सफाईकर्मी को हाथ पर चाकू के गहरे घाव लगे है।

रंजीत हनुमान नागतलाई में रहने वाला उमेश पिता रमेश टटवाल 30 साल महाकाल मंदिर केएसएस कंपनी में सफाईकर्मी है। दिन में वह रिक्शा चलाता है और रात में महाकल लोक सफाई का काम करता है। रात 10.30 बजे वह जयसिंहपुरा से होता हुआ रिक्शा लेकर धनुष द्वार पहुंचा था, जहां से अंदर महाकाल लोक के लिये जा रहा था, जहां से गोगादेव छडी का जुलूस लेकर वाल्मिकी समाज के युवा गुजर रहे थे। बीच रास्ते में युवकों के चलने पर उमेश ने रास्ता देने की बात कहीं तो 4 से 5 युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। उमेश ने कारण पूछताछ तो उसकी रिक्शा पलटा दी और चाकू से हमला कर दिया, हाथ पर चाकू के गहरे घाव लगने पर उमेश लहूलुहान हो गया। खबर मिलते ही महाकाल लोक के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। चाकू मारने वाले भाग निकले थे, मंदिर की एम्बुलेंस से घायल सफाईकर्मी को चरक अस्पताल लाया गया। चाकूबाजी की खबर मिलते ही महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल, एसआई चंद्रभानसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार अस्पताल पहुंच गये थे। घायल का आपरेशन थियेटर में उपचार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल के बयान दर्ज कर चाकूबाजी का मामला दर्ज किया जायेगा। हमला करने वाले अज्ञात है, जिनका पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है।




### लापरवाही पर सख्ती, रेक मेंटेनेंस में होगी वीडियोग्राफी

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने कोचिंग डिपो इंदौर और डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में ट्रेनों के रेक मेंटेनेंस को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। हाल ही में ट्रेन में यात्री को चूहे के काटने की घटना के बाद पेस्ट और रोडेंट कंट्रोल पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए पेस्ट कंट्रोल के जिम्मेदार सीनियर सेक्शन इंजीनियर को निलंबित कर दिया है, जबकि संबंधित ठेकेदार फर्म पर 10 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। प्राइमरी मेंटेनेंस में पेस्ट कंट्रोल हर 15 दिन और रोडेंट कंट्रोल हर ट्रिप से पहले किया जाता है। अब इसकी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दी गई है ताकि रिकॉर्ड रहे।

# चोरी की जूपिटर गाड़ी पर घूमता मिला गुड्डू घासलेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सुविधा गैस एजेंसी से चोरी हुई जूपिटर से गुड्डू घासलेट घूमने निकला था। पुलिस को सूचना मिली तो घेराबंदी कर उसे पकडा गया। जूपिटर बरामद होने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने वाहन चोरी का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा है।

नलियाबाखल में रहने वाले बुजुर्ग संतोष प्रजापत 5 दिन पहले दो तालाब क्षेत्र स्थित सुविधा गैस एजेंसी पहुंचे थे। उस दौरान दिनदहाडे अज्ञात बदमाश ने उनकी जूपिटर चोरी कर ली थी। संतोष प्रजापत ने मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने थाना टीम को बदमाश का पता लगाने के लिये अलर्ट किया था। शुक्रवार रात आरक्षक लोकेश प्रजापति को मुखबीर से खबर मिली कि चोरी की जूपिटर पर गुड्डू घासलेट घूम रहा है। आरक्षक लोकेश ने प्रधान आरक्षक देवेन्द्रसिंह बुंदेला और आरक्षक देवेन्द्र ओझा के साथ थाना क्षेत्र के सामुदायिक हाटबाजार के पास घेराबंदी कर उसे पकड लिया। प्रधान आरक्षक बुंदेला ने बताया कि आरोपी गुड्डू घायलेट उर्फ विनोद पिता बाबूलाल शर्मा नलियाबाखल क्षेत्र का रहने वाला है। उसके फुटेज भी सामने आये थे। वाहन चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ करने पर कोई सुराग नहीं मिलने पर शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# एलिवेटर ब्रिज के गड्ढे से बिगड़ा संतुलन, युवक की मौत

## महाकाल शिखर दर्शन करने जा रहा था दोस्त के साथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



इंदौरगेट से हरिफाटक ब्रिज के बीच शुक्रवार-शनिवार रात दोस्त के साथ महाकाल शिखर दर्शन करने जा रहे युवक की हादसे में मौत हो गई। एलिवेटर ब्रिज के लिये खोदे गये गड्ढे से संतुलन बिगड़ने पर बाइक डिवाइडर से टकराई थी।

देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि इंदौरगेट से कुछ दूर आगे हरिफाटक ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर हुये सड़क हादसे में 2 युवकों को चरक अस्पताल लोगों की मदद से भेजा गया था। एक युवक की मौत हो चुकी थी, दूसरा घायल था। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची तो मृतक का नाम राजेन्द्र पिता नन्नूलाल शर्मा 37 साल बुधवारिया स्टेट बैंक की गली मूल निवासी भोपाल सामने आया। घायल का नाम रौनक पिता रतनसिंह निवासी जीवाजीगंज क्षेत्र था। घायल से पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों महाकाल शिखर दर्शन करने जा रहे थे। एलिवेटर ब्रिज के लिये खोदे गये गड्ढे की वजह से बाइक का संतुलन बिगड़ा और डिवाइडर से टकरा गये। मृतक हम्माली का काम करता था और उज्जैन में किराये से रहता था। एएसआई रामेश्वर धानक ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। भोपाल से माता-पिता उज्जैन पहुंच गये थे, लेकिन भाई गुजरात में होने की वजह से देर शाम तक नहीं आया था। जिसके चलते पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। भाई के आने पर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। माता-पिता ने उज्जैन में अंतिम संस्कार की बात कही है। मृतक राजेन्द्र अविवाहिता था और करीब 15 सालों से उज्जैन में काम कर रहा था।

# हार्न बजाने पर हत्या करने वालों की सुनाई दी चीख

## अग्रवाल समाज ने घेरा था माधवनगर थाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दमदमा में गुरूवार-शुक्रवार रात ट्रेक्टर शोरूम संचालक की हत्या करने वाले 4 आरोपियों की शनिवार दोपहर दमदमा में उसी स्थान पर चीखे सुनाई दी, जहां चाकू मारकर हत्या की गई थी। चारों को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले ट्रेक्टर शोरूम संचालक यश पिता विजय नारायण मित्तल 27 साल की दमदमा में रात 2 बजे कार का हार्न बजाकर साइड मांगने पर रास्ते में बाइक लेकर खड़े 7-8 युवकों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने यश मित्तल के दोस्तों पर भी चाकू पत्थर से हमला किया था। साइड मांगने पर हमला करने वालों ने धमकी भरे अंदाज में कहा था कि यह दमदमा है, यहां हमारे बारे में पता कर लेना कि हम कौन है।



माधवनगर पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित किया था, जो दमदमा के रहने वाले आयुष शर्मा, विजयसिंह ठाकुर, विशाल ठाकुर, सेंटू, आकाश रायकवार, करण और सागर के साथ अन्य सामने आये थे।

शुक्रवार देर शाम पुलिस ने विजयसिंह ठाकुर, करण गाठिया, विशाल ठाकुर और सागर तनोरिया को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार दोपहर चारों को घटनास्थल की तस्दीक के लिये दमदमा ले जाया गया, जहां जिस धमकी भरे अंदाज में उन्होने अपने बारे में पता करने के लिये कहा था उसी अंदाज में पुलिस ने उन्हे कानून के डंडे का खौफ दिया। चारों की दर्द से कराहते हुये चिखे सुनाई देने लगी। दमदमा से चारों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि फरार आकाश, आयुष, सेंटू और अन्य की तलाश जारी है। जल्द उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एक टीम उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### मामूली बात पर हत्या, सख्त कार्रवाई की मांग

ट्रेक्टर शोरूम संचालक की हत्या को लेकर शनिवार को अग्रवाल पंचायत न्यास और समाजजनों ने माधवनगर थाने का घेराव किया, 4 से 5 दर्जन की संख्या में एकत्रित समाजजनों का कहना था कि मामूली बात पर हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाये और सख्त कार्रवाई की जाये। समाजजनों ने सीएसपी शिंदे को सख्त कार्रवाई के लिये पत्र सौंपा।

# हूटर लगी कार से 7 बदमाश करते थे अवैध काम

## पूछताछ में कबूला पवन उर्जा केबल चोरी का राज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हूटर लगी कार से अवैध शराब ठिकाने लगाने का काम कर रहे बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा गया तो उनसे पवन ऊर्जा केबल चोरी का सुराग मिल गया। 7 बदमाशों की निशानदेही पर 25 लाख की केबल जप्त की गई है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 26 अगस्त की रात हुटर लगी हुंडई कार क्रमांक एमपी 13 झेडपी 2693 से अवैध शराब का परिवहन होने की खबर मिलने पर खाचरौद-भाटपचलाना आम मार्ग पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान घेराबंदी कर उक्त हूटर लगी कार को पकड़ा गया। जिसमें विरेन्द्र पिता धारासिंह डाबी, मंगल पिता भोमसिंह डाबी, कन्हैयालाल पिता लालसिंह सोलंकी, विजय पिता सावंतसिंह राजपूत, महेश पिता रामकिशन निवासी ग्राम लिम्बास और भोला उर्फ भोलाराम पिता महेन्द्रसिंह सिसौदिया ग्राम रूद्रखेडा महिदपुर सवार थे। 6 युवकों को हिरासत में लिया गया और कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 70 लीटर जहरीली शराब की केन बरामद हो गई। सभी युवकों को थाने लाया गया और पूछताछ शुरू की गई। कार विरेन्द्र डाबी के नाम होना सामने आई, वहीं पता चला कि कुछ दिनों पहले ग्राम लिम्बास के पहाडियों क्षेत्र में लगी पवन चक्कियों के जनरेटर से ऊर्जा पैनल तक लगी केबल चोरी के दौरान भी संदिग्ध कार दिखाई दी थी। थाना प्रभारी ने शराब के साथ हिरासत में युवकों से केबल चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ शुरू की तो उन्होने अपने साथी लोकेन्द्र पिता भीमसिंह निवासी ग्राम लिम्बास के साथ केबल चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस टीम ने लोकेन्द्र को हिरासत में लेने के लिये दबिश दी और उसे भी गिरफ्तार कर सातों आरोपियों की निशानदेही पर 25 लाख कीमत की 1254 मीटर तांबे की केबल के साथ ग्राइंडर कटर और औजार बरामद कर लिये। थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि पवन चक्की से केबल चोरी की शिकायत पूर्व में स्टेट सिक्योरिटी हेड सुजलोन कंपनी के अमित यादव द्वारा लिखित में की गई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के साथ चोरी का प्रकरण दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

### शराब तस्करी के लिये लगाते थे हूटर

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि वह कार पर हूटर शराब तस्करी के लिये लगाते थे। ताकि अवैध काम के दौरान हूटर लगी गाड़ी देखकर कोई रोके नहीं और वह तेजगति से निकल जाये। पूर्व में अवैध शराब का परिहवन कर चुके थे, लेकिन पकड़े नहीं गये थे। आरोपियों से जप्त की गई की कीमत 5 लाख से अधिक सामने आई है। उनका मकसद कम समय में ज्यादा पैसा कमाने था, जिसके चलते रात में चोरी और दिन में शराब परिवहन का काम करने लगे थे।

### हत्या-चाकूबाजी के बाद मैदान में पुलिस



**उज्जैन।** पिछले कुछ दिनों में चिमनगंज-माधवनगर थाना क्षेत्र में 3 हत्या और चाकूबाजी की घटना के बाद शनिवार को पुलिस मैदान में उतर गई। गुंडो-बदमाशों के खिलाफ बडा चैकिंग अभियान चलाया गया। देर रात तक पुलिस सड़कों पर दिखाई दे रही थी।

शहर में बड़े संगीन घटनाक्रमों के बाद शनिवार को एसपी प्रदीप शर्मा ने क्राइम बैठक में समीक्षा करते हुये सभी थाना प्रभारियों को अपने सर्कल में चैकिंग अभियान चलाने के साथ संदिग्धों की तलाशी और पूछताछ के निर्देश जारी किये थे। देर शाम पूरे शहर के थाना क्षेत्र में पुलिस चैकिंग अभियान में सड़कों पर आ गई। खुद एसपी ने भी कमान संभाली और चैकिंग पाइंट पहुंचे। देर रात तक 32 गुंडे बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी थी। 25 वाहन चालकों को शराब के नशे में ड्राइविंग करते पकड़ा गया था। शहर के सभी प्रवेश मार्गो पर चैकिंग पाइंट लगाये गये थे। शहर में देर रात तक खुले प्रतिष्ठानों पर नजर रख बंद कराये जा रहे थे।

# भयमुक्त होने के उपाय



आपके मन में सवाल उठ सकता है कि मौत के भय से कैसे बचें? मैं आपसे पूछता हूं कि भय आपको कब होता है? गहरी नींद में जब आप अपने शरीर को नहीं देखते, तब भय होता है क्या? वह आपके पीछे तब लग जाता है, जब आप पूरी तरह जाग्रत होकर शरीर और जगत को देखते हैं। यदि आप गहरी नींद की तरह शुद्ध आत्मरूप से रहें और इनको न देखें, तो भय आपका स्पर्श ही नहीं कर सकता।

यदि आप तलाश करें कि किस चीज के नाश की आशंका से भय होता है, तो मालूम होगा कि वह चीज शरीर नहीं, बल्कि उसमें रहकर कार्य करने वाला मन है। कई लोग इस रोगायतन और सब समस्याओं तथा असुविधाओं के जनक शरीर से मुक्त रहना पसंद करेंगे, यदि वे निरंतर बनी रहने वाली चेतना की सुरक्षा के बारे में आश्वस्त हों। मन शरीर नाश से नहीं, चेतना के नाश से भयभीत होता है। लोग अस्तित्व को पसंद करते हैं, क्योंकि वह शाश्वत चैतन्य है, जो उनकी अपनी आत्मा है। तो क्यों न हम अभी से, शरीर में रहते हुए ही शुद्ध चैतन्य का अवलंबन करके सब भयों से मुक्त हो जाएं?

एक बार नींद में चले जाएं, तो आप कुछ नहीं कर सकते। जब तक आप जाग्रत अवस्था में हैं, तब तक विचारों से मुक्त रहने का प्रयत्न कीजिए। यदि जाग्रत स्थिति में निर्विचार रह सकें, तो पर्याप्त है। नींद के पूर्व आप जिस स्थिति में होते हैं, जगने पर वही जारी रहती है। आप जगने पर वहीं से प्रारंभ करते हैं, जहां नींद में जाने से पहले आपने छोड़ा था। न हमें अधिक सोना चाहिए, न ही जगना चाहिए, उचित मात्रा में नींद लेनी चाहिए। अधिक नींद से बचने के लिए हमें विचारों से मुक्त रहना चाहिए।



सम्पादकीय

## युद्ध के छह महीने

ईरान-अमेरिका युद्ध को छह महीने हो गए, लेकिन अभी भी अमन बहाली के आसार बनते नहीं दिख रहे हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में जून में हुए समझौते की मियाद पहले ही पूरी हो गई है। जून में जो सहमति बनी थी, उसके अनुसार, दोनों ही देशों को 60 दिन में या 17 अगस्त तक स्थायी युद्ध विराम समझौता कर लेना चाहिए था, लेकिन अफसोस, अभी तक तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोई जल्दी नहीं है और न ईरान अभी किसी तरह के समझौते पर बात करना चाहता है। रुक-रुककर पाकिस्तान, कतर जैसे कुछ देश युद्ध विराम के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन कोशिशें परवान नहीं चढ़ रही हैं। कभी ईरान की हठधर्मिता, तो कभी अमेरिका या इजरायल की जिद आड़े आ रही है। समग्रता में देखा जाए, तो अमेरिका इस युद्ध में अब तक बुरी तरह नाकाम रहा है। खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति अपने मकसद से काफी दूर हैं। अमेरिका न तो वर्तमान ईरानी शासन को ध्वस्त कर पाया है, न तेहरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार की पुष्टि कर सका है और न होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खुलवा पाया है।

बहुत अफसोस की बात है, कच्चे तेल का अभाव या आपूर्ति का असंतुलन लगातार बना हुआ है। तेहरान पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगे हुए हैं और उसका धन भी रुका हुआ है। न अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी समाप्त हुई है और न अमेरिकी आक्रामकता में कमी आई है। दोनों देशों ने एक दूसरे के खिलाफ हर तरह के दांव आजमा लिए हैं। मुश्किल में पड़े अनेक देशों की चिंता न तो ईरान को है और न अमेरिका को। यह युद्ध एक तरह से नाक का सवाल बन गया है। अमेरिका चाहता है कि ईरान हार मानकर पीछे हट जाए, लेकिन ईरान के स्वभाव में हार मानने की प्रवृत्ति नहीं है। अमेरिका जैसी महाशक्ति के खिलाफ ईरानी सैन्य-कूटनीतिक-आर्थिक आक्रामकता ने दुनिया में भू-राजनीति को बहुत हद तक बदल दिया है। अमेरिका की बादशाहत को बीते छह महीने में बहुत चुनौती मिली है। उसके बारे में अनेक भ्रम टूटे हैं और एक गंभीर देश के रूप में भी उसकी छवि बुरी तरह प्रभावित हुई है। युद्ध में किसी तरह से विजय पाने के लिए अमेरिका ने जो दांव चले हैं, उससे कई नकारात्मक शक्तियों को भी बल मिला है। आतंकवाद का सहारा लेने वाले देशों का भी दुस्साहस बढ़ा है। इस युद्ध से चीन और रूस की भी ताकत बढ़ी है।

### पहाड़ की एक चीख और हमारी पूरी तरक्की कटघरे में

# नदी का सैलाब था या हमारी विकास-दृष्टि का हिसाब?



कभी-कभी पहाड़ नहीं टूटता, हमारे गढ़े हुए भ्रम टूटते हैं। नेपाल-तिब्बत सीमा पर करीब 17 हजार फुट की ऊंचाई पर ग्लेशियर का बड़ा हिस्सा टूटकर लगभग एक किलोमीटर नीचे गिरा और बर्फ, चट्टान व मलबे की प्रचंड धारा बाढ़ में बदल गई। नदियां उफनीं, गांव बह गए और सैकड़ों लोग लापता हो गए।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

उपग्रह तस्वीरों ने बर्फ में आया वह बदलाव पकड़ लिया, जिसे हमारी आंखें और व्यवस्था समय रहते नहीं पढ़ सकीं। इसलिए यह महज प्राकृतिक आपदा नहीं, उस हिमालय की चेतावनी है, जिसे हमने सदियों तक अडिग माना, जबकि वह भीतर ही भीतर बदल रहा था। बर्फ टूटने की गूंज दरअसल उस भ्रम के चकनाचूर होने की गूंज है कि हिमालय हमारी गलतियां हमेशा ढोता रहेगा।

अब इस आपदा का सबसे भारी सच उन नामों में है, जिनके आगे सिर्फ एक शब्द है–लापता। इनमें कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर निकले बड़ी संख्या में भारतीय तीर्थयात्री हैं, जिनके परिवार अब आस्था नहीं, इंतजार में हैं। ब्रिटिश (लगभग एक दर्जन) और अमेरिकी पर्यटक भी हैं, जो रोमांच खोजने आए और प्रकृति में खो गए। हर नाम पीछे एक परिवार, उम्मीद और अधूरी जिंदगी छोड़ गया। ऊंचाई और मौसम ने राहत रोक दी; हेलीकॉप्टर उतर नहीं सके, बचाव दल पहुंच नहीं पाए। यहीं तकनीक की ताकत बौनी पड़ जाती है। डिजिटल नक्शे और महंगे उपकरण उस भूगोल में बेबस हैं, जहां कुछ मिनटों में नदी रास्ता और इंसान अपना पता खो देता है।

पहाड़ का कोई हादसा अचानक नहीं होता; दरकने से पहले वह कई बार चेताता है। बढ़ता तापमान हिमालयी बर्फ और ग्लेशियरों की अस्थिरता बढ़ा रहा है, लेकिन इस टूटने का तत्काल कारण अभी स्पष्ट नहीं है। जुलाई 2025 में भी ल्हेंदे-भोटेकोशी क्षेत्र में ग्लेशियल झील के फटने से बाढ़ आई थी। मगर दोष केवल जलवायु परिवर्तन का नहीं। हमने नाजुक हिमालयी घाटियों में सड़कें काटीं, जलविद्युत परियोजनाएं खड़ी कीं और पर्यटन के नाम पर भीड़ बढ़ाई। भोटेकोशी नदी पहले भी बता चुकी है कि पहाड़ की अपनी सीमाएं हैं। हमने इन संकेतों को विकास की रफ्तार में दबा दिया। समस्या सिर्फ गर्म होती बर्फ नहीं, वह अहंकार भी है जिसने मान लिया कि पहाड़ हमारी सुविधा के मुताबिक ढल जाएगा।

जिस हिमालय के आगे कभी सिर झुकता था, उसके सामने अब हम कैमरा और सुविधा लेकर खड़े हैं। पुराने यात्रियों के साधन सीमित थे, पर पहाड़ के प्रति अनुशासन था। वे मौसम पढ़ते, स्थानीय चेतावनी मानते और पर्वत को खुद से बड़ा समझते थे। आज तीर्थ और रोमांच की रेखा मिट गई है। लक्जरी टेंट, तेज सफर और सोशल मीडिया ने यात्रा को अनुभव से ज्यादा प्रदर्शन बना दिया। प्रकृति मनोरंजन और पहाड़ सुविधा की जगह बन गया। विडंबना यह है कि हिमालय जब अपना असली रूप दिखाता है, तो महंगी यात्रा, बीमा और आधुनिक उपकरण भी जीवन की गारंटी नहीं देते। हिमालय को पर्यटन चाहिए, भीड़ और बाजार की अंधी भूख नहीं।

पानी को सरहदें नहीं रोकतीं; फिर हिमालय की आपदा को सीमाओं में कैसे बांधा जा सकता है? तिब्बत में ग्लेशियर टूटता है, नेपाल में बाढ़ आती है और असर भारत की नदी प्रणालियों तक पहुंच सकता है। इस बाढ़ का असर नेपाल से बहने वाली नदी प्रणालियों के जरिए भारत के बिहार और उत्तर प्रदेश तक पहुंच सकता है, जहां सतर्कता जारी है। नक्शे इंसानों ने बनाए हैं; पानी और बर्फ उन्हें नहीं मानते। इसलिए हिमालय को देशों के टुकड़ों में देखना खतरनाक है। साझा उपग्रह निगरानी, ग्लेशियरों की जांच, शुरूआती चेतावनी, आपदा आंकड़ों का आदान-प्रदान और संवेदनशील क्षेत्रों में पर्यटन की सीमा जरूरी है। पीढ़ियों से पहाड़ के साथ जी रहे स्थानीय लोगों का ज्ञान भी इसका हिस्सा होना चाहिए। विज्ञान जरूरी है, पर स्थानीय अनुभव को उसका विरोधी मानना बड़ी भूल होगी।

विकास जरूरी है, मगर सवाल यह है कि उसकी कीमत कौन चुकाएगा? बिजली के लिए जलविद्युत, रोजगार और विदेशी मुद्रा के लिए पर्यटन, संपर्क के लिए सड़कें और सुरंगें चाहिए। विरोध विकास का नहीं, उसके अंधेपन का है। जब एक नाजुक घाटी में इतने निर्माण हो जाएं कि एक प्राकृतिक घटना पूरी व्यवस्था को ढहा दे, तो वह विकास नहीं, जोखिम का विस्तार है। हिमालय के बुजुर्ग जानते हैं कि कब नदी बदलती है, किस ढलान पर खतरा है और कौन-सा संकेत टालना नहीं चाहिए। आधुनिक योजनाओं ने इस ज्ञान को अक्सर पिछड़ा मान लिया। अब विकास को स्थानीय अनुभव और वैज्ञानिक आकलन–दोनों के आगे झुकना होगा।

बाढ़ उतर जाएगी, पर उसके पीछे छोड़ा सवाल नहीं उतरेगा। हिमालय की बर्फ सिर्फ पहाड़ पर जमी बर्फ नहीं, एशिया की विशाल नदियों का प्राकृतिक जल-भंडार है। ग्लेशियरों की अस्थिरता एक ओर अचानक बाढ़, दूसरी ओर भविष्य में पानी की कमी का खतरा बढ़ा सकती है। इसलिए आज की ह्यलापताह्न सूची को सिर्फ प्रशासनिक आंकड़ा समझना भूल होगी; इसमें आने वाले वर्षों की जलवायु चेतावनी छिपी है। तापमान बढ़ता रहा, निर्माण बेलगाम रहा और पर्यटन वैज्ञानिक सीमा से बाहर गया, तो ऐसी घटनाएं अपवाद नहीं रहेंगी। तब हर आपदा के बाद हम कहेंगे–किसी ने सोचा नहीं था। जबकि हिमालय शायद बहुत पहले से कह रहा होगा–सोचो।

हिमालय से लेने की हमारी भूख का अंत कहां होगा–यही अब सबसे बड़ा सवाल है। इस बार बर्फ ने सिर्फ नदी नहीं बढ़ाई, हमारी विकास-दृष्टि की दरार भी खोल दी। अब तीर्थ में संयम, पर्यटन में सीमा, निर्माण में वैज्ञानिक अनुशासन और विकास में पर्यावरणीय विवेक जरूरी है। हिमालयी समुदायों को फैसलों में केंद्र देना होगा और वैज्ञानिक चेतावनियों को फाइलों से निकालकर नीति बनाना होगा। हिमालय को जीतने नहीं, उसके साथ जीने की भाषा सीखनी होगी। बर्फ की चुप्पी टूट चुकी है। अगली बार पहाड़ कब बोलेगा, कोई नहीं जानता। तय सिर्फ इतना है–अगली चेतावनी से पहले हम सुनना सीखेंगे या फिर किसी नई लापता सूची में अपने अहंकार का नाम खोजेंगे।

## वार्ड नंबर तीन

जिला अस्पताल के वार्ड नंबर तीन के बाहर गलियारे में पचहत्तर साल के मंशाराम हर सुबह नौ बजे इस निष्ठा से आकर बैठ जाते थे जैसे कोई ईमानदार भ्रष्टाचारी अपनी अगली किश्त का इंतजार करता है। उनके हाथों में लोहे की एक पुरानी जंग लगी व्हीलचेयर का उखड़ा हुआ चमड़े का हत्था होता था जिसे वे अपनी धोती के पल्ले से इस आत्मीयता से पोंछते थे जैसे कोई नेता चुनाव के बाद अपने दागदार चरित्र को धो रहा हो। अस्पताल का नया वार्ड बॉय जब भी उन्हें देखता तो ऐसी चुटकी लेता जो सरकारी फाइलों की चुभन से भी तेज होती और कहता कि बाबा जब हर वीआईपी मरीज को नया स्ट्रेचर और आम आदमी को नई उम्मीद का झांसा मिल रहा है तो इस कबाड़ को अपनी छाती से लगाकर डॉक्टरों का रास्ता क्यों रोकते हो। अस्पताल में डॉक्टरों का रास्ता रोकना दरअसल लोकतंत्र का रास्ता रोकने जैसा अपराध है क्योंकि दोनों ही जगह केवल वीआईपी गाड़ियां ही बिना रुके निकल सकती हैं। मंशाराम अपनी धुंधली आँखों से उसकी तरफ देखते और बहुत शांत स्वर में उत्तर देते कि बेटा यह लोहे का टुकड़ा केवल कबाड़ नहीं है बल्कि इस सरकारी अस्पताल की उस अंधी संवेदनहीनता का हिस्सा है जो रोज जिन्दगियों का सौदा ऐसे करती है जैसे बाजार में सड़ी हुई सब्ज़ियां बिक रही हों।

आसपास खड़े तीमारदार और कर्मचारी उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बूढ़े का दिमाग उम्र के साथ वैसा ही सठिया चुका है जैसा हमारे देश का शिक्षा तंत्र जो डिग्रियां तो बाँटता है पर अक्ल छीन लेता है। वे कहते कि यह टूटी व्हीलचेयर के हत्थे को ढाल बनाकर पूरे महकमे से मुकाबला करने चला है मानो कोई अकेला सच का सिपाही संसद में नैतिकता की तलाश कर रहा हो। मंशाराम किसी की कड़वी बात का बुरा माने बिना उस उखड़े हुए हत्थे को अपनी कांपती हथेलियों में वैसे ही भींचे रहते थे जैसे एक मध्यमवर्गीय आदमी अपनी आखिरी बचत को महंगाई से बचाता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30 अगस्त 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:12 सूर्यास्त 18:42
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दुतिया 09:67 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 03:45 उपरांत रेवती
योग - शूल 03:46 उपरांत गण्ड
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 16

**मेष-** कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। आपके निर्णय सटीक साबित होंगे। दांपत्य जीवन में भरोसा और समझ बढ़ेगी।

**वृषभ-** कारोबारी हैं तो व्यापारिक मुनाफे में वृद्धि होगी। निवेश के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

**मिथुन-** लव पार्टनर के साथ भरोसा मजबूत होगा। यात्रा का मन बन सकता है।

**कर्क-** आय के नए स्रोत सामने आएंगे। आर्थिक संतुलन बना रहेगा। ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे, फिर भी खानपान का ध्यान रखें।

**सिंह-** नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में आगे रखेगा। प्रमोशन के संकेत मिल रहे हैं।

**कन्या-** कारोबार में नए ग्राहकों से जुड़ाव होगा, बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आय के योग उत्तम हैं।

**तुला-** प्रेम जीवन में उत्साह रहेगा, साथी के साथ समय बिताएंगे। संपत्ति से भी लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक-** कार्यक्षेत्र में अपनी प्राथमिकताओं को तय करें और एकाग्रता से आगे बढ़ें।

**धनु-** रियल एस्टेट या निर्माण कार्य से जुड़े व्यवसाय में लाभ होगा। पारिवारिक शांति बनी रहेगी।

**मकर-** अपनों के साथ आनंद मिलेगा। धन संचय करने में सफल रहेंगे, बेफिजूल खर्च से बचें।

**कुंभ-** कार्यस्थल पर अलग पहचान बनेगी और प्रभाव बढ़ेगा। अधिकारियों का समर्थन मिलेगा।

**मीन-** नए वेंचर या बिजनेस प्लान शुरू करने के लिए अनुकूल समय है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

व्यंग्य

## कोंडके को पीछे छोड़ते नेता

जो नेता बन जाता है उसको कुछ भी बोलने की छुट मिल जाती है वह जब मंच पर होता है तो ऐसा लगता है सारी सृष्टि उसके चलाने से ही चल रही है । मंच से कुछ भी बोलने में उसको मजा तब आता है जब श्रोता मजा ले लेकर उसकी बात सुने इसलिए कई नेता व्यक्तिगत रूप से रस ले लेकर अपने अपने विरोधियों को अपने भाषण में व्यक्तिगत रूप से अनावृत करने के डायलाग बोलकर मजा लेते हैं । श्रोता उसे सुनकर ताली बजा बजाकर रस लेते हैं । कोई कोई नेता सीधे सीधे नहीं कहता सीधे सीधे कहे तो उसे नंगई मान लिया जाता है , इसलिए वे भाषण के बीच बीच में पोज लेकर द्विअर्थी संवाद बोलने लगते हैं । नेता छोटे से छोटा हो या बड़े से बड़ा अब सबके जिह्वा से द्विअर्थी संवाद रस टपकने लगे हैं । वैसे इस भीषण महंगाई व मिलावट व कार्यालयों में काम अटकाऊ के दौर में जनता का मनोरंजन करना जरूरी होता है ताकि परिस्थितियों के मारे वह तनाव में न रहे । नेता यह नहीं कहते कि चोली के पीछे क्या है वे तो बस दूसरे नेताओं के कमीज के भीतर झांक कर मंच पर मनोरंजन बिखेरते हैं ताकि वादों की बातें सुनकर श्रोताओं के कान पके नहीं और वे सभा से खिसकने न लगें । नेताओं द्वारा मंचों पर इसीलिए मनोरंजन जरूरी है ताकि अस्पतालों व साइकोलॉजीस्ट के यहां भीड़ न बढ़ने लग जाए । आज के नेता पब्लिक से जुड़े रहने के लिए द्विअर्थी संवाद के प्रसिद्ध फिल्मकार - अभिनेता दादा कोंडके को भी पीछे छोड़ने लगे एक नेता को ही देख लो भाषण में वे बोले, ' कावेरी का पानी आए या न आए लेकिन........(उसका) पानी तो जरूर आएगा । ' इस पर आपत्ति हुई और वे गिरफ्तार कर लिये गए। वे चले थे दादा कोंडके की बराबरी करने भला उनकी बराबरी कोई कर सकता है ? वे तो वाक्य में विराम और तुरंत आगे वाला शब्द बोल देते । शब्द विन्यास ऐसे इस्तेमाल करते की बस । कोंडके के विशिष्ट हास्य व दोहरे अर्थ पर तो सेंसर बोर्ड भी अश्लीलता का आरोप नहीं लगा पाता । उनकी फिल्मों के नाम ही देखिए , ' अंधेरी रात में दिया तेरे हाथ में,' खोल दे मेरी जुबान, ' । फिल्म और मंच पर संवादों को देखिए , ' तेरे बीच में मेरे, मेरे बीच में तेरे कहकर द्विअर्थी का माहोल बनाते थे । ऐसे ओर भी हैं , ' तेरी ले लूं बाहें , ' ' खोल के मुझको दे दे , ' तुरंत बाद ' कानों की बाली ' बोलकर बात को बदल देते थे लेकिन तब तक श्रोता समझ जाते । सेंसर बोर्ड उन पर अश्लीलता का आरोप नहीं लगा पाता । शाब्दिक तौर पर वाक्य का दूसरा अर्थ एकदम सीधा और सामान्य होता । जनता को आकर्षित करने के लिए नेतागण अपने भाषणों में दादा कोंडके को भी पीछे छोड़ने लग जाए ये ओर बात है । साफ साफ शब्दों में गाली दे दो कौन रोकता है भाई ! आज के नेता जो ठहरे ।



भगवती प्रसाद गेहलोत (दैनिक अवन्तिका)

## आधुनिक युग का अन्नदाता...!

वो दरवाजे पर जब घंटी बजती,
चेहरे पर मुस्कान लिए आता है।
मौसम धूप हो चाहे तेज बारिश,
वह अपना फर्ज.खूब निभाता है।
उसके कभी ₹हाथ₹ में खाना होता,
तो कभी दवा हैं या कभी सामान।
हमारी छोटी-छोटी सी जरूरत को,
देता है वह सभी को अपना मान।
उसके मोबाइल की घंटी बजते ही,
रास्ते पर फटाफट निकल पड़ता है।
शहर की हर गली से परिचित होता,
जैसे सबकी उम्मीद बनके चलता है।



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

# नशामुक्ति: घर से शिक्षण संस्थानों तथा समाज से सरकार तक



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

नशे की समस्या आज किसी एक वर्ग, आयु, समाज या राज्य तक सीमित न रहकर एक गंभीर राष्ट्रीय संकट बन चुकी है। पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ शराब, तंबाकू, दवाओं का गैर-चिकित्सकीय उपयोग और अन्य मनःप्रभावी पदार्थों का सेवन इस चुनौती को लगातार जटिल बना रहा है। बदलती जीवनशैली, मानसिक तनाव, एकाकीपन, साथियों का दबाव और नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता युवाओं को इस दलदल में धकेल रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अल्फा और जेन-जी पीढ़ी इस खतरे के सबसे संवेदनशील मुहाने पर खड़ी है, क्योंकि यह अवस्था उनके शारीरिक, मानसिक और व्यक्तित्व विकास की बुनियादी नींव होती है।

चिकित्सकीय दृष्टिकोण से देखें तो भांग, गांजा, अफीम, शराब और तंबाकू के साथ-साथ बिना डॉक्टरी सलाह के दवाओं का अत्यधिक सेवन जानलेवा साबित हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार नशे की लत किसी व्यक्ति की इच्छाशक्ति या चरित्र की कमजोरी नहीं है, बल्कि यह जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारणों का परिणाम है। इसलिए इसके समाधान के लिए भय, दंड या सामाजिक बहिष्कार के स्थान पर वैज्ञानिक रोकथाम, चिकित्सीय उपचार, परामर्श और पुनर्वास पर बल दिया जाना चाहिए। नशे का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित न रहकर पूरे पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर देता है। दीर्घकालिक सेवन से स्मरण शक्ति, निर्णय क्षमता और उत्पादकता प्रभावित होती है। किशोरावस्था में मस्तिष्क के विकास की प्रक्रिया जारी रहने के कारण यह जोखिम और भी गंभीर रूप ले लेता है। इससे जहाँ परिवार को आर्थिक संकट और घरेलू कलह झेलनी पड़ती है, वहीं समाज में दुर्घटनाओं, हिंसा और अपराधों में वृद्धि होती है। यही कारण है कि नशामुक्ति को व्यक्तिगत सुधार तक सीमित न मानकर सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण का राष्ट्रीय मुद्दा माना जाना चाहिए।

इस समस्या की शुरूआती पहचान रोकथाम में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। पढ़ाई या कार्यस्थल के प्रदर्शन में अचानक गिरावट, अकारण धन की मांग, अत्यधिक गोपनीयता, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, आँखों का लाल होना, तुतलाहट, चाल में असंतुलन और शरीर पर सिरिंज के निशान इसके प्राथमिक लक्षण हो सकते हैं। हालाँकि ये लक्षण तनाव या अन्य चिकित्सीय कारणों से भी हो सकते हैं, इसलिए संदेह होने पर आरोप-प्रत्यारोप या बदनामी के बजाय शांत संवाद और चिकित्सीय सलाह को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

नशामुक्ति की प्रथम नींव परिवार में ही रखी जाती है। अभिभावकों का दायित्व बच्चों पर अनुचित अपेक्षाओं का बोझ डालना नहीं, बल्कि ऐसा विश्वासपूर्ण माहौल बनाना है जहाँ वे अपना तनाव और भय साझा कर सकें। इसके साथ ही शिक्षण संस्थानों को एक-दिवसीय अभियानों से आगे बढ़कर जीवन-कौशल शिक्षा, तनाव प्रबंधन और खेलकूद को नियमित पाठ्यचर्या का हिस्सा बनाना होगा। समाज को भी नशे को 'आधुनिकता' का प्रतीक मानने की मानसिकता से बाहर निकलना होगा।

सरकारी स्तर पर केवल प्रतिबंध लगाने तक सीमित न रहकर अवैध आपूर्ति पर कठोर नियंत्रण, नशामुक्ति केंद्रों का विस्तार और व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। भारत सरकार का 'नशा मुक्त भारत अभियान' इसी दिशा में युवाओं और शिक्षण संस्थानों को जोड़ रहा है। नीतिगत ढांचे में कानून का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नशा-निर्भर व्यक्ति को 'अपराधी' मानने के बजाय 'रोगी' मानकर उपचार का अवसर दिया जाना चाहिए।

धर्म-आस्था


# बिना चेतना के मनुष्य खुद के अस्तित्व को समझ नहीं सकता

अध्यात्म में चेतना की चार अवस्थाएँ बताई गई हैं - जाग्रत (जागना), स्वप्न (सपने देखना), सुषुप्ति (गहरी नींद) और तुरीय (चौथी अवस्था)। इनमें तुरीय अवस्था सबसे उच्च और आध्यात्मिक मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तुरीय अवस्था क्या है?

चेतना, एक आत्मा को मानव शरीर से जोड़ने का काम करता है। बिना चेतना के एक मनुष्य के लिए खुद के अस्तित्व को समझ पाना नामुमकिन है। अध्यात्म में भगवान शिव को चेतना का स्वरूप माना गया है, जो मनुष्य के आज्ञा चक्र में विराजमान हैं और शरीर में मौजूद प्राणशक्ति को मार्ग दिखाते हैं। अध्यात्म में चेतना को चार अवस्थाओं में बांटा गया है - जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय। पहली तीन अवस्थाओं का अनुभव हम रोजमर्रा के जीवन में करते हैं, लेकिन तुरीय अवस्था को सामान्य अनुभव से परे चेतना की ऐसी स्थिति माना गया है, जिसमें व्यक्ति स्वयं को केवल शरीर, मन या विचारों तक सीमित नहीं समझता। तुरीय अवस्था चेतना की चौथी और सर्वोच्च अवस्था है। यह न जाग्रत है, न स्वप्न है, न गहरी नींद है, बल्कि इन सबके पार जाकर आत्मा और ब्रह्म के अद्वैत अनुभव की स्थिति है। इसे प्राप्त करना ही योग और ध्यान का परम लक्ष्य माना गया है। तुरीय अवस्था की और क्या विशेषताएं हैं, चलिए जानते हैं...

तुरीय अवस्था का अर्थ

तुरीय संस्कृत के तुर्य शब्द से बना है, जिसका अर्थ है - चौथा। इसे चौथी अवस्था इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह जाग्रत, स्वप्न और गहरी नींद की तीन अवस्थाओं से अलग है। यह इन तीनों अवस्थाओं का साक्षी मानी जाती है। इसमें साधक शुद्ध आत्मा और ब्रह्म का अनुभव करता है। चेतना की जाग्रत अवस्था में हम संसार को अनुभव करते हैं, स्वप्न अवस्था में नींद में मन के अनुभवों को देखते हैं, सुषुप्ति अवस्था में गहरी नींद में होते हैं जिसमें सपनों के लिए भी जगह नहीं होती लेकिन तुरीय अवस्था इस सबमें सबसे गहरी हो जाती है। इसमें चेतना को अपने वास्तविक स्वरूप के रूप में जानने की बात कही जाती है। तुरीय अवस्था को विचारशून्य अवस्था नहीं कहा जा सकता, बल्कि इसे वह मौन अवस्था कहा जा सकता है, जिसमें साधक अपनी आत्मा को पहचानने का प्रयास करता है। इसीलिए वेदांत में तुरीय को आत्मज्ञान से जोड़कर देखा जाता है।



माण्डूक्य उपनिषद में तुरीय अवस्था को सर्वोच्च बताया गया है। यह अवस्था मोक्ष और आत्मज्ञान का द्वार है। इसमें साधक 'अहं' से मुक्त होकर शुद्ध चैतन्य का अनुभव करता है। जब कोई साधक तुरीय अवस्था को प्राप्त कर लेता है, तो इसमें मन और इंद्रियाँ शांत हो जाती हैं। साधक को आत्मा और परमात्मा में कोई भेद नहीं लगता। यह अवस्था ध्यान और साधना से प्राप्त होती है। इसमें समय और स्थान का बोध नहीं रहता। साधक केवल साक्षी बन जाता है, उसे न सुख का अनुभव होता है और न दुःख का।

तुरीय और ॐ का क्या संबंध है?

माण्डूक्य उपनिषद में 'ॐ 'और चेतना की चार अवस्थाओं का संबंध बताया गया है। इसमें ह्यॐह्न को तीन ध्वनि-खंडों में समझाया गया है -

अ – जाग्रत अवस्था
उ – स्वप्न अवस्था
म – सुषुप्ति अवस्था

और इन तीनों के बाद आने वाला मौन तुरीय से जोड़ा जाता है। जब ॐ का उच्चारण समाप्त होता है और ध्वनि मौन में विलीन हो जाती है, तो वह मौन किसी अलग ध्वनि का नाम नहीं है। उपनिषद उस मौन को उस चौथी अवस्था की ओर संकेत के रूप में प्रस्तुत करता है, जो तीनों अवस्थाओं से परे है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली-5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर-5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा-300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,54,000 रवा- 1,53,800 चांदी- टंच- 2,38,500 पाट- 2,37,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

### बाइक का संतुलन बिगड़ने से युवक घायल, डायल-112 ने पहुंचाया अस्पताल

**शाजापुर।** बाइक के अनियंत्रित होकर फिसलने से युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मदाना जोड़ के पास बाइक का संतुलन बिगड़ने से संजू पिता शिवनारायण मीणा निवासी ग्राम काकरिया, जिला राजगढ़ घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल डायल-112 को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 के पायलट शाहरुख खान और स्टाफ आरक्षक 300 संदीप यादव मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल उपचार के लिए सारंगपुर शासकीय अस्पताल पहुंचाया।

### सेप्टिक टैंक में मिला 8-9 माह का भ्रूण

**खातेगांव।** कांटाफोड़ थाना क्षेत्र के लोहारदा के वार्ड नंबर-3 में शुक्रवार को एक खाली प्लॉट के सेप्टिक टैंकनुमा गड्ढे में 8-9 माह का अज्ञात भ्रूण मिला। यह गड्ढा करीब 10 फीट गहरा था और पानी से भरा था। सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के मुताबिक, यह शव/भ्रूण एक 12 वर्षीय बच्चे ने देखा। बच्चा गड्ढे में फूल फेंकने गया था, तभी उसकी नजर पानी में तैर रही संदिग्ध वस्तु पर पड़ी। बच्चे ने तुरंत इसकी सूचना मोहल्ले के लोगों को दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कैलाश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव/भ्रूण को गड्ढे से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए कांटाफोड़ अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक जांच में इसकी उम्र करीब 8-9 माह बताई जा रही है। हालांकि, यह भ्रूण है या जन्म के बाद का शव, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। पुलिस के अनुसार, यह मामला एक-दो दिन पुराना हो सकता है।

### अंचल में परंपरागत तरीके से मनाया रक्षाबंधन

**नलखेड़ा।** भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। उन्होंने उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने उन्हें उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल देखने को मिली। बहनें अपने भाइयों के लिए रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां लेकर पहुंचीं। बाजार में बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न डिजाइनों की राखियां उपलब्ध रहीं।

### उत्साह से मनाया रक्षाबंधन, बहन ने भाई की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

**आगर-मालवा।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को नगर सहित अंचल में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर चहल-पहल रही। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर हमेशा उनकी रक्षा और साथ देने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बहनों में खासा उत्साह नजर आया। कई बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए मायके पहुंचीं, वहीं दूर रहने वाली बहनों ने भी यात्रा कर भाइयों के साथ पर्व मनाया। बहनों ने भाइयों का तिलक कर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर राखी बांधी। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार और शगुन भेंट किए। पर्व को लेकर बाजार में भी दिनभर रौनक बनी रही। राखी, मिठाई, पूजा सामग्री और उपहारों की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी।

# शादी के दो दिन बाद दुल्हन 1.81 लाख लेकर फरार, मां, जीजा और बहन बनकर भरोसा जीता

## तिलक से शादी तक अलग-अलग चरणों में रकम ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास जिले में शादी के नाम पर लोगों को ठगने वाले लुटेरी दुल्हन गिरोह का बैंक नोट प्रेस पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह पहले युवक और उसके परिवार से शादी का रिश्ता तय करता था। इसके बाद तिलक की रस्म और शादी के अलग-अलग चरणों में रकम ली जाती थी। विवाह के बाद दुल्हन कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद मौका पाकर रुपए लेकर फरार हो जाती थी। पुलिस ने मामले में दुल्हन समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में नंदिनी मेहरा उर्फ रोशनी, उसकी मां शकुनबाई, रवि जरिया और सोनिया केवट शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, चारों धार जिले के रहने वाले हैं। गिरोह के सदस्य युवक के परिवार के सामने अलग-अलग रिश्तेदार बनकर पेश होते थे और शादी के लिए भरोसा कायम करते थे।

पुलिस जांच के अनुसार, नंदिनी और उसके साथ आए कथित परिजनों ने देवास में युवक और उसके परिवार से मुलाकात की। रिश्ता तय होने के बाद तिलक की रस्म में 21 हजार रुपए दिए गए। इसके बाद अलग-अलग चरणों में 1 लाख, 10 हजार और 50 हजार रुपए लिए गए। इस तरह शादी के नाम पर कुल 1 लाख 81 हजार रुपए का लेन-देन हुआ। रकम लेने के बाद 3 जुलाई को धामनोद के एक मंदिर में विवाह कराया गया। शादी के बाद नंदिनी देवास स्थित ससुराल पहुंची और पति के साथ रहने लगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो नंदिनी के साथ शादी में शामिल हुए लोगों की भूमिका भी संदिग्ध मिली। जांच आगे बढ़ने पर सामने आया कि युवक के परिवार का भरोसा जीतने के लिए चारों आरोपी अलग-अलग रिश्तेदार बनकर आए थे।

पुलिस के मुताबिक, नंदिनी के साथ शकुनबाई ने मां, रवि जरिया ने जीजा और सोनिया केवट ने बहन बनकर युवक के परिवार से संपर्क किया था। शादी की पूरी प्रक्रिया में इन लोगों ने परिवार का भरोसा हासिल किया और अलग-अलग चरणों में रकम ली। पुलिस ने नंदिनी मेहरा उर्फ रोशनी, शकुनबाई, रवि जरिया और सोनिया केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यहां से चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह वर्धमान और डीएसपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में की गई। बैंक नोट प्रेस थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति कटारे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### पहले कितनी शादियां कीं, पुलिस कर रही जांच



पुलिस अब यह पता लगा रही है कि गिरोह ने इससे पहले भी इसी तरह की कितनी शादियां कर लोगों से ठगी की है। पुलिस आरोपियों के संपर्कों और गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है।

### दो दिन ससुराल में रही, फिर रात में गायब

नंदिनी करीब दो दिन तक ससुराल में रही। इसके बाद 7 अगस्त की रात पति के सोने के बाद घर से निकल गई। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद बैंक नोट प्रेस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

# अंतिम संस्कार में अयोध्या जा रहे परिवार की कार पलटी, 4 घायल

## टायर फटने से हुई दुर्घटना, दो मासूम बच्चियां बाल-बाल बचीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकता होटल के समीप एक कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए, गनीमत रही कि दो मासूम बच्चियां सुरक्षित बच गईं। यह परिवार अपनी मां के निधन की खबर सुनकर गुजरात से अयोध्या लौट रहा था। प्राथमिक उपचार के बाद परिवार अपनी आगे की यात्रा पर निकल गया।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा कुमार पांडे की माताजी का हाल ही में निधन हो गया था। इस दुखद घड़ी में कृष्णा पांडे अपने परिवार के पांच अन्य सदस्यों के साथ निजी कार से गुजरात के अंकलेश्वर से अपने पैतृक घर अयोध्या (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच, शाजापुर जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर हाईवे पर उनकी कार का टायर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। रफ्तार अधिक होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की मदद से 1033 टोल एंबुलेंस को सूचना दी गई। इसके बाद सभी को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में कृष्णा पांडे, उनके भाई हरिराम पांडे, रामस्वरूप तिवारी और मनीषा पांडे को चोटें आई हैं। वहीं, कार में सवार दो छोटी बच्चियां, रिद्धि और सिद्धि चमत्कारिक रूप से पूरी तरह सुरक्षित हैं।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार, सभी की स्थिति खतरे से बाहर थी। मां के अंतिम संस्कार में जल्द पहुंचने की अनिवार्यता के चलते, परिवार ने अस्पताल में ज्यादा देर न रुकते हुए शाजापुर से ही एक अन्य निजी वाहन की व्यवस्था की और अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

## देवास में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

# 2 लाख के अमानक डिस्पोजल ग्लास जब्त कर नष्ट किए, गोदाम संचालक पर 1 लाख का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

शहर में प्रतिबंधित और अमानक डिस्पोजल के खिलाफ नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। वार्ड क्रमांक 42 स्थित एक गोदाम से करीब 2 लाख रुपए कीमत के अमानक डिस्पोजल ग्लास जब्त किए गए। जांच में सामग्री प्रतिबंधित और अमानक पाए जाने के बाद निगम की टीम ने इन्हें जब्त कर विधिवत नष्ट कर दिया। वहीं गोदाम संचालक के खिलाफ 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

जांच के दौरान इन ग्लासों को अमानक और प्रतिबंधित पाए जाने के बाद निगम अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। जब्त की गई सामग्री को नगर निगम परिसर लाया गया, जहां उसे नियमानुसार नष्ट कर दिया गया।

स्वच्छता अधिकारी रवि गोयनार ने बताया कि गोदाम से प्रतिबंधित और अमानक डिस्पोजल ग्लास मिलने पर संचालक के खिलाफ 1 लाख रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। जब्त की गई सामग्री को भी नियमानुसार नष्ट कर दिया गया है।

शहर में अमानक और प्रतिबंधित डिस्पोजल का इस्तेमाल पर्यावरण और स्वच्छता व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है। नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद साफ है कि नियमों का उल्लंघन कर प्रतिबंधित डिस्पोजल का भंडारण या कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पहले सील किया था गोदाम

नगर निगम की टीम ने कुछ दिन पहले ही संबंधित गोदाम को सील किया था। गुरुवार को गोदाम संचालक की मौजूदगी में सील खोली गई। अंदर जांच करने पर बड़ी मात्रा में डिस्पोजल ग्लास रखे मिले।

# सहकारिता अध्यक्ष के घर 15 लाख की चोरी, परिवार रक्षाबंधन पर गांव गया था

## सूने मकान को बनाया निशाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शाजापुर के आदर्श नवीन नगर में सहकारिता कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लखन कुम्भकार के सूने घर से करीब 15 लाख रुपए की चोरी हो गई। चोरों ने रक्षाबंधन पर्व पर परिवार के गांव जाने का फायदा उठाया और घर के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोरी में 7 लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात शामिल हैं।

लखन कुम्भकार ने बताया कि उनका परिवार 26 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने ग्राम मदाना गया था। घर पर कोई मौजूद नहीं था। शनिवार को जब परिवार वापस लौटा, तो मकान के ताले टूटे हुए मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद चोरी का पता चला।

पीड़ित कुम्भकार के अनुसार, उनके दो भांजों की नवंबर-दिसंबर में होने वाली शादियों की तैयारियों के लिए घर में लगभग 7 लाख रुपए नकद रखे थे। इसके अतिरिक्त, सोने-चांदी के जेवरात भी घर में मौजूद थे। नकदी और जेवरात की कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई गई है।

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वॉड, साइबर टीम और फिंगरप्रिंट टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

यह वारदात ऐसे समय में हुई है जब कोतवाली क्षेत्र की द्वारकापुरी कॉलोनी में 25 से 28 अगस्त के बीच तीन अन्य चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में परिवारों के घरों पर ताले लगाकर गांव जाने के दौरान लगातार हो रही इन चोरियों से पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. पूजा जैन पति राजेश जैन जाति जैन, निवासी गांधी चौक बड़नगर, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम खरसौदखुर्द, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 669/3/1/1/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर भूमि ग्राम खरसौदखुर्द, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है व 2. सीमा जैन पति सतीशचन्द्र जैन जाति जैन निवासी 364 महात्मा गांधी मार्ग गांधी चौक बडनगर, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम खरसौदखुर्द, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 669/3/1/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर भूमि ग्राम खरसौदखुर्द, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित भूमि को कय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विकय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के बाद सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदाकर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक :- 28/08/2026

**माधुरी सोनी एड्व्होकेट**
**कार्यालय रवि सोनी का ऑफीस, T13 नागेश्वरधाम कॉलोनी**
**बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 8871335849, 7898524515**

In The Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Badnagar District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्रीमती ऋचा गोयल बंसल**
**(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000005/2026)

**मंजु बाई------ आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण------अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 25/09/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजु बाई पति स्व. तोलाराम पिता नंदाजी निवासी ग्राम सतवासा, बड़नगर 420141/- संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 सितम्बर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 सितम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 08 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(श्रीमती ऋचा गोयल बंसल)**
**वरिष्ठ खण्ड बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।




### शाजापुर में सूने मकानों को निशाना बना रहे चोर, द्वारकापुरी में लगातार तीसरी वारदात

**शाजापुर।** शहर में त्योहार की खुशियों के बीच चोरों ने जमकर आतंक मचा रखा है। लोग घरों में ताला लगाकर रक्षाबंधन मनाने रिश्तेदारों के यहां गए, और पीछे से बेखौफ बदमाशों ने उनके सूने आशियानों को अपना निशाना बना लिया। कोतवाली थाना क्षेत्र की द्वारकापुरी कॉलोनी में पिछले तीन-चार दिनों के भीतर एक के बाद एक हुई तीन चोरियों ने पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त के दावों की पोल खोलकर रख दी है। लगातार हो रही इन वारदातों से क्षेत्र के रहवासियों में दहशत है। ताजा मामला गुरुवार देर रात का है, जहां अज्ञात चोरों ने द्वारकापुरी कॉलोनी में किराए से रहने वाले दीपक के मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दीपक का परिवार भी रक्षाबंधन मनाने शहर से बाहर गया हुआ था। इसी कॉलोनी में जाट हाउस के आगे वाली गली में रहने वाले देवेंद्र मेवाड़ा के सूने मकान को भी चोरों ने अपना शिकार बनाया। देवेंद्र 25 अगस्त की शाम को शुजालपुर गए थे। 27 अगस्त की सुबह जब वे लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा और कुंडी कटी हुई मिली। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने सोने की दो अंगूठियां, एक नथ, चांदी की बिछिया और पायल चुरा ली है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, इससे एक दिन पहले 26 अगस्त को इसी इलाके में विजय सोनी के सूने मकान से भी बदमाशों ने लगभग 20 से 22 हजार रुपए की नकदी पार कर दी थी।

### देवास में बाइक मोड़ने के विवाद में चाकू से हमला:सैलून कर्मचारी और छात्र घायल



**देवास।** देवास के चाणक्यपुरी क्षेत्र में बाइक मोड़ने को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों पर चाकू से हमला किया गया। संदीप परमार और रोहित परमार नाम के ये दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाकू के वार से संदीप और रोहित के पेट और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। संदीप परमार सैलून में काम करता है, जबकि उसका भाई रोहित छात्र है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात बाइक मोड़ने की बात पर आरोपियों से उनका विवाद शुरू हुआ था। यह मामूली विवाद देखते ही देखते बढ़ गया और आरोपियों ने दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर रात करीब 9:30 बजे सीएसपी सुमित अग्रवाल जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल भाइयों और डॉक्टरों से घटना के संबंध में जानकारी ली। सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में बाइक मोड़ने को लेकर विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है और हमला करने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### उत्साह से मनाया रक्षाबंधन पर्व, बाजार में रही रौनक

**कानड़।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को नगर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। घर-घर बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपना स्नेह जताया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर नगर के बाजारों में भी विशेष रौनक रही। दो दिनों से राखी, मिठाई, फल और अन्य सामग्री की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती रही। शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार होने से बाजार में अधिक चहल-पहल देखने को मिली। मिठाई एवं राखी की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। पर्व के चलते नगर के प्रमुख मार्गों पर दिनभर वाहनों की आवाजाही अधिक रही। इससे कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ। लोगों ने श्रद्धा और प्रेम के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया।


## सावधान जाहिर सूचना

एतद् द्वारा हर आम व खास तथा सर्व साधारण को मेरी, पक्षकार फर्म मेसर्स सोनी क्लाथ सेन्टर, 183/1, देवास गेट उज्जैन द्वार प्रोप्रायटर रितेश पिता रमणलाल सोनी निवासी रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, देवास गेट उज्जैन की और से मुझे अधिकृत किये जाने व प्रदत्त माहिती अनुसार सूचित किया जाता है कि, फर्म मेसर्स रामप्रसाद गजानन्द ट्रेडर्स, 26 चिमनगंज मंडी उज्जैन के प्रोप्रायटर रामप्रसाद पिता गजानन्द पाटीदार द्वारा मेरी पक्षकार फर्म से कर्ज अनुबंध दिनांक 17-09-2025 से कर्ज राशी रुपये 20,00,000/- अक्षरी रुपये बीस लाख जर्ये बैंक ट्रांसफर 18 प्रतिशत प्रतिवर्ष प्रतिसेकडा प्रतिमाह की दर से ब्याज प्रत्येक 06 माह की अवधि में जर्ये चैक / बैंक ट्रांसफर भुगतान करने की शर्त पर मूलधन दिनांक 17-09-2027 तक की अवधि में भुगतान करने की शर्त पर उधार प्राप्त किये थे तथा मूलधन भुगतान हेतु दिनांक 17-09-2027 के 10-10 लाख रुपये दो पोस्ट डेटेड चैक भी जारी किये थे। किन्तु मूल ऋणी फर्म के प्रोप्रायटर श्री रामप्रसाद पाटीदार की आकस्मिक मृत्यु दिनांक 10-06-2026 को हो जाने से उनके वैध वारीसान एवं उत्तराधिकारीगण 01 श्रीमती सुमित्रा पति स्व. श्री रामप्रसाद पाटीदार, 02 रविन्द्र पिता स्व. श्री रामप्रसाद पाटीदार है और उनके द्वारा मृतक श्री रामप्रसाद पाटीदार की समस्त चल, अचल सम्पत्ति मकान एवं ग्राम विजयागंज मंडी तहसील व जिला देवास में स्थित मकान एवं कृषि भूमि प्राप्त की है और वे मेरी पक्षकार फर्म की राशि भुगतान हेतु उत्तरदायी है। मेरी पक्षकार फर्म की और से उन्हे बकाया ऋण एवं अनुबंध से उत्पन्न संविदात्मक दावे के संदर्भ में उन्हे उत्तराधिकार में प्राप्त चल, अचल सम्पत्ति को अन्यत्र हस्तांतरित, भारित आदि न किये जाने बाबत जर्ये अभिभाषक स्पीड पोस्ट एवं साधारण डाक से विधिक सूचना पत्र भी दिनांक 30/31-07-2026 को प्रेषित किया था, किन्तु उन्होंने मेरी पक्षकार फर्म को राशि भुगतान कर सूचना पत्र का उत्तर नहीं दिया है। इस कारण सर्व साधारण को सावधान किया जाता है कि, मृतक श्री रामप्रसाद पाटीदार के वैध वारीसान श्रीमती सुमित्रा पाटीदार एवं रविन्द्र पाटीदार से उन्हे उत्ताधिकार में प्राप्त उपरोक्त चल, अचल सम्पत्ति के संबंध में विक्रय, क्रय, दान, बंधक, पट्टा, हस्तांतरण अथवा किसी अन्य प्रकार का अधिकार प्राप्त नहीं करे। यदि कोई व्यक्ति उक्त जाहिर सूचना की जानकारी होने के बावजुद भी उक्त सम्पत्ति के संबंध में ऐसा कोई संव्यवहार करता है, जिससे मेरी पक्षकार फर्म के वैध संविदात्मक अधिकार प्रभावित होते है, तो मेरी पक्षकार फर्म को प्रचलित विधि के अनुसार ऐसे संव्यवहार के विरुद्ध उपलब्ध वैधानिक उपचार अपनाने तथा अपने अधिकारो की रक्षा हेतु उचित कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। यह जाहिर सूचना केवल मेरी पक्षकार फर्म के विद्धमान संविदात्मक दावे के संबंध में सर्व साधारण को पूर्व सूचना एवं सावधान करने के उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है। सूचित हो।

**नरेन्द्रसिंह सोलंकी, एडवोकेट एवं नोटरी**
**34/3/1 पानदरीबा, उज्जैन**
**मो.नं 9425984802, 7999853829**


# जेल में बंद भाइयों को राखी बाँधने पहुँची बहनें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



भाई-बहन के अटूट प्रेम, त्याग और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को शहर सहित पूरे अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों के भाल पर कुमकुम का तिलक सजाकर कलाई पर स्नेह का रक्षा सूत्र बांधा और उनका मुंह मीठा कराया। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को आकर्षक उपहार भेंट कर उन्हें सदा सुरक्षा का वचन दिया। त्योहार के चलते शहर के बाजारों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर दिनभर भारी रौनक और भीड़भाड़ का माहौल रहा।

भाइयों का मुंह मीठा कराने के लिए बहनों ने जमकर मिठाइयां खरीदीं, जिससे मिठाई की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों का तांता लगा रहा। राखी और मिठाई के अलावा कपड़ा और मोबाइल की दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ नजर आई। बहनों द्वारा पूजन के लिए नारियल, कुमकुम और अन्य सामग्री की खरीदारी का यह सिलसिला देर शाम तक अनवरत चलता रहा।

### जेल में बंद भाइयों को बांधी राखी

रक्षाबंधन का एक भावुक नजारा स्थानीय जेल में भी देखने को मिला। बंदी भाइयों की सूनी कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनें लंबी दूरी तय कर शाजापुर जेल पहुंचीं। सुबह से ही जेल के बाहर बहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। जेल परिसर में पहुंची बहनों ने भाइयों के माथे पर कुमकुम का तिलक लगाकर राखी बांधी और उनकी जल्द रिहाई की प्रार्थना की। इस दौरान उप जेल अधीक्षक सुमील मंडलेकर भी मौजूद रहे।

## भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन त्योहार उत्साह से मना

**गुना।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन तथा पारंपरिक भुजरिया पर्व को लेकर गुना जिलेभर में उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही बाजारों में रौनक दिखाई दी और बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और सम्मान का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के साथ ही अंचल की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े भुजरिया पर्व को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह नजर आया। महिलाओं और युवतियों ने भुजरिया की पूजा-अर्चना कर गीत गाए तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भुजरिया विसर्जन किया। विभिन्न स्थानों पर भुजरिया लेकर निकली टोलियों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भुजरिया पर्व के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कई स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा भी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गईं। रक्षाबंधन और भुजरिया पर्व ने एक बार फिर जिले की समृद्ध लोक संस्कृति, पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक एकता की खूबसूरत तस्वीर प्रस्तुत की।

## दो कारों की भिड़ंत, बाल-बाल बचे 7 लोग

**शाजापुर।** लालघाटी क्षेत्र में दो कारों के बीच टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को कोई चोंट नही आई है। जानकारी के अनुसार एक कार इंदौर से शाजापुर की ओर आ रही थी, जिसमें रवि विश्वकर्मा सवार थे। दूसरी कार कमलेश पाटीदार की थी, जो ग्राम बापचा से पनवाड़ी की दिशा में जा रही थी। जेल चौराहे पर दोनों कारों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार का अगला हिस्सा और दूसरी कार का साइड वाला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर डायल-112 पायलट कमलेश और पुलिसकर्मी जितेंद्र मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली।

## 51 हजार शिवलिंगों के पूजन अनुष्ठान का हुआ समापन

**शाजापुर।** भोलेनाथ के प्रिय माह सावन में 51 हजार पार्थिव शिवलिंग बनाकर आराधना किए जाने के अनुष्ठान का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम दुधाना में श्रावण मास की शुरूआत के साथ ही 51 हजार पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक अनुष्ठान का भी शुभारंभ हो गया था, जिसका समापन विधि-विधान से पूजन और रुद्राभिषेक किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम दुधाना के श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। पूरे श्रावण मास प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का पूजन पं. नित्य प्रकाश शर्मा, पं. भव्य शर्मा और पं. आशु शर्मा द्वारा विधि-विधान से करवाया गया। समापन पर पूर्णाहुति देकर मंगलकामनाएं की गई।

## बीकेएसएन महाविद्यालय में किया औचक निरीक्षण

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज, शाजापुर में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. योगेन्द्र वर्मा ने जन विश्वास अभियान के तहत औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. वर्मा ने पूरे महाविद्यालय परिसर, कक्षाएं, प्रायोगिक लैब, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। साथ ही डॉ. वर्मा ने लेखा शाखा के विभिन्न रजिस्टर, स्थापना शाखा के आवक-जावक रजिस्टर, सर्विस बुक, प्राध्यापकों की सार्थक उपस्थिति, उपस्थिति रजिस्टर, दैनिक टीचर डायरी आदि का भी गंभीरता से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के.तिवारी एवं डॉ. अरूण कुमार बोडाने आईक्यूएससी समन्वयक उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल का स्वागत

**शुजालपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर का शनिवार को नलखेड़ा पहुंचकर शुजालपुर के प्रतिनिधि मंडल ने स्वागत किया । पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने गुर्जर का पुष्पहारों से स्वागत किया। इस दौरान किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। किसानों ने कृषि क्षेत्र से संबंधित समस्याओं और अपेक्षाओं से अवगत कराया। गुर्जर ने किसान हित में आवश्यक पहल किए जाने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी परमार मामा, नारायण सिंह परमार, विष्णु प्रसाद मेवाड़ा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य मौजूद रहे।

## खेल दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**शुजालपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग शाजापुर के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा विकासखंड शुजालपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम हॉकी के जादूगर एवं भारत के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए रस्साकशी, चेयर रेस, खो-खो, कबड्डी सहित विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ दिलाई गई। उन्हें शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से मजबूत रहने तथा फिटनेस गतिविधियों में भाग लेने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया।

# घटिया निर्माण पर कलेक्टर सख्त, सांपखेड़ा पार्क का पेमेंट अटका

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

शहर में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों में किस कदर लापरवाही बरती जा रही है, इसका खुलासा तब हुआ जब कलेक्टर ऋजु बाफना अचानक निरीक्षण पर निकल पड़ीं। शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों का जायजा लेने पहुंचीं कलेक्टर को मौके पर कई जगह घटिया निर्माण और अव्यवस्थाएं मिलीं। इससे नाराज कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए जहां एक ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए, वहीं दूसरे का भुगतान रोक दिया है। वार्ड क्रमांक 27 में बन रहे संजीवनी क्लिनिक के हालात देखकर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई। मौके पर पाया गया कि निर्माण कार्य में तय मापदंडों और क्वालिटी की धज्जियां उड़ाई गई हैं। काम में सीपेज और अन्य खामियां देख कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस लापरवाह ठेकेदार को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाए।





### नालों पर लगेगी जाली, पार्कों में होंगे पौधे

दौरे के दौरान वार्ड 26 विजय नगर में नाले की गंदगी देख कलेक्टर ने गहरीकरण कर साफ-सफाई करवाने और सुरक्षा के लिए जाली लगाने के निर्देश दिए। वहीं, इसी वार्ड के लाड़ली लक्ष्मी पार्क में पौधे लगाने और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा। कलेक्टर की इस अचानक हुई सख्ती से निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे और नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नई बाउंड्रीवॉल में दरारें

अमृत 2.0 योजना के तहत ग्राम सांपखेड़ा में बन रहे पार्क का हाल भी निराशाजनक मिला। यहां बन रही नई बाउंड्रीवॉल में जगह-जगह दरारें (क्रैक्स) आ गई हैं। इस पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी को निर्माण की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए और ठेकेदार का भुगतान तत्काल प्रभाव से रोक दिया। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि पार्क में जल निकासी की सही व्यवस्था हो और केवल उच्च गुणवत्ता वाले पेवर ब्लॉक, बेंच और झूले ही लगाए जाएं।

### निर्माण की भी होगी जांच

कलेक्टर बाफना ने नगर पालिका के पीछे और लालघाटी क्षेत्र में बन रहे ओवरहेड टैंक का भी निरीक्षण किया। यहां भी काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने जल निगम को जांच के निर्देश सौंपे हैं।

# शुजालपुर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का रास्ता साफ

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

नगर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगरपालिका परिषद शुजालपुर द्वारा लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट एलडब्ल्यूएम के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी स्थापित किया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तरीय तकनीकी समिति भोपाल से तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद शनिवार को हुई पीआईसी बैठक में मेसर्स भगवती एंटरप्राइजेज बुरहानपुर की दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही एसटीपी स्थापना कार्य के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

**21.55 करोड़ की आएगी लागत-** परियोजना की अनुमानित लागत 2,155,59 लाख रुपए है। एसटीपी के माध्यम से सीटीएम मंडी क्षेत्र से जमधड़ नदी में मिलने वाले गंदे नालों के पानी का उपचार किया जाएगा। इससे नदी में प्रदूषित पानी की सीधे निकासी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

**तीन साल से हो रहा था प्रयास-** नगरपालिका परिषद अध्यक्ष बबीता बेनी प्रसाद परमार इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रयासरत थीं। उन्होंने कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार के माध्यम से योजना की स्वीकृति एवं कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किए।




### नदी संरक्षण की दिशा में अहम कदम

एसटीपी के निर्माण से सीटीएम मंडी क्षेत्र के गंदे नालों के पानी का उपचार संभव होगा। इससे जमधड़ नदी को प्रदूषण से बचाने के साथ ही नगर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। नगरपालिका ने इसे शुजालपुर के बेहतर और स्वच्छ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। पीआईसी की बैठक में सदस्य सईद पटेल, मंजू अशोक सोलंकी, कृष्णा अशोक नायक, अंजू राम सिंह खत्री, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओम त्र्यंबकेश्वर मिश्रा सहित नगरपालिका के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक कमल कुमार वैश्य को दी श्रद्धांजलि

**शुजालपुर।** शहर स्थित बीटीआई कॉलोनी के विद्यालय में लम्बे समय तक सेवाएं देने वाले तथा रेड रोज स्कूल के संस्थापक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय कमल कुमार वैश्य का गत दिवस निधन हो गया। उनके द्वारा पढ़ाए गए कई छात्र-छात्राएं आज देश में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे है। उनके निधन की सूचना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वे प्रशांत कुमार वैश्य, आशीष कुमार वैश्य एवं सपन कुमार वैश्य के पिता थे। वैश्य ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए रेड रोज स्कूल की स्थापना की थी। उनके निधन पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, कांग्रेस नेता महेन्द्र जोशी सहित शिक्षाजगत, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**वाणिज्य शाखा - ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे द्वारा मंडल के दाहोद स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्टॉल (Multi-Purpose Stalls) के आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्नानुसार है: • **कैटलॉग संख्या:** MPS-DHD-26 • **कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के दाहोद स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्टॉल (MPS यूनिट) का आवंटन। • **लॉट संख्या:** MPS-RTM-DHD-MPS-4-25-3 • **अनुबंध अवधि:** 5 वर्ष • **ई-नीलामी की तिथि एवं समय:** 11/09/2026 को प्रातः 11:30 बजे से • **प्रारंभिक कूलिंग-ऑफ अवधि:** 30 मिनट • **अनुक्रमिक लॉट के समापन का अंतराल:** 10 मिनट • **लॉट साइज समापन समय:** IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर उपलब्ध है। CRY/229

Like us on: facebook.com/WesternRly

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल सप्ताह का भव्य समापन

**शुजालपुर।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित खेल सप्ताह का शनिवार को भव्य समापन हुआ। 24 से 29 अगस्त तक महाविद्यालय के खेल प्रांगण में विभिन्न खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने कहा कि युवाओं को खेलों से जुड़कर योग एवं खेल गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।

## जन-विश्वास शिविर में समस्याओं का त्वरित समाधान छात्रा को मिली छात्रवृत्ति

**गुना।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शनिवार को तहसील मधुसूदनगढ़ की कृषि उपज मंडी में आयोजित चौथा जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर आमजन और प्रशासन के बीच संवाद, विश्वास और समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बना। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, वहीं छात्रा सुहानी सिलावट को पढ़ाई के लिए 12 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उपस्थित आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविर में छात्रा सुहानी सिलावट ने बताया कि जानकारी के अभाव में उसे छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई, जबकि वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। इस पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उससे छात्रवृत्ति की राशि के संबंध में जानकारी ली और रेडक्रॉस के माध्यम से एक वर्ष की 12 हजार रुपये की सहायता राशि मौके पर ही प्रदान की। कलेक्टर श्री कन्याल ने छात्रा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह मन लगाकर पढ़ाई करे समाज के लोगों की सेवा करे। इसी प्रकार श्री राजेश सोंधिया को भी 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। शिविर में सबसे पहले आवेदकों का पंजीयन कर उनके आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए।

**जाहिर सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार के द्वारा राकेश पिता पदम सिंह आंजना, पदम सिंह पित्ता धुलजी ग्राम रत्नाखेडी पटवारी मंगरोल से कृषि भूमि सर्वे, क्रमांक 269/1, 269/2 का रकबा 5 बीघा 2 बिसवा अर्थात 1.2 है. जो कि ग्राम मगरोल रत्नाखेड़ी उज्जैन में स्थित है। जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जा रहा है मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त कृषि भूमि का ब्याना को विक्रेता राकेश पिता पदम सिंह आंजना, पदम सिंह पिता धुलजी को गवाहों के समक्ष अदा कर दी गई है उक्त कृषि भूमि संपूर्ण हवाई हक सहित समस्त सुखाधिकार सहित क्रय कि जा रही है। उपरोक्त कृषी भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था वित्तीय निकाय बैंक पेडी समूह, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का ऋण लिया हो अथवा उक्त कृषिभूमि का अन्य किसी का स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, भोज, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिन से अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के गेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त कृषि भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित होवे। इति दिनांक 29.08.2026

**ओम प्रकाश पाठक एडवोकेट**
**157. अंकपात मार्ग उज्जैन म.प्र**

**In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain**

**Presiding Officer: श्री राघवेन्द्र पटेल**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु। ( RCS A/0000109/2026 )**
**मोहम्मद हुसैन कांचवाला ..........वादी**
**विरूद्ध**
**नूर मोहम्मद कुरैशी................प्रतिवादी**
**Process Id 2026**
**पेशी दिनांक 10/09/2026**

प्रेषिती- (1) नूर मोहम्मद कुरैशी पिता गुलाम नबी कुरैशी पता- 27 जैन कालोनी नयापुरा उज्जैन यह कि प्रार्थी मोहम्मद हुसैन कांचवाला पिता श्री तैय्यबअली कांचवाला, आयु-52 वर्ष, धंधा-व्यापार, निवासी-14 छत्रीचौक उज्जैन ने आपके विरुद्ध एक वाद वास्ते विक्रय अनुबंध पत्र के विर्निदिष्ट अनुपालन और संपत्ति का वास्तविक रिक्त आधिपत्य दिलाये जाने हेतु तथा स्थायी निषेधाज्ञा सहायता हेतु प्रतिवादी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की दुकान नंबर 23 जो कि भवन म्यु. क्रमांक 30/1/4 एवं 5 श्रीपाल मार्ग की गली क्रमांक 5 उज्जैन मध्यप्रदेश पर निर्मित बहुमंजिला भवन श्रीपाल प्लाजा के नाम से जाना जाता है कि तल मंजिल पर स्थित दुकान क्रमांक 23, दुकान क्रमांक 24, दुकान क्रमांक 22, दुकान क्रमांक 16 है उपरोक्त दुकान क्रमांक 23 के नीचे दुकान के क्षेत्रफल के बराबर बेसमेंट बना है। उपरोक्त वर्णित बेसमेंट सहित दुकान क्रमांक 23 के संबंध में आपके विरूद्ध सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद कर्को एक प्रक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जांता हैं कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**राघवेन्द्र पटेल**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड उज्जैन म.प्र.**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री दिनेशचन्द्र मेहता पिता श्री मांगीलालजी मेहता, निवासी-67 जे. आर. के. गडनिया कॉलोनी, भाटखेडी इन्दौर (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-298/4/1 (एस) रकबा 0.2600 हेक्टर एवं 298/4/3 (स) रकबा 0.0100 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.2700 हेक्टर ग्राम दताना, प. ह. नं.-00088 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 0.2700 हेक्टर मेसे पश्चिम दिशा की रकबा 0.1700 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-29.08.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी आशिक पटेल पिता रशीद पटेल, निवासी-28/1 गोया रोड, खजराना जिला इन्दौर (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-113 (एस) रकबा 0.6000 हेक्टर एवं 114 (स) रकबा 0.1500 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.7500 हेक्टर ग्राम तुलाहेडा, प. ह. नं.-00099 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-29.08.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सोजान बाई पति श्री मांगू सिंह, रेखा बाई पति मदन सिंह समस्त जाति सोंधिया निवासी व कृषक ग्राम बिरमखेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र.ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 61/2 रकबा 0.40 हेक्टर,सर्वे नम्बर 62/1 रकबा 0.28 हेक्टर, सर्वे नम्बर 62/2 रकबा 0.68 हेक्टर, भूमि कुल किता 03 कुल रकबा 1.36 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बिरमखेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्टी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सुचित हो । इति दिनांक - 27-08-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मो.**
**8719997462, 9584898788**

## न्यूज-कॉलम

### पेंशनर महासंघ के नगर इकाई की मासिक बैठक 31 को

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक 31 अगस्त 2026 को दोपहर 2.30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केंद्र पर आयोजित की जाएगी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों पर शासन की अनदेखी के खिलाफ कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने, संगठन के स्थापना दिवस, सदस्यता अभियान और अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, महंगाई राहत के लिए सहमति की बाध्यता समाप्त कराने में दिए गए सहयोग के लिए पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया का विशेष सम्मान किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने मंदसौर की समस्त मोहल्ला इकाइयों के अध्यक्षों व सचिवों से कार्यकारिणी सदस्यों सहित समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

### श्रद्धा जीवंत, दृढ़ और अविचल होनी चाहिए-स्वामी श्री संनिष्ठानंदजी

**मंदसौर ।** स्थानीय श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में आयोजित चातुर्मास ज्ञानयज्ञ शिवपुराण रहस्य कथा के दौरान स्वामी श्री संनिष्ठानंदजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में श्रद्धा अडिग, जीवंत और अविचल होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुद्धि केवल जीवन के आदर्शों का विश्लेषण करती है, जबकि श्रद्धा ही उन आदर्शों को हमारे भीतर जीवंत रखती है। जहाँ श्रद्धा का अभाव होता है, वहाँ भक्ति और ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं है। स्वामीजी ने स्वस्थ मन की तुलना स्वस्थ शरीर से करते हुए कहा कि जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन को विधिपूर्वक पचाना आवश्यक है, ठीक उसी तरह मन को स्वस्थ रखने के लिए गुरु के उपदेशों का श्रवण और मनन करके उन्हें आत्मसात करना अनिवार्य है। इस अवसर पर जगदीशचंद्र सेठिया, राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, जगदीश भावसार और प्रवीण देवड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब सेवानिवृत्त शिक्षकों का करेगा सम्मान

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। क्लब के अध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल और मार्केटिंग चेयरपर्सन डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने बताया कि इस वर्ष 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के मध्य शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह गरिमामय कार्यक्रम नूतन हायर सेकंडरी स्कूल परिसर के सभागृह में प्रातः 9.15 बजे आयोजित होगा। इस समारोह में मंदसौर, सीतामऊ और मल्हारगढ़ तहसील के सभी पात्र सेवानिवृत्त शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है।

### पी.जी. कॉलेज में संस्कृत सुभाषित श्लोक गायन प्रतियोगिता संपन्न

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. स्ना. महाविद्यालय मंदसौर के संस्कृत विभाग एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह अंतर्गत संस्कृत सुभाषित श्लोक गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संस्कृत सुभाषित श्लोक गायन प्रतियोगिता में संस्कृत श्लोकों सस्वर का गायन किया और श्लोकों में निहित भावों को भी बताया। प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता में एम.ए. संस्कृत के छात्र प्रखर दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सत्यप्रकाश द्वितीय स्थान पर रहे तथा जागृति परमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। देवांश मालवीय ने सुमधुर संस्कृत गीत की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा, डॉ. पंकज शर्मा रहें। प्रतियोगिता का संचालन संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को संस्कृत सप्ताह समारोह के समापन कार्यक्रम में प्रमाण- पत्र प्रदान किया जाएगा।

# अलकापुरी में आयोजित जन विश्वास शिविर में जनसंवाद के साथ हुआ समस्याओं का निराकरण

## युवा उद्यमियों ने साझा किए अनुभव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शनिवार को अलकापुरी स्थित कम्युनिटी हॉल (अटल सभागृह) में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की गई। शिविर का उद्देश्य आमजन को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ सहज एवं सरल रूप से उपलब्ध कराना रहा। शिविर में निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविन्द काकानी, डीआईजी निमिष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, मंडल महामंत्री विवेक शर्मा, एल्डरमैन प्रभु नेका, मंडल उपाध्यक्ष संजय पाण्डेय, राजेश पांचाल, हरीश यादव, निगम आयुक्त अनिल भाना, रतलाम शहर एसडीएम तरुण जैन, उपायुक्त सचिन सिटोले सहित जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी, आम नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि अंतिम व्यक्ति एवं पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। शिविर के माध्यम से आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी जा रही हैं और उनका निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच पहुंचकर समस्याओं का समाधान करने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है।

विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने कहा कि जनता के प्रति विश्वास रखने वाली सरकार जनता के बीच पहुंचकर जनता के लिए कार्य कर रही है। आम नागरिकों के कार्य आसानी से और समय पर हो सकें, इसके लिए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन जनता के प्रति सजग होने के साथ-साथ संवेदनशील और सरल भी है।

शिविर में युवा उद्यमी संवाद का आयोजन भी किया गया। इसमें युवा उद्यमी यशराज राठौर, रोहित मालपानी, अर्चित पोरवाल, शैलेंद्र टंडन, कुलदीप भाटी एवं शांतिलाल ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। युवा उद्यमियों ने कहा कि उद्योग विभाग के माध्यम से उद्योग स्थापित करने के लिए उपलब्ध ऋण एवं अन्य योजनाएं युवाओं के लिए काफी उपयोगी हैं। योजनाओं के माध्यम से युवाओं को अपना व्यवसाय एवं उद्योग स्थापित करने में सहायता मिल रही है। युवा उद्यमियों ने कहा कि उद्योग विभाग के माध्यम से विभिन्न कार्यों में सहयोग मिलने से उद्योगों का संचालन सुगम हो रहा है। उन्होंने युवाओं से उद्योग एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेकर युवा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मंच से ही विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितग्राहियों को सीधे लाभ प्रदान किया गया।

पीएम स्वनिधि योजना, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। शिविर के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई भी की गई। जनसंवाद के दौरान नागरिकों द्वारा रखी गई समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

## मंदसौर में नवकार महामंत्र की 9 दिवसीय साधना संपन्न-115 आराधकों का निकला भव्य वरघोड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



मुनिराज श्री प्रत्यक्ष रत्नविजयजी एवं मुनिराज श्री पवित्ररत्नविजयजी म. सा. की पावन निश्रा में आयोजित 9 दिवसीय नवकार महामंत्र की विशिष्ट धर्म साधना सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस कठोर साधना के अंतर्गत 115 आराधकों ने 20 से 28 अगस्त तक प्रतिदिन नवकार महामंत्र की 20-20 मालाएं फेरीं, 24 घंटे में केवल एक बार आहार ग्रहण किया और 68 तीर्थों की भावयात्रा की। साधना पूर्ण होने पर जीवागंज स्थित राजेंद्र विलास से एक अनुशासित एवं भव्य वरघोड़ा (जुलूस) निकाला गया, जिसमें श्वेत वस्त्रधारी श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की। मुख्य लाभार्थी पारसमलजी डोसी परिवार ने नवकार महामंत्र का कलश और जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएं हाथ में लेकर चल समारोह की शोभा बढ़ाई।

वरघोड़ा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गणपति चौक स्थित श्री अजीतनाथ मंदिर पहुँचा, जहाँ तीर्थंकरों की आरती के उपरांत लाभार्थी परिवार द्वारा सभी ११५ आराधकों का तिलक व माला पहनाकर बहुमान किया गया और पारणा कराया गया। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नजी ने पढ़मं हवइ मंगलं पद की महिमा समझाते हुए कहा कि सांसारिक रिश्ते-नाते जन्म-मरण का चक्र बढ़ाते हैं, जबकि नवकार महामंत्र से प्रीति ही जीव का कल्याण कर सकती है। मुनि श्री की प्रेरणा से सभी आराधकों ने दैनिक जीवन में प्रतिदिन नवकार महामंत्र की कम से कम एक माला जपने का नियम भी ग्रहण किया।

## 13 रुद्राक्षों पर उकेरे 12 ज्योतिर्लिंग, बीच में पशुपतिनाथ महादेव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

रक्षाबंधन के अवसर पर नीमच जिले के ग्राम कुंचड़ोद निवासी चित्रकार राहुल कुमार लोहार ने कला, आस्था और भारतीय संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हुए चुद्राक्ष शिव-राखीज तैयार की है। इस विशेष राखी में 13 रुद्राक्षों का उपयोग किया गया है। इनमें 12 रुद्राक्षों पर भारत के द्वादश ज्योतिर्लिंगों के अति सूक्ष्म चित्र उकेरे गए हैं, जबकि बीच में रखे 13वें रुद्राक्ष पर मंदसौर के प्रसिद्ध अष्टमुखी पशुपतिनाथ महादेव का चित्र बनाया गया है। राहुल ने रुद्राक्ष की छोटी और प्राकृतिक सतह को ही अपना कैनवास बनाया। उन्होंने प्रत्येक रुद्राक्ष पर एक-एक ज्योतिर्लिंग का स्वरूप उकेरने के लिए एक या दो बाल वाले बारीक ब्रश का इस्तेमाल किया। कलाकार के अनुसार इस सूक्ष्म चित्रकारी के दौरान उन्होंने किसी मैग्नीफाइंग ग्लास या लेंस की सहायता नहीं ली, बल्कि नग्न आंखों से ही चित्र तैयार किए। राखी में सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम और घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंगों को स्थान दिया गया है। इन 12 रुद्राक्षों को गोलाकार रूप में एक-दूसरे से जोड़कर राखी का स्वरूप दिया गया है। इनके ठीक मध्य में 13वें रुद्राक्ष पर मंदसौर के अष्टमुखी पशुपतिनाथ महादेव को स्थान दिया गया है। इस कलाकृति के माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंगों को एक ही सूत्र में जोड़ने का प्रयास किया।

## आम आदमी पार्टी का दोहरा चरित्र - किशोर जेवरिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

आज फेसबुक पर आम आदमी के नेताजी की तरफ से एक पोस्ट आई है जिसमें लिखा है कि हमारा भाजपा से निवेदन है कि हमारा मैदान छोड दें, अन्यथा सभी अनाधिकृत जमीनों को भी छोडना पडेगा। पहला सवाल तो यहां यह उठता है कि आम आदमी पार्टी का कौन सा मैदान है और दूसरा भाजपा ने कौन सी अनाधिकृत जमीनों पर कब्जा कर रखा है जिसे छोडना पडेगा। दो दिन पहले आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया था। शायद हायर सेकेण्ड्री स्कूल क्रमांक २ का स्कूल मैदान, जहां वे सांदीपनि स्कूल बनाने का विरोध कर रहे हैं, वे इसी को अपना मैदान समझ रहे हैं। मानने का क्या है, मैं अगर लालकिले को अपना मान लूं तो मेरा तो नहीं हो जाएगा। अब आता है दूसरा सवाल कि भाजपा को सभी अनाधिकृत जमीनों को छोडना पडेगा। आपको पता है कि भाजपा ने कहां-कहां अनाधिकृत रूप से जमीनों पर कब्जा किया हुआ है और कबसे किया हुआ है। आपको पता था तो आपने अभी तक इसको छुडाना तो दूर इसका एक बार भी विरोध तक नहीं किया। क्यों ? आप उस स्कूल का विरोध कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत ग्राम असीर में संभागायुक्त ने किया भ्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत असीर में क्षेत्र भ्रमण आयोजित किया गया। संभागायुक्त इंदौर संभाग भास्कर लक्षकार ने ग्राम में विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर हर्ष सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

संभागायुक्त लक्षकार ने असीर के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जांच और दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद जरूरत अनुसार उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर करने तथा गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन कर चारों एएनसी जांचें पूरी कराने को कहा। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल असीर का निरीक्षण कर कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। रजिस्टर संधारण की जानकारी ली और लाइब्रेरी का अवलोकन कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पुस्तकों का लाभ देने की बात कही।

## राखी के धागे ने जोड़ा दिलों का रिश्ता, जिला जेल में भावुक हुईं विधायक

**खंडवा।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने जिला जेल पहुंचकर 50 से अधिक बंदियों को राखी बांधी और उन्हें भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का एहसास कराते हुए अपराध से दूर रहने तथा बेहतर जीवन की नई शुरूआत करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान जेल परिसर में कई भावुक क्षण देखने को मिले, जब एक परिवार की पीड़ा और रिश्तों की भावनाओं को देखकर विधायक तनवे की आंखें भी नम हो गईं। राखी बांधने के कार्यक्रम से पूर्व विधायक तनवे की नजर एक ऐसे बंदी पर पड़ी, जो अपने परिवार के सदस्यों के साथ बैठा हुआ था। उसके परिजन भावुक होकर रो रहे थे। परिवार की पीड़ा और अपनों की आंखों में आंसू देखकर विधायक तनवे भी भावुक हो गईं। उन्होंने बंदी को समझाते हुए कहा कि परिवार के इन आंसुओं और अपनों के दर्द को हमेशा याद रखना तथा भविष्य में ऐसा कोई कार्य नहीं करना, जिससे तुम्हें दोबारा जेल आना पड़े।

विधायक तनवे ने वहां मौजूद बंदी की दोनों बहनों के हाथ उसके हाथों में रखकर उसे संकल्प दिलाया कि वह भविष्य में ऐसा कोई काम नहीं करेगा, जिससे उसके परिवार को फिर कभी इस तरह की पीड़ा सहनी पड़े। इस भावुक दृश्य ने वहां मौजूद लोगों को भी भावुक कर दिया। इसके बाद विधायक कंचन तनवे ने 50 से अधिक बंदियों को राखी बांधी।

## ग्राम भूखी में जनविश्वास शिविर में 56 समस्याओं का हुआ निराकरण

### सांसद सुधीर गुप्ता ने उद्यमियों को किया प्रोत्साहित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मंदसौर जनपद पंचायत के ग्राम भूखी में आयोजित शिविर में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, कलेक्टर दिव्यांक सिंह और एसपी विनोद कुमार मीना सहित प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। शिविर के दौरान आमजन से प्राप्त 128 शिकायतों में से 56 का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष 72 समस्याओं के समाधान के लिए समय-सीमा तय की गई। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। कार्यक्रम के दौरान उद्यम संवाद का भी आयोजन किया गया, जिसमें सांसद ने युवाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने जिले के हस्तशिल्पियों के उत्पादों के विपणन के लिए नाबार्ड के माध्यम से बेहतर व्यवस्था बनाने और मुल्तानपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित प्लॉटों की पारदर्शिता के लिए सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

शिविर में एमएसएमई और उद्यानिकी विभाग के तहत सफल उद्यमियों ने अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कीं, वहीं मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (सखी स्वावलंबन योजना) के अंतर्गत कई हितग्राहियों को विभिन्न व्यवसायों के लिए चेक प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त, अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने देवडूंगरी, रेवास देवड़ा, नौगावा, गुर्जरदा और हैदरवास का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

हैदरवास में अत्यधिक बिजली बिल की शिकायत पर उन्होंने तुरंत जांच के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हो गया। कलेक्टर ने ग्राम करौली में ऑयल मिल, रेवास देवड़ा में गौशाला, नौगावा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर व आंगनबाड़ी केंद्र तथा गुर्जरदा के हाई स्कूल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## न्यूज कालम




### लहसुन से भरी ट्रक चोरी मामले को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**पिपलियामंडी।** स्थानीय कृषि उपज मंडी से लहसुन से भरी ट्रक के गायब होने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। लहसुन व्यापारी श्री शंकर लाल हरजानी की करीब 20 लाख रुपये की लहसुन के साथ ट्रक गायब होने से मंडी व्यापारियों में भारी आक्रोश है। इसी के विरोध में 29 अगस्त शनिवार को कृषि उपज मंडी पिपलियामंडी के सभी व्यापारियों ने मंडी बंद रखकर प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द उपज बरामद करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करी। सभी व्यापारी एकजुट होकर थाना पहुंचे और थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने से मुलाकात कर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की, थाना प्रभारी ने व्यापारियों को मामले में जल्द उचित एवं प्रभावी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त मामले को लेकर उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा को भी पिपलिया पुलिस की उदासीनता हेतु अवगत करवा रहे है।

### बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख स्वीकृति पर खिलाड़ियों ने विधायक का किया स्वागत



**नीमच।** कोठी स्कूल मैदान की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 20 लाख की स्वीकृति मिलने पर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने विधायक सेवा केंद्र पहुंचकर विधायक दिलीप सिंह परिहार का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक परिहार ने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधाओं का विस्तार एवं युवाओं को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। नीमच विधानसभा क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बाउंड्रीवाल निर्माण से कोठी स्कूल मैदान में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में जिला फुटबाल संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा, सत्तार भाई ऑटो वाले, बंदू पहलवान, प्रमोद शर्मा, अनिल सुराह, हामिद पठान, शंकर कप्तान, मंडल अध्यक्ष दारासिंह यादव, पार्षद रामचंद्र धनगर, विजेंद्र सिंह बैंस, जतिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### रक्षाबंधन पर बस कंडक्टर ने कर्तव्य राह में ही बहन से राखी बंधवाई

**नीमच।** रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्यार को बांधने वाले राखी के धागे को किसी जाजम या व्यवस्था का इंतजार नहीं रहता। रक्षाबंधन के त्योहार पर अपनी ड्यूटी पर लगे बस कंडक्टर ने कर्तव्य राह में ही बहन से बंधवाई राखी रक्षाबंधन मनाया। यह रक्षाबंधन पर भाई-बहन के प्रेम की भावुक तस्वीर सामने आई। प्रतापगढ़ डिपो में रोडवेज बस चालक किशनलाल मेघवाल ड्यूटी के चलते घर नहीं पहुंच सके। ऐसे में उनकी बहन रूपा देवी ने रास्ते में रोडवेज बस रुकवाई और महज एक मिनट में भाई की कलाई पर राखी बांधी। भाई ने भी बहन को आशीर्वाद दिया। सड़क पर हुई राखी की इस रस्म ने भाई-बहन के अटूट प्रेम की मिसाल पेश की।




घर नहीं पहुंच सका भाई तो बहन पहुंची सड़क पर, बस रुकवाकर बांधी राखी

### अवैध अफीम घर छुपा कर रखने वाले आरोपी को 15 वर्ष का कारावास

**नीमच।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) मनासा, जिला-नीमच द्वारा अपने निर्णय में वैध लाईसेंस के अतिरिक्त 25 किलो 850 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का तस्करी किये जाने के उद्देश्य से घर में संग्रह करने वाले आरोपी मूलचंद पिता मोहनलाल मेघवाल, उम्र-42 साल, निवासी-ग्राम खेड़ली, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 8/18(ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं ०१ लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना दिनांक 19.3.2020 को सुबह के लगभग 9 बजे ग्राम खेड़ली स्थित आरोपी के घर की हैं। कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी मूलचंद द्वारा अफीम पट्टों से उत्पादित वैध अफीम के अतिरिक्त 20 से 30 किलोग्राम अवैध अफीम तस्करी के उद्देश्य से घर में छिपा रखी हैं। मुखबीर सूचना पर से निवारक दल का गठन कर ग्राम खेड़ली स्थित आरोपी के घर पर पँहुच कर उसके घर की तलाशी लिये जाने पर घर में अफीम की चार बाल्टियां मिली जो कि आरोपी स्वयं मूलचंद, उसके पिता मोहनलाल, गंगाबाई एवं दाखीबाई के अफीम लायसेंस से उत्पादित अफीम होना पाया गया।

### जैन समाज ने रक्षाबंधन मुनी रक्षा दिवस के रूप में मनाया

**खंडवा।** रक्षाबंधन पर्व जैन समाज द्वारा मुनि रक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचीन मान्यता है कि श्रवण की पूर्णिमा के दिन सैकड़ों मुनियों की रक्षा हुई थी। इस रक्षा को लेकर जैन समाज रक्षाबंधन पर्व मनाता है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि श्रावण मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन जहां रक्षाबंधन उत्साह के साथ मनाया जाता है, वहीं श्रावण शुक्ल की पूर्णिमा के दिन भगवान श्रेयांशनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाता है। आज से हजारों वर्ष पूर्व झारखंड स्थित शिखरजी के पर्वत पर तप और तपस्या करते हुए श्रावण शुक्ल की पूर्णिमा के दिन भगवान श्रेयांश नाथ ने मोक्ष प्राप्त किया था।

मौसम बदलते ही वायरल फीवर का प्रकोप, सिविल अस्पताल में 400 मरीज पहुंचे

# बामनियाखेड़ी में घर-घर बीमार स्वास्थ्य विभाग ने 45 लोगों के लिए सैंपल

पानी की टंकी की भी जांच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

मौसम में अचानक आए बदलाव के साथ क्षेत्र में वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ता नजर आ रहा है। सुसनेर के सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 27 अगस्त को अस्पताल की ओपीडी में करीब 400 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या सर्दी, खांसी, बुखार और शरीर में दर्द जैसी शिकायतों से परेशान मरीजों की रही। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव के दौरान वायरल संक्रमण के मामले बढ़ना आम है, लेकिन इस बार मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।

क्षेत्र के समीप ग्राम बामनियाखेड़ी में स्थिति और अधिक चिंताजनक बताई जा रही है। यहां कई घरों में लोग बीमार हैं। ग्रामीणों में बुखार सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार को गांव पहुंची और करीब 45 लोगों के सैंपल लिए। पूर्व में कराई गई जांच में 10 से अधिक लोगों की रिपोर्ट में टाइफाइड के लक्षण सामने आने की बात भी सामने आई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पानी की टंकी की भी जांच की, ताकि बीमारी फैलने के संभावित कारणों का पता लगाया जा सके।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों से उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई और बीमार लोगों की जांच की गई। विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों की जांच के बाद ही बीमारी की वास्तविक स्थिति और संक्रमण के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

गांव में जांच के दौरान प्रभारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी अखिलेश कुमार बागी, मुकेश सूर्यवंशी, भरत भावसार, सीएओ दीपिका पाटीदार सहित आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सैंपल लेने के साथ ही पानी की जांच भी की गई है। अब ग्रामीणों के सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि बामनियाखेड़ी में बीमारी का मुख्य कारण वायरल संक्रमण है या इसके पीछे दूषित पानी अथवा अन्य कारण भी जिम्मेदार हैं।

फिलहाल क्षेत्र में बढ़ते बुखार, सर्दी-खांसी और वायरल संक्रमण के मामलों को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी लोगों से साफ-सफाई रखने, स्वच्छ पानी का उपयोग करने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की जा रही है।





**लगातार बढ़ रही ओपीडी में मरीजों की संख्या**

सिविल अस्पताल की ओपीडी के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले कुछ दिनों में मरीजों की संख्या में उतार-चढ़ाव के साथ वृद्धि दिखाई दे रही है। 21 अगस्त को 350 से अधिक मरीजों ने उपचार कराया था। 22 अगस्त को भी मरीजों की संख्या 350 से अधिक रही। 23 और 24 अगस्त को अवकाश के कारण ओपीडी बंद रही। 25 अगस्त को 163 मरीज अस्पताल पहुंचे, जबकि 27 अगस्त को यह संख्या बढ़कर करीब 400 तक पहुंच गई। इनमें सबसे अधिक मरीज बुखार और सर्दी-खांसी की शिकायत लेकर पहुंचे।

**स्वास्थ्यकर्मी भी बीमारी की चपेट में**

वायरल संक्रमण का असर केवल आम लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के भी बीमार होने की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कई स्वास्थ्यकर्मी बीमारी के बावजूद अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं और ड्यूटी के साथ-साथ उपचार भी करा रहे हैं। कुछ स्वास्थ्यकर्मी उपचार के दौरान बोतल चढ़वाकर भी अपनी जिम्मेदारी निभाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के सामने मरीजों के बढ़ते दबाव के साथ अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर भी चुनौती बनी हुई है।

## मुकेश बांठिया प्रदेश संरक्षक मनोनीक

**महिदपुर।** महिदपुर त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष मुकेश बांठिया को श्री आदिनाथ राजेंद्र जैन श्वेतांबर पेढ़ी ट्रस्ट, मोहनखेड़ा तीर्थ के तत्वाधान में सौधर्म वृहद् तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ-मध्यप्रदेश इकाई का प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति समस्त ट्रस्ट मंडल एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय मोदी द्वारा की गई। मुकेश बांठिया की नियुक्ति से समाजजनों में हर्ष का वातावरण है। नियुक्ति के उपलक्ष्य में समाजजनों द्वारा शुक्रवार सुबह साध्वीजी श्री तत्वलता श्रीजी म. सा. आदि ठाणा-4 की निश्रा में आयोजित चातुर्मासिक प्रवचन कार्यक्रम के दौरान बांठिया को सार्वजनिक रूप से शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि बांठिया अपने अनुभव एवं सेवाभाव से संगठन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया


**बडौद।** शुक्रवार को रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्योंकि इस बार रक्षा बंधन के पर्व पर बद्रा का साया नहीं होने से सुबह से बहने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने के लिए आतुर रही और खुशी खुशी अपने भाइयों की कलाई पर शुभ मुहूर्त में रक्षा सूत्रबादे और भाईयों की लंबी उम्र की कामनाएं की। इसमें नन्हे बच्चे भी पीछे नहीं रहे।

## रक्षाबंधन पर्व पर नगर में बच्चों में उत्साह बना परिवार के साथ पर्व मनाया

**खाचरौद।** नगर में रक्षाबंधन का त्यौहार परिवार के साथ हंसी खुशी से मनाया गया। राखी का त्यौहार के लिए बहने एक दिवस पूर्व ही अपने घर आई। तो परिवार का माहौल और आसपास घरों में हंसी ठहाके की आवाज से महक उठा। भाई बहन की नोक झोक और तकरार के बाद मीठी मीठी यादों को सहजा गया। बहन ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर कर खुशमय जीवन का आशीर्वाद दिया गया। भाई ने भी अपनी बहन को गिफ्ट दिया गया। नगर में शाम को सभी घरों में परिवार के साथ रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।

## पोरवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन





**महिदपुर रोड।** नगर जांगड़ा पंच पोरवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन नव निर्वाचित अध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल (बिजली वाले) की उपस्थिति तथा वरिष्ठ समाज जनों के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान तेजमल पोरवाल तथा प्रहलाद पोरवाल को उपाध्यक्ष ,मधुसूदन फरक्या को कोषाध्यक्ष ,अशोक पोरवाल सचिव, सुनील पोरवाल को मीडिया प्रभारी बनाया गया निवृत मान अध्यक्ष शिवनारायण पोरवाल (बालाजी) कोषाध्यक्ष कमलेश चौधरी तथा समाज के संविधान अनुसार अपना कार्यकाल पूरा कर चुके अन्य पदाधिकारी इस दौरान उपस्थित रहे सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए अपनी ओर से पूरा सहयोग करने की बात कही

## चार्टर्ड बसों में बहिनों ने की नि:शुल्क बस यात्रा

महिदपुर रोड। भोपाल से उज्जैन की ओर आने वाली चार्टर्ड बसों के स्टाफ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की पालना में गुरुवार को चार्टर्ड बसों में यात्रा कर अपने मायके जाने वाली महिलाओं को निशुल्क बस यात्रा करवा कर उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाया गया। जानकारी देते हुए नगर के उपाध्याय तथा पांडे परिवार की बेटियों मेघा व्यास व उर्मिला पुरोहित (गुड्डी) ने बताया वे अपने ससुराल सीहोर से उज्जैन जाने आने के लिये चार्टर्ड बस में सवार हुई बस के परिचालक ने दोनों से बस का किराया लेने से इंकार करते हुए बताया वरिष्ठ अधिकार रियों के निर्देश है कि आज चार्टर्ड बसों में यात्रा करने वाली सभी महिलाओं को उनके गंतव्य स्थल तक बिना किराया लिये पहुंचाया ।

आचार्य श्रीमद विजय जयानंद सूरी जी के संयम अर्ध शताब्दी दिवस पर

# सामूहिक सामयिक, आयंबिल के साथ गुणानुवाद सभा एवं जीव दया कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

विश्व पूज्य गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सूरी महाराजा जन्म द्विशताब्दी समर्पित मंगल वरदाय चातुर्मास में पुण्य सम्राट गुरुदेव जयंतसेन सुरीश्वर जी म.सा. की दिव्य कृपा प्राप्त पुण्य गच्छाधिपति आचार्य देवेश हृदय सम्राट नित्यसेन सूरीश्वरजी की आज्ञानुवर्तिनी चातुर्मास विराजित साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी महाराज साहब आदि थाणा 4 की शुभ निश्रा में त्रिस्तुतिक परंपरा के प्रभावी पट्टधर आचार्य देवेश चरित्र शिरोमणि, कठोर क्रिया पालक श्रीमद विजय जयानंद सुरीश्वर जी गुरुदेव की संयम अर्धशताब्दी उत्सव स्थानीय खतरगच्छ आराधना भवन में सैकड़ों श्री संघ सदस्यों की उपस्थिति में मनाया गया।

पूज्य गुरुदेव की 50 वीं दीक्षा दिवस पर सामूहिक सामयिक के साथ गुणानुवाद सभा का आयोजन त्रिस्तुतिक श्री संघ द्वारा किया गया। गुणानुवाद सभा की शुरुआत परम गुरुभक्त आकाश मेहता द्वारा गुरुदेव के जीवन वृत्त पर एक आलेख प्रस्तुत किया, सभा में तपागच्छ संघ के सचिव ललित गार्डी नासकावाला, आदिनाथ किला ट्रस्टी, लेखक चिंतक जैनेन्द्र खेमसरा, खतरगच्छ महिला मंडल से कुशल बेन धारीवाल, स्थानकवासी श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष धर्मदास संघ के राजकुमारजी सकलेचा, त्रिस्तुतिक महिला मंडल की संगीता मोदी, श्वेता बांठिया, सपना छजलानी आदि के साथ परम पूज्य साध्वी तत्वलता श्री जी महाराज साहब ने गुरुदेव जयानंद सूरी जी के जीवन, दीक्षा वृत्त पर विभिन्न बिंदुओं के साथ उनके त्याग, संयम ,क्रिया धर्मपालन की महिमा की व्याख्या की।

गुणानुवाद सभा का समापन त्रिस्तिक श्रीसंघ अध्यक्ष आशुतोष छजलानी द्वारा गुरुदेव के प्रेरक प्रसंग की व्याख्या करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। गुणानुवाद धर्मसभा का संचालन त्रिस्तुतिक संघ नवनियुक्त प्रदेश संरक्षक एवं स्थानीय संघ पूर्व अध्यक्ष मुकेश बांठिया ने किया। संयम दिवस पर सामूहिक आयंबिल श्रीमति शीला शरद भटेवरा चातुर्मास लाभार्थीत आयंबिल खाता सेठ सेतानमल बुरड़ भवन में संपन्न हुए। दोपहर पश्चात जीवदया के लिए स्थानीय गोपाल गोशाला में गुरुदेव राजेन्द्र जयानंद भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा जीव दया सेवा की गई जिसमें आशीष जम्बू चोपड़ा जीवदया मित्र मंडल ने व्यवस्था सहयोग प्रदान किया। सभी कार्यक्रम में सहयोग गुरु राजेंद्र जयानंद मित्र मंडल का रहा। प्रभावना का लाभ गुरु भक्त मंडल एवं वर्षीतप आराधक सीमा राजकुमार सकलेचा द्वारा लिया गया।



## दो करोड की ठगी का मामला सुलझाने में थाना प्रभारी को एसपी ने किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

पैसे दोगुना करने का लालच देकर 2 करोड रुपये की ठगी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह का पिछले दिनों जिला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस पूरे मामले में सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने अहम भूमिका निभाते हुए कठिन और पेचीदा जांच को अंजाम तक पहुंचाया, जिसके लिए एसपी अमित तोलानी ने उन्हें विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। दरअसल जिले में ठगी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने एक व्यापक जांच अभियान शुरू किया था। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी और उनकी टीम ने भोपाल, मुंबई और नासिक में लगातार 15 दिनों तक डेरा डालकर करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। शातिर अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 10 राज्यों में लगभग 30 हजार किलोमीटर का सफर तय किया। पुलिस की कडी मेहनत के दम पर गिरोह के शनि उर्फ शमी मंडल को भोपाल के जहांगीराबाद से थाना प्रभारी रघुवंशी ने दबोचा और पूछताछ के बाद मुस्तकीम मंडल सहित कुल 14 आरोपियों को दबोचने में सफलता मिली। कार्रवाई के दौरान सारंगपुर थाना प्रभारी रघुवंशी ने त्वरित कदम उठाते हुए आरोपियों के कब्जे से 30 लाख रुपये नगद और अपराध में इस्तेमाल की गई एक स्कॉर्पियो गाडी जब्त की। वहीं दूसरे अपराधियों से मिलाकर कुल 1 करोड रुपए नगदी जप्त की। उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण मामले में पुलिस ने समूचे गिरोह के खिलाफ की गई इस बडी कार्रवाई में कुल मिलाकर 2 करोड 92 हजार 91 हजार रुपये का माल व नगदी बरामद की है।

# क्षिप्रा नदी में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत

रेस्क्यू कर शव बाहर निकाला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

क्षिप्रा नदी में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर डीआरसी महिदपुर की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक के शव को नदी से बाहर निकाला। शव को शासकीय अस्पताल महिदपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ओमप्रकाश पिता दशरथ मकवाना (22), निवासी ग्राम गुराडिया सांगा, थाना उन्हेल बुधवार शाम करीब 6 बजे अपने घर से ससुराल ग्राम कानाखेड़ी, महिदपुर रोड गया था। वहां विवाद होने के बाद वह कहीं चला गया। परिजनों ने रात में महिदपुर रोड क्षेत्र में उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने पर ओमप्रकाश की लोकेशन रुद्रखेड़ा के आसपास मिली। परिजन तलाश करते हुए दोपहर करीब 2:30 बजे महिदपुर स्थित क्षिप्रा नदी की छोटी पुलिया के पास पहुंचे। यहां नदी किनारे ओमप्रकाश की मोटरसाइकिल, मोबाइल और चप्पलें पड़ी मिलीं।

इसके बाद नदी में तलाश की गई और लोगों की मदद से ओमप्रकाश का शव बाहर निकाला गया। डीआरसी महिदपुर की टीम ने रेस्क्यू कर शव को अस्पताल पहुंचाया।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, सरकार से राहत की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर

देश एवं प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जीरापुर द्वारा, 27 अगस्त को तहसीलदार जीरापुर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आमजन को बढ़ती महंगाई से राहत दिलाने के लिए सरकार से ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट सत्यनारायण सर्राफ के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर और बिजली की बढ़ती कीमतों का सीधा असर गरीब, किसान, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। महंगाई के कारण परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है और लोगों को अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण करने, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने तथा घरेलू गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग की गई।



ज्ञापन में केंद्र एवं राज्य सरकार से महंगाई पर नियंत्रण के लिए, तत्काल ठोस नीति बनाने और आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तरुण चौबे ,राजाराम पाटीदार आदि पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे



## सरस्वती शिशु मंदिर की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु मंदिरों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल मिनावदा में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम भारती जावरा के उपाध्यक्ष छोगालाल पाटीदार, तथा ठा. दशरथ सिंह चौहान, दशरथ पाटीदार धर्मेंद्रसिंह सिसौदिया आदि ने संयुक्त रूप से किया समापन सत्र में ग्राम भारती अध्यक्ष हेमेन्द्रराज चौरड़िया मांगीलाल पाटीदार दीपिका सिंह डोडिया रामनिवास पाटीदार एवं लाल सिंह सोलंकी अतिथि के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य देवीसिंह राठौर तथा प्रधानाचार्य कालूराम डोडिया ने किया अतिथियों ने गोला पूजन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 22 विद्यालयों से चयनित 280 स्कूली छात्र-छात्रा शामिल हुए जिन्होंने दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न शारीरिक प्रतियोगिता चित्रकला, रंगोली, एकात्मता स्तोत्र एवं वंदे मातरम जैसी बौद्धिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये जाकर उनका सम्मान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान स्कूली बच्चों ने खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह का परिचय दिया।

## ब्राह्मण समाज जनों ने मनाया श्रावणी कर्म - मंत्रोच्चार के बीच धरण की गई जनेऊ बदली



**महिदपुर रोड।** शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व पर नगर के ब्राह्मण समाज जनों ने गोगापुर गांव के तालाब किनारे स्थित सरोवर पर श्रावणी कर्म कर नई जनेऊ का धारण किया पंडित पुरुषोत्तम भट्ट के सानिध्य में श्रावणी कर्म के दौरान के पंडित संतोष शर्मा, पंडित ओमप्रकाश शर्मा,पंडित हरिओम शर्मा, पंडित मिथिलेश शर्मा पंडित अरविंद उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के समाज जन उपस्थित रहे।

## गुरु माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के एक सौ वर्ष पूरे



**बड़नगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज तीर्थ हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखंड दीप शताब्दी वर्ष एवं वंदनिया गुरु माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के एक सौ वर्ष 2026 में पूरे होने पर विभिन्न प्रकल्पों में कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिसमें पांच/नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ, प्रज्ञा मंडलों का गठन नवरात्रि/मंत्र लेखन साधना, शांति कुंज में नियमित चलने वाले साधना प्रशिक्षण सत्र में भागीदारी भा. सं. ज्ञा. प. आयोजन, अखंड ज्योति, युग निर्माण पत्रिका सदस्य स्वास्थ्य आंदोलन स्वावलंबन आंदोलन, महिला जागृति अभियान, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी, श्रीराम ग्राम तीर्थ स्थापना युवा जोड़ो अभियान व्यसन मुक्ति- कुरीति उन्मूलन आंदोलन, पर्यावरण संरक्षण आंदोलन(स्वच्छता, वृक्षारोपण), ज्ञान घट, अन्न घट की स्थापना, आदि कार्यक्रमों में गायत्री परिजनों की भागीदारी पर चर्चा के लिए गायत्री शक्ति पीठ उज्जैन से जिला समन्वयक सदस्यों की टोली द्वारा मार्ग दर्शन दिया गया । गायत्री परिजनों द्वारा दिए गए संकल्पों को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण करना का बीड़ा उठाया है। उक्त जानकारी गायत्री परिवार के सुभाष गुप्ते द्वारा दी गई।

## नपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को विकास हेतु मांग पत्र सौंपा



**खाचरौद।** धार्मिक कार्यक्रम में खाचरौद पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा द्वारा नगर के विकास हेतु विभिन्न मांगों का मांग पत्र सौंपा। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि 28 अगस्त को नगर में पधारे मुख्यमंत्री मोहन यादव को नगर विकास हेतु विभिन्न योजनाओं को स्वीकृत करने हेतु 20 करोड़ की राशि के मांग पत्र सौंपे। नगर के अतिप्राचीन एवं जन जन की आस्था के केंद्र श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर उज्जैन की तर्ज पर श्री नीलकंठ लोक का निर्माण हेतु राशि रुपए 5 करोड़। नगर के मुख्य मार्गों रेलवे स्टेशन से पुराना बस स्टैंड, रतलाम रोड़ से खारी मीठी बावड़ी, नए बस स्टेण्ड से नागदा रोड़ बायपास, बड़नगर रोड़ से निजानंद धाम आश्रम चिरोला फंटा तक डिवाइडर निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण हेतु राशि रुपए 15 करोड़। भरावा ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आश्वस्त किया है कि नगर विकास में हर संभव सहायता प्रदान की जावेगी।

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर श्रावणी उपाकर्म

# हेमाद्रि संकल्प के साथ ऋषिपूजन, यज्ञोपवीत पूजन एवं हवन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारंगपुर स्थित कपिल मुनि की तपोभूमि एवं कालीसिंध नदी के तट पर श्रावणी उपाकर्म का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ। जिसमें मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कपिलेश्वर तीर्थधाम पहुंचकर माँ कालीसिंध के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई तथा विधि-विधान से श्रावणी उपाकर्म संपन्ना किया।

मंत्री डॉ. टेटवाल ने भगवान श्री कपिलेश्वर महादेव की पूजन-अर्चना कर हवन में आहुति दी और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रावणी उपाकर्म प्रत्येक सनातनी के लिए महत्वपूर्ण है। यह केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संस्कार और सदाचरण का संकल्प लेने का पर्व है।

मंत्री डॉ. टेटवाल ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म के तीन प्रमुख पक्ष प्रायश्चित संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय हैं। वैदिक परंपरा में श्रावणी पर्व को शरीर, मन और इंद्रियों की पवित्रता से जुड़ा पुण्य पर्व माना गया है। इस अवसर पर यज्ञोपवीत पूजन एवं उपनयन संस्कार का भी विधान है। इसके माध्यम से द्विजत्व के संकल्प का नवीनीकरण किया जाता है। मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने कहा कि परंपरागत रूप से तीर्थ अवगाहन, दशस्नान, हेमाद्रि संकल्प, तर्पण, ऋषिपूजन एवं यज्ञोपवीत पूजन जैसे कर्म किए जाते हैं। मान्यता है कि इन धार्मिक अनुष्ठानों से आत्मशुद्धि होती है और पितरों के तर्पण से उन्हें तृप्ति प्राप्त होती है।

श्रावणी पर्व हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और ऋषि-मुनियों की ज्ञान परंपरा से जोड़ता है। कपिलेश्वर तीर्थधाम कालीसिंध तट पर पंडित पवन पारीक, पंडित भूपेंद्र जोशी, पंडित कैलाश शर्मा एवं पंडित बालकृष्ण शर्मा के सानिध्य में हेमाद्रि स्नान एवं संकल्प कराया गया। स्नान के पश्चात ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन संपन्ना हुआ। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वेद, पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा सहित बडी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कालीसिंध तट पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया।



**सदाचार और संयम का लिया संकल्प**

मंत्री ने कहा कि श्रावणी उपाकर्म व्यक्ति को अपने आचरण का आत्मावलोकन करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पाप-निवारण के लिए पातक, उपपातक एवं महापातक कर्मों से बचने, परद्रव्य का अपहरण नहीं करने, परनिंदा से दूर रहने, आहार-विहार में संयम रखने, हिंसा से बचने, इंद्रियों पर नियंत्रण रखने तथा सदाचरण करने का संकल्प लिया जाता है। सनातन संस्कृति में पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन को संस्कारित करने और समाज को सन्मार्ग की ओर ले जाने का माध्यम हैं।

# पीसी की रीसेट से अलग हुए ओरलैंडो

शूटिंग से ठीक पहले लिया फैसला






प्रियंका चोपड़ा और ओरलैंडो ब्लूम की फिल्म 'रीसेट' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओरलैंडो ब्लूम ने शूटिंग शुरू होने से कुछ दिन पहले ही फिल्म से दूरी बना ली है। ओरलैंडो फिल्म में प्रियंका के साथ अभिनय करने के अलावा को-प्रोड्यूसर भी थे और प्री-प्रोडक्शन से जुड़े हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, अब मेकर्स उनके किरदार के लिए तीन एक्टर्स पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की फंडिंग और इंटरनेशनल डिस्ट्रीब्यूशन प्लान में भी ओरलैंडो की अहम भूमिका बताई जा रही है। प्रियंका चोपड़ा जोनस फिल्म की प्रोड्यूसर हैं और कथित तौर पर नए एक्टर के चयन का अंतिम फैसला वही करेंगी। वर्कफ्रंट पर प्रियंका एसएस राजामौली की 'वाराणसी', 'सिटाडेल' सीजन 2 और हॉलीवुड फिल्म 'ब्लूफ्लाई' में नजर आएंगी।

# अमाल मलिक ने क्यों लिया ब्रेक?



अमाल मलिक ने फिल्मी म्यूजिक से करीब एक साल का ब्रेक लेने का ऐलान किया है। यह घोषणा 'आवारापन 2' के गाने 'ये आवारापन' को लेकर चल रहे विवाद और उनकी हालिया भावुक पोस्ट्स के बीच हुई है। अमाल ने 27 अगस्त को पर लिखा कि वह फिलहाल अपने मन, शरीर, आत्मा और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद को संभालने, रिकवर करने और फिर नए जोश के साथ लौटने के लिए समय चाहिए। उन्होंने साफ किया कि अगले साल तक वह कोई नया फिल्मी म्यूजिक नहीं करेंगे। उन्होंने अपनी पोस्ट का अंत 'अब मुझे विदा करो' कहते हुए किया और भरोसा दिलाया कि वह वापस लौटेंगे। बता दें कि कुछ दिन पहले अमाल ने 'ये आवारापन' पर लंबा पोस्ट लिखा था। उन्होंने दावा किया था कि गाने के खिलाफ पेड पीआर कैंपेन चलाया जा रहा है।

## शूटिंग से ठीक पहले लिया फैसला



# टॉक्सिक के नेगेटिव रिव्यू पर कानूनी नोटिस

यश स्टारर फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज के दो दिन बाद ही कानूनी विवाद में घिर गई है। फिल्म के कुछ नेगेटिव रिव्यू करने वाले यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को कथित तौर पर मेकर्स की ओर से लीगल नोटिस भेजे गए हैं। फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यूट्यूबर सूरज कुमार ने सोशल मीडिया पर लीगल नोटिस का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोटिस बेंगलुरु की कंपनी ऐप्लेक्स सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से भेजा गया है। किए जा रहे कुछ कंटेंट पर आपत्ति जताई गई है। बताया गया है कि इसमें सूरज कुमार द्वारा रिलीज के दिन पोस्ट किए गए 'टॉक्सिक' रिव्यू का यूआरएल भी शामिल है। हालांकि, नोटिस के बाद भी उनका वीडियो ऑनलाइन उपलब्ध बताया जा रहा है। एक अन्य यूट्यूबर प्रशांत रंगास्वामी तथा एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को भी फिल्म पर नेगेटिव रिव्यू पोस्ट करने के कुछ घंटों बाद कथित तौर पर कानूनी नोटिस मिलने की बात सामने आई हैं।

# शूटिंग पर लौटे कार्तिक

## श्रीलीला संग कर रहे रोमांस



घुटने की सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद अभिनेता कार्तिक आर्यन ने काम पर वापसी कर ली है। एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान लगी चोट के बाद कार्तिक की सर्जरी हुई थी। अब वह निर्देशक अनुराग बसु की अगली रोमांटिक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक इन दिनों मुंबई के फिल्म सिटी में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। उनकी रिकवरी को देखते हुए फिलहाल ऐसे दृश्यों की शूटिंग की जा रही है, जिनमें ज्यादा शारीरिक मेहनत की जरूरत नहीं है। उनके क्लोज-अप और कम मूवमेंट वाले सीन पहले शूट किए जा रहे हैं। इस अनटाइटल्ड फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। कार्तिक को निर्देशक कबीर खान की आगामी स्पोर्टस ड्रामा फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

# मनोज बाजपेयी ने खरीदी 4.45 एकड़ खेती

बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने महाराष्ट्र के पुणे जिले में 4.45 एकड़ कृषि भूमि खरीदी है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों के मुताबिक, मुल्शी तालुका के तेलबेल गांव में स्थित इस जमीन के लिए उन्होंने 1.37 करोड़ का भुगतान किया है। जमीन की रजिस्ट्री 25 अगस्त 2026 को हुई। इसके लिए अभिनेता ने करीब 6.86 लाख स्टांप ड्यूटी और 30 हजार रजिस्ट्रेशन फीस चुकाई। रिपोर्ट के अनुसार, यह कृषि भूमि उन्होंने विमलचंद खिमराज जैन से खरीदी है। मनोज बाजपेयी इससे पहले भी रियल एस्टेट में निवेश कर चुके हैं। 2023 में उन्होंने मुंबई के ओशिवारा में करीब 32 करोड़ में चार कमर्शियल यूनिट्स खरीदी थीं। तीन दशक से ज्यादा लंबे करियर में चार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' को लेकर भी चर्चा में हैं। फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है और यह 11 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।

# 'अथिमनोहरम' का फर्स्ट लुक जारी

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की अगली फिल्म 'अथिमनोहरम' का फर्स्ट लुक ओणम के मौके पर जारी हो गया है। पोस्टर में मोहनलाल पुलिस की वर्दी में बुलेट मोटरसाइकिल पर नजर आ रहे हैं। लंबे समय बाद उनका यह 'सुपर कॉप' अवतार फैंस को खासा पसंद आ रहा है। माना जा रहा है कि फिल्म क्राइम थ्रिलर होगी, जिसमें मोहनलाल एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। फिल्म में जगदीश, सिद्दीकी, मनोज के। जयन, भामा अरुण और बीना पप्पू भी अहम भूमिकाओं में हैं। 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली 'अथिमनोहरम' का बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की 'किंग' से मुकाबला होगा।

Sport

# नीरज चोपड़ा एशियन गेम्स से बाहर, ट्रेनिंग के दौरान टखने का लिगामेंट फटा

## डायमंड लीग फाइनल और वर्ल्ड अल्टीमेट चैंपियनशिप भी नहीं खेलेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स से बाहर हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। चोपड़ा ने पोस्ट में लिखा, लॉजेन डायमंड लीग में सीजन का बेस्ट थ्रो करने के कुछ समय बाद ट्रेनिंग के दौरान टखने में चोट लगी। इससे लिगामेंट फट गया।

इस चोट के कारण नीरज 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसके अलावा 11 से 13 सितंबर तक बुडापेस्ट में होने वाली पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप से भी बाहर रहेंगे। नीरज ने कहा कि काफी मेहनत के बाद उन्हें लग रहा था कि वे अपनी लय हासिल कर रहे हैं। लॉजेन में 88.05 मीटर का थ्रो भी इसी का संकेत था।



नीरज ने लॉजेन डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को ही डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। उन्होंने इस सीजन में दो डायमंड लीग मुकाबले खेले और दोनों में दूसरे स्थान पर रहे। 19 जून को दोहा और 21 अगस्त को लॉजेन में दूसरे स्थान पर रहने से उन्हें कुल 12 अंक मिले। वे स्टैंडिंग में छठे स्थान पर रहे और 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। अब टखने की चोट के कारण वे इस फाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

# पूर्व इंग्लिश कप्तान बोले- 3 दिन में खत्म होने वाले मैच 20 प्रतिशत हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथर्टन ने टेस्ट मैचों के जल्दी खत्म होने की 4 वजह बताई है। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में करीब 7% टेस्ट तीन दिन या उससे कम में खत्म होते थे। अब यह आंकड़ा 20% तक पहुंच गया है। पिछले 10 साल में 9 टेस्ट दो दिन में खत्म हुए हैं, जबकि 1946 से 2000 के बीच ऐसा एक बार भी नहीं हुआ।

स्काई स्पोर्ट्स के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 के दशक में सिर्फ 41.43% टेस्ट पांचवें दिन तक चले। 1970 के दशक में यह आंकड़ा 77.65% था। वहीं 2010 के दशक में 54.76% टेस्ट पांचवें दिन तक पहुंचे थे। इसके उलट, मौजूदा दशक में 23% टेस्ट दो या तीन दिन में खत्म हुए। 1970 के दशक में ऐसा सिर्फ 2.79% मुकाबलों में हुआ था।

एथर्टन ने टेस्ट मैच जल्दी खत्म होने की पहली वजह टी-20 क्रिकेट को बताया। उनके मुताबिक, टी-20 के असर से बल्लेबाज अब ज्यादा जोखिम लेते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा जोखिम लेने से आउट होने की संभावना भी बढ़ती है। इससे टेस्ट मैच तेजी से खत्म होने लगे हैं।

एथर्टन ने मौजूदा दौर में अच्छे तेज गेंदबाजों की संख्या को भी एक कारण बताया। उनके मुताबिक, इस समय हर टीम में कम से कम दो अच्छे पेसर हैं। एथर्टन की यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच मैकाय में खेले गए टेस्ट के दो दिन में खत्म होने के बाद आई। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच लीड्स टेस्ट भी तीन दिन के भीतर खत्म हुआ था।

## नैनो न्यूज

- **भारत की राह मुश्किल** – श्रीलंका से ड्रॉ के बाद भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह पर दबाव बढ़ गया है।
- **पोलार्ड ने बनाया रिकॉर्ड** – कीरोन पोलार्ड ने 26 गेंदों पर 65 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड फिर अपने नाम कर लिया।
- **आर्यवीर सहवाग टीम में** – वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की अंडर-19 टीम में जगह मिली है।
- **अर्शदीप की टेस्ट इच्छा** – भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहते हैं।
- **महिला हॉकी का जर्मनी से मुकाबला** – भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व कप में पांचवें स्थान के मुकाबले में जर्मनी से भिड़ेगी। जीत भारत का 52 साल बाद सर्वश्रेष्ठ विश्व कप प्रदर्शन होगा।
- **हॉकी लीग पर संकट** – कप्तान सविता पूनिया ने महिला हॉकी इंडिया लीग के भविष्य को लेकर चिंता जताते हुए लीग जारी रखने की मांग की।
- **भारत में फुटबॉल का बड़ा शेड्यूल** – भारत अक्टूबर में ब्राजील, पनामा और उरुग्वे जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ घरेलू अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा।
- **चैंपियंस लीग ड्रॉ की तैयारी** – चैंपियंस लीग 2026-27 के लीग-फेज ड्रॉ को लेकर टीमों और संभावित मुकाबलों की तस्वीर साफ होने लगी है।

# कप्तानी जाने पर पहली बार सूर्यकुमार बोले, डेढ़ महीने सोचता रहा ऐसा कैसे हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली बार कप्तानी छिनने पर बात की। उन्होंने कहा, मैं करीब डेढ़ महीने तक घर बैठकर सोचता रहा कि ऐसा कैसे हो सकता है। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के यूट्यूब चैनल पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि वे 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक और अगले टी-20 वर्ल्ड कप तक टीम की कप्तानी करेंगे।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया और श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया। यहां तक आयरलैंड और इंग्लैंड दौरों की टीमों में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। सिलेक्टर्स ने उनके खराब फॉर्म को वजह बताया। सूर्यकुमार ने बताया



कि टीम से बाहर किए जाने पर खुद को सिलेक्टर्स की जगह रखकर सोचा। समझने की कोशिश की कि वे उनसे आगे बढ़कर भविष्य के लिए नई टीम क्यों बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा- जब मेरा नाम टीम में नहीं था, तब मैं मुस्कुराया। मैच के दौरान जब भी दबाव की स्थिति आई, मैंने खुद को शांत रखने की कोशिश की।

## सूर्या बोले- फोन पर सिलेक्टर्स ने कहा आप टीम में नहीं होंगे

सूर्या ने कहा कि टीम के ऐलान से तीन दिन पहले सिलेक्शन कमेटी ने मुझसे बात की थी। मुझे बताया गया था, 'इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में मेरा नाम नहीं होगा। अब आगे बढ़ने का समय है। मैंने रिएक्ट नहीं किया, क्योंकि इसमें मेरी गलती नहीं थी।'

इस पर सूर्या ने सिलेक्टर्स से कहा- 'जो फैसला लिया गया, वह निश्चित ही टीम के लिए बेहतर होगा। आपने फैसला लिया और मुझे बता दिया। कोई समस्या नहीं है। मैं खेलता रहूंगा। जब आपको लगे कि सही समय है, तब बुला लीजिए।' सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने इसी साल 8 मार्च को टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।

**दुकान बेचना है**

प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट

मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता- **योग्यता-** B.ED/D.ED/Deled **वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।

संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी

संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में **1.** 700, sqft शॉप मेन रोड, **2.** 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, **3.** 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, **4.** 2,लाख किराए पर लगे बैंक, **5.** हॉस्टल विष्णुपुर में, **6.** शोरूम विजय नगर में, **7.** 1200,sqft रानी बाग में **8.** 1500,sqft इंद्रपुरी में **9.** रेस्टोरेंट विजय नगर में, **10।** लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**

**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### शादी का बोलकर 8 दिन तक नाबालिग से किया रेप

**धार।** धार जिले के राजगढ़ में एक किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी द्वारा अचानक संपर्क तोड़ लेने से आहत होकर पीड़िता ने अमझेरा तालाब में कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की। हालांकि, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की सूझबूझ से उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता पिछले करीब दो साल से धार जिले के उमरिया बड़ा निवासी निलेश डावर के संपर्क में थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई।

### 14 दिन से बारिश नहीं हुई सोयाबीन पर पड़ेगा असर

**धार।** धार शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले 14 दिनों से बारिश नहीं हुई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में नमी कम होने लगी है और किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के अभाव में जलस्त्रोतों पर भी असर दिख रहा है। कई तालाबों में पानी की आवक नहीं हुई है, जिससे वे खाली पड़े हैं। छोटे जलस्त्रोत और तलाई भी सूखने की कगार पर हैं। इसके साथ ही, तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। किसानों के अनुसार, फिलहाल सोयाबीन की फसल की स्थिति ठीक है, लेकिन यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो फसल प्रभावित हो सकती है। सोयाबीन के लिए पर्याप्त नमी आवश्यक है, और बारिश का लंबा अंतराल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

### 70 करोड़ की एमडी ड्रग्स मामले में आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** साल 2021 के बहुचर्चित 70 किलो एमडी ड्रग्स के मामले में फरार आरोपी अकरम (40) पिता असलम खान निवासी महाराष्ट्र को क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया। लंबे समय से क्राइम ब्रांच को उसकी तलाश थी। शनिवार को क्राइम ब्रांच ने मामले का खुलासा किया। दरअसल, 70 किलो एमडी ड्रग्स की डील और 13 लाख 3 हजार 650 रुपए बरामदगी मामले में टीम लंबे समय से अकरम की तलाश में जुटी थी। अकरम के खिलाफ महाराष्ट्र में गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज है। वह स्क्रैप का काम करता है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने 6 जनवरी 2021 को मेफेड्रोन (एम.डी.ड्रग्स) की डील के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## पराग स्वीट्स की गुजिया में फंगस मिला



**मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए जाने पर फैक्ट्री में नष्ट की गई**

**धार।** धार की प्रसिद्ध मिठाई दुकान पराग स्वीट्स की फैक्ट्री में प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान फैक्ट्री में रखी गुजिया में फंगस पाया गया। अधिकारियों ने इसे मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त मानते हुए जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखकर मौके पर ही नष्ट करा दिया। निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और संबंधित अधिकारियों की टीम ने किया। टीम ने फैक्ट्री में खाद्य पदार्थों के रखरखाव, स्वच्छता और भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया। फंगस लगी गुजिया मिलने के बाद अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे नष्ट कराया। टीम ने प्रतिष्ठान संचालक को खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने संचालक से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने और खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही खाद्य पदार्थों को निर्धारित परिस्थितियों में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। इस मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नैनो न्यूज

- **सराफा बाजार में बड़ी कार्रवाई –** डीआरआई ने विदेशी सोने की तस्करी के मामले में दो सराफा कारोबारियों, पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया। करीब 3 किलो विदेशी सोने का मामला सामने आया है।
- **सोना-चांदी के भाव में हलचल –** आज इंदौर समेत प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव जारी रहा। सराफा कारोबारियों की नजर अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुख पर है।
- **दलहन कारोबारियों की मंडी शुल्क हटाने की मांग –** इंदौर में बाहर से आने वाली मसूर, उड़द और मूंग पर मंडी शुल्क हटाने की मांग उठी है। मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर चर्चा हुई।
- **राखी से बाजार में रौनक –** इंदौर के बाजारों में रक्षाबंधन के चलते राखी, मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर अच्छी खरीदारी हुई। कारोबारियों को त्योहारी बिक्री से राहत मिली।
- **उद्योग संगठनों की गतिविधियां –** इंदौर में उद्योगों से जुड़े संगठनों के स्तर पर कारोबार और औद्योगिक गतिविधियों से जुड़े मुद्दे लगातार उठाए जा रहे हैं।
- **कपड़ा बाजार में कारोबार जारी –** इंदौर का क्लॉथ मार्केट शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में बना हुआ है और त्योहारी सीजन में कपड़ा कारोबार पर विशेष नजर है।

सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में बड़ा बांगड़दा और नैनोद स्थित जेएनएनयूआरएम मल्टियों की स्थिति होती जा रही बदहाल

# 2,012 फ्लैटों में रहते हैं परिवार, दीवारों में दरारें, निगम से मरम्मत की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में बड़ा बांगड़दा और नैनोद स्थित जेएनएनयूआरएम मल्टियों की स्थिति बदहाल होती जा रही है। इमारतों में जगह-जगह मरम्मत की जरूरत है, वहीं कई मूलभूत सुविधाओं को लेकर रहवासी भी परेशान हैं। इन समस्याओं को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं।

अब मल्टियों की मरम्मत और अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर लहूजी शक्ति सेना मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनिल साठे ने नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा।



**नगर निगम के कर्मचारी भी रहते हैं**

साठे के मुताबिक, दोनों मल्टियों में 700 से ज्यादा नगर निगम के मस्टर कर्मचारी और 800 से अधिक रेगपिकर्स, कचरा संग्रहण व स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मचारी अपने परिवारों के साथ रहते हैं। ये कर्मचारी शहर की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन खुद बदहाल आवासीय स्थिति में रहने को मजबूर हैं।

साठे ने बताया कि इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 15, नया बसेरा-गांधी नगर क्षेत्र के अंतर्गत जेएनएनयूआरएम परियोजना में बड़ा बांगड़दा और नैनोद मल्टियों का निर्माण किया गया है। बड़ा बांगड़दा में 1,012 और नैनोद में करीब 1,000 फ्लैट हैं। दोनों मल्टियों में कुल लगभग 2,012 फ्लैट हैं, जिनमें बड़ी संख्या में परिवार रह रहे हैं।

साठे ने बताया कि बड़ा बांगड़दा मल्टियों की स्थिति ज्यादा खराब है। यहां कई जगह प्लास्टर उखड़ रहा है, दीवारों में दरारें हैं और सीढ़ियों की रेलिंग भी क्षतिग्रस्त है। इसके अलावा रंगाई-पुताई और अन्य जरूरी सिविल रिपेयरिंग कार्य की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को लेकर पहले भी नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर से मल्टियों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराने और रहवासियों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

भोजशाला में हनुमान चालीसा, खसरा 612 पर जुमे की नमाज

# रास्ते पर दरी बिछाकर नमाज की कोशिश रोकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के धार में शुक्रवार को भोजशाला परिसर और उससे सटी खसरा नंबर 612 की जमीन पर दोनों समुदायों के धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार मुस्लिम समुदाय ने खसरा नंबर 612 पर जुमे की नमाज अदा की, जबकि भोजशाला परिसर के अंदर हिंदू समुदाय ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

दोनों आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला और आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस बार जुमे की नमाज में शामिल होने वालों की संख्या पिछली बार की तुलना में अधिक नजर आई।

जुमे की नमाज के दौरान कुछ नमाजी खसरा नंबर 612 के पास स्थित रास्ते पर दरी बिछाकर नमाज पढ़ने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उन्हें रोकते हुए बताया कि यह रास्ता है और यहां नमाज अदा करने की अनुमति नहीं है। पुलिस के समझाने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निर्धारित स्थान पर ही नमाज अदा की और स्थिति सामान्य रही।





**नमाज के बाद कमाल मौला की दरगाह पहुंचे**

भोजशाला परिसर में हिंदू समुदाय की ओर से हनुमान चालीसा का पाठ भी शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जुमे की नमाज पूरी होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग कमाल मौला की दरगाह पहुंचे और सजदा किया। भोजशाला-खसरा नंबर 612 से जुड़े मामले में मुस्लिम समुदाय की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को निर्धारित है। प्रशासन ने दोनों आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया था।

# इंदौर के रेस्टोरेंट में मोमोज में रेंगती मिलीं इल्लियां

फ्रोजन मोमोज की बास्केट में भी मिलीं ग्राहक ने खाद्य विभाग से की शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर शहर में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर एक और शिकायत सामने आई है। सी-21 मॉल के पीछे डायमेंशन फर्नीचर के सामने स्थित वी-आर-वन रेस्टोरेंट में मोमोज में इल्लियां मिलने का मामला सामने आया है। मामले में शिकायतकर्ता दीपक मीणा ने खाद्य विभाग से शिकायत कर रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामला शुक्रवार शाम करीब 6.30 बजे का है। वे अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में मोमोज खाने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें मोमोज में इल्लियां रेंगती हुई दिखाई दीं। इस पर उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक सिद्धार्थ मालवीय और कर्मचारी सोनू पाल से शिकायत की। इस पर सोनू का कहना था कि हम मोमोज नहीं बनाते। हमारी कोई गलती नहीं है।

दीपक मीणा ने खाद्य विभाग को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि मोमोज में इल्लियां मिलने की बात बताने पर रेस्टोरेंट संचालक और कर्मचारी ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय उनके साथ बदतमीजी की। इसके बाद उन्होंने रेस्टोरेंट में रखी फ्रोजन मोमोज की बास्केट भी चेक की।

मीणा और उनके साथियों का कहना है कि फ्रोजन मोमोज की बास्केट में रखे अन्य मोमोज में भी इल्लियां रेंगती हुई मिलीं। इसके बाद ग्राहक ने मामले की जानकारी खाद्य विभाग को दी।

# स्ट्रोक के मरीजों के लिए बोटुलिनम इंजेक्शन से इलाज की नई उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

स्ट्रोक, पैरालिसिस और लकवे के बाद हाथ-पैर में जकड़न व मांसपेशियों के असामान्य रूप से खिंचाव की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए बोटुलिनम टॉक्सिन इंजेक्शन उपचार का एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, उचित मरीजों में इसका उपयोग मांसपेशियों की जकड़न कम करने और पुनर्वास को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि इस उपचार को लेकर मरीजों और आम लोगों में जागरूकता की कमी है। सही समय पर विशेषज्ञ की सलाह और फिजियोथेरेपी के साथ उपचार मिलने से कई मरीज अपनी दैनिक गतिविधियों में अधिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि स्ट्रोक के बाद हाथ-पैर में लगातार जकड़न या अकड़न की समस्या होने पर न्यूरोलॉजिस्ट या रिहैबिलिटेशन विशेषज्ञ से परामर्श लें। हालांकि, बोटुलिनम हर स्ट्रोक मरीज के लिए जरूरी या उपयुक्त नहीं होता; इसका निर्णय चिकित्सकीय जांच के बाद ही किया जाना चाहिए।



# इंदौर की लारा साड़ी कलेक्शन में कॉटन साड़ियों का नया कलेक्शन




दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

महिलाओं के लिए फैशन और आराम का संगम पेश करते हुए लारा साड़ी कलेक्शन ने साड़ियों का नया कलेक्शन प्रस्तुत किया है। कलेक्शन में साउथ कॉटन, पचमपल्ली, मीनाक्षी, झील, समुद्री और लीलन सहित विभिन्न वैरायटी की हल्की व आकर्षक साड़ियां शामिल हैं।

कलेक्शन की खासियत हल्का फैब्रिक, आरामदायक पहनावा और प्रीमियम फैंसी लुक बताया गया है। साड़ियां ऑफिस पार्टी, त्योहार और पारिवारिक आयोजनों के लिए उपयुक्त बताई गई हैं। लारा साड़ी कलेक्शन इंदौर से पूरे भारत में डिलीवरी की सुविधा भी दे रहा है। ऑर्डर के लिए इंस्टाग्राम और वाट्सअप नंबर 7566200070 पर संपर्क किया जा सकता है।

इंदौर रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस का प्रदर्शन

# चूहे-खटमलों के आतंक और गंदगी के खिलाफ घेराव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलू सेन, नीतिश भारद्वाज और लवेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन का घेराव किया।

प्रदर्शन के दौरान रेलवे अधिकारियों से व्यवस्था को लेकर तीखी नोकझोंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक व निदेशक के नाम क्षेत्रीय अधिकारी हरिराम मीणा और स्टेशन अधीक्षक रवि बदवर को ज्ञापन सौंपा।

एसी कोच में बुजुर्ग यात्री को चूहे के काटने का मुद्दा उठाया



**262 करोड़ के ठेके के बाद भी व्यवस्था पर सवाल**

कांग्रेस ने दावा किया कि जून 2026 में ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग और पेस्ट कंट्रोल का करीब 262 करोड़ रुपए का दो वर्षीय ठेका दिए जाने के बावजूद चूहों और कीटों की समस्या बनी हुई है। कांग्रेस नेताओं ने बंद एसी कोच में कीटनाशक स्प्रे किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे यात्रियों को सांस लेने में परेशानी हुई।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर बड़े दावे करता है, लेकिन ट्रेनों के एसी कोच में चूहे, कॉकरोच और खटमलों की समस्या बनी हुई है। नेताओं ने 80 वर्षीय बुजुर्ग यात्री को एसी कोच में सोते समय चूहे द्वारा नाक पर काटे जाने की घटना का हवाला देते हुए रेलवे की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। ट्रेनों में गंदे और बदबूदार बेडशीट, तकिए व कंबल मिलने का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

राखी में बहनों ने किया बस में फ्री सफर

# 56 हजार से ज्यादा महिलाओं की यात्रा इंटरसिटी बसों में सबसे ज्यादा भीड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

रक्षाबंधन पर भाई की कलाई पर राखी बांधने मायके जाने वाली बहनों के लिए एआईसीटीएसएल की मुफ्त बस यात्रा की सुविधा राहत लेकर आई। दो दिन तक महिलाओं को दी गई निःशुल्क यात्रा का 56 हजार से अधिक महिलाओं ने लाभ उठाया। इनमें करीब 50 हजार महिलाओं ने इंटरसिटी चार्टर बसों और 6 हजार से अधिक महिलाओं ने सिटी व आई-बस में बिना किराया सफर किया।

एआईसीटीएसएल की पीआरओ माला सिंह ठाकुर ने बताया कि रक्षाबंधन को देखते हुए महिलाओं के लिए 27 अगस्त सुबह 6 बजे से 29 अगस्त सुबह 6 बजे तक 48 घंटे मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई थी। इस दौरान इंदौर से दूसरे शहरों में जाने और अन्य शहरों से इंदौर आने वाली महिलाओं से किराया नहीं लिया गया।

इंदौर से भोपाल, उज्जैन, रतलाम, नीमच, मंदसौर, खरगोन, धार, झाबुआ, शाजापुर, गुना, अशोकनगर और ब्यावरा समेत प्रमुख मार्गों पर चलने वाली चार्टर बसों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सफर किया।

एआईसीटीएसएल के अनुसार सामान्य दिनों में सिटी बसों से रोजाना करीब 5 से 6 हजार यात्री सफर करते हैं। त्योहारों पर यह संख्या बढ़कर 8 से 9 हजार तक पहुंच जाती है। इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रहती है। वहीं, चार्टर बसों के रोजाना 150 से अधिक फेरे संचालित होते हैं।



**सुबह से बस स्टॉप पर बढ़ी महिलाओं की भीड़**

रक्षाबंधन के दिन सुबह से ही प्रमुख बस स्टॉप और मार्गों पर महिलाओं की आवाजाही बढ़ गई थी। मायके जाने वाली महिलाओं के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के आवागमन के कारण बसों में भीड़ रही। शहर के भीतर भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिटी और आई-बस में मुफ्त यात्रा का लाभ उठाया।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com